3 बस्तर संभाग
विपक्ष जमीन पर बैठ विरोध करता रहा और पास हो गया निगम...

6 अभिमत
राष्ट्र जीवन की गति का दिक्सूचक संविधान

10 संस्कारधानी
डीएमई के पास अटकी पड़ी है जांच , इधर जनता ने ...

11 छत्तीसगढ़
श्रम विरोधी काला कानून एवं किसान विरोधी बिल के...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 27 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 97 मूल्य 3.00 ₹

# धान पर बवाल, आफत की बारिश, सड़कों पर किसान

## देर से खरीदारी होने के कारण ग्रामीण इलाकों में कोचिए सक्रिय, औने-पौने दाम में कर रहे खरीदी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



बदलते मौसम के मिजाज ने डाली किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें, पिछली बार की तरह इस बार भी बदलते मौसम के कारण जहाँ किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ा था वही इस बार भी किसानों को ये भय सताने लगा है कि बेमौसम बारिश उनकी मेहनत पर पानी न फेर दे। फसल कटाई के बाद अभी भी कई किसानों की फसले खेत पर ही है ऐसे में अगर बेसमय बारिश होने से जिस तरह खरीफफसल के समय उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ा था वही स्थिति इस बार पुनः बनते नजर आ रही हैं,, वही इस बार भी प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की तारीख 1 दिसम्बर तय किया गया है,, जिसका फायदा कोचिये गाव गांव घूम कर उठा रहे हैं,, एक तरफ कोरोना की मार वही धान खरीदी देरी से शुरू होने से इसका सीधा असर अब किसानों पर पड़ने लगा है।

**शाम होते ही बसरे बादल** - विगत दो तीन दिनो से जारी बदली के बाद आज शाम होते ही बारिष शुरू हो गई ठंडी हवाओ ने मौसम की ठंडक हो और बडा दिया।

**क्षेत्र में दिखने लगा कोचियों का दबदबा** - अर्ली वेरायटी का धान जहां अक्टूबर के अंतिम चरण में कटना शुरू हो चुका था जिसको देखते हुए कोचिये सक्रिय हो चुके हैं,, जो किसानों से कम कीमत में धान ले कर बाहर मंडियों में ज्यादा कीमत में बेचते हैं,, सरकार जहा बिचोलियों को रोकने का राग अलापती रही है, किन्तु जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है बिचोलियों के बढ़ते वर्चस्व के आगे अब प्रशासन भी बौना साबित होता जा रहा है।

**पूर्ण हुआ किसानों का पंजीयन** - सोसायटियों में धान बेचने वाले किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है,, इस बार लगभग 82 हजार 481 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की शुरूआत 1 दिसंबर से होनी है इसके लिए 27 नवंबर से किसानों को टोकन का वितरण किया जाना है। यह दृश्य राजनांदगांव जिले के ग्राम सोमनी सोसाइटी का है। टोकन लेने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ गई है। जिले में धान विक्रय करने वाले किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। राजनांदगांव जिले में करीब 1 लाख 95 हजार किसानों का धान खरीदा जाएगा। सैकड़ों की संख्या में सोसाइटी में किसानों के पहुंचने से अफरा-तफरी रहा। बढ़ती भीड़ को देख कर्मचारियों ने खरीदी केंद्र के बाहर का गेट बंद कर दिया। पंजीयन और टोकन को लेकर सोसाइटी पहुंचे किसानों ने गेट बंद करने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

## मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग पर चक्काजाम की चेतावनी




पायनियर संवाददाता < मैनपुर
www.dailypioneer.com

मैनपुर तहसील मुख्यालय से तीन किमी दूर ग्राम घौरघाट में नया धान उपार्जन केंद्र की मांग को लेकर किसानों में रोष दिखाई दे रहा है। सैकड़ों किसानों ने बैठक कर निर्णय लिया कि गौरघाट में जल्द से जल्द नया धान उपार्जन केंद्र खोला जाए। इस मांग को लेकर ग्राम पंचायत गोपालपुर, ग्राम पंचायत देहागुड़ा, दबनई तथा आश्रिम कई गांवों के सैकड़ों किसान 27 नवंबर को मैनपुर-गरियाबंद-रायपुर नेशनल हाइवे मार्ग में गौरघाट के पास चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में ज्ञापन भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर, तहसीलदार एवं थाना मैनपुर किसानों के द्वारा दिया गया है।

## सैकडों किसान पहुंचे राजभवन

- पुलिस ने रोका, न्यूनतम गारंटी मूल्य कानून न बनान, दो साल का बोनस बाकी
- चना गेंहू आदि उपजों की सरकारी खरीदी का वायदा पूरी नहीं होने से नाराज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से राजभवन घेरने के लिये रायपुर आये सैकड़ों किसानों ने प्रेस क्लब के पास से रैली के रूप में राजभवन की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारी किसान राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाकर असंतोष को व्यक्त कर रहे थे, किसानों हाथों में मांगों से संबंधित तख्तियां और झंडे थे, दरगाह के समीप बेरिकेट लगाकर पुलिस ने किसानों को राजभवन की ओर जाने से रोक दिया। प्रदर्शनकारी किसान केंद्र सरकार के तीन कानूनों को विरोध कर रहे थे और स्वामीनाथन आयोग के लागत सी-2 पर 50प्रतिशत लाभ जोड़कर कृषि उपजों का न्यूनतम गारंटी मूल्य कानून बनाने की मांग कर रहे हैं । इसके अलावा किसान राज्य सरकार से इस बात से असंतुष्ट हैं कि दो साल का बाकी बोनस देने और चना गेंहू आदि उपजों की सरकारी खरीदी करने का वायदा आज तक पूरा नहीं किया है, किसान राज्य सरकार से प्रति एकड़ 20 क्वि. की दर से धान की खरीदी करने, राजाव गांधी किसान न्याय योजना में सभी किसानों को शामिल करने और प्रति एकड़ 10 हजार रू. आदान की राशि जून माह तक एक मुश्त प्रदान करने और गैर बोर वाले किसानों को भी सिंचाई पंपों को दी जाने वाली बिजली सब्सिडी के बराबर की राशि देने की मांग भी कर रहे थे । प्रदेश के किसानों के रायपुर आने की पूर्व सूचना होने के बावजूद, राज्यपाल ने किसान प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट के लिये 5 मिनट का समय भी नहीं दिया और किसान प्रतिनिधियों को राजभवन के सचिवालय में ग्यापन सौंपने का संदेश दिया जिसे किसानों ने ठुकरा दिया किसान इस बात पर अड़ गये कि जब ज्ञापन अधिकारी को ही देना है, तब राजभवन का कोई अधिकारी आकर उनका ज्ञापन ले, बाद में नायब तहसीलदार सोनकर ने किसानों का प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम अलग अलग ज्ञापनों को लिया।


प्रदर्शन में किसान संगठन के केंद्रीय नेताओं राजकुमार गुप्त, आई के वर्मा, झबेंद्र भूषण वैष्णव, दुर्ग जिला के उत्तम चंद्राकर, परमानंद यादव, बद्रीप्रसाद पारकर, बाबूलाल साहू, बंशी देवांगन,पुकेश्वर साहु संतु पटेल, गिरीश दिल्लीवार, पूरन साहू, शंकरराव,अमित हिरवानी,नेतराम, लोकेश,देवशरन साहू,सुमरन साहू ,बलकरण वर्मा, बेमेतरा जिला के रामसहाय वर्मा, पंचम साहू, उमाशंकर साहू, कांकेर जिला के एस आर नेताम, छत्तीसगढ़ी किसान समाज के सुबोध देव आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

**नये मामले बढ़ने का सिलसिला जारी**

## निवार चक्रवात : रायलसीमा, तटीय आंध्र जिलों में बारिश का कहर, एक मरा

वार्ता < विजयवाड़ा
www.dailypioneer.com

आंध्र प्रदेश के चित्तूर, नेल्लोर, कडापा और प्रकाशम जिलों में गुरुवार को चक्रवाती तूफान निवार ने कहर बरपाया है। तूफान से लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण तूफान से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गयी, सैंकड़ों बिजली के खम्भे उखड़ गए और कई गांवों का सड़कों से संपर्क टूट गया है। नेल्लोर जिले में एक व्यक्ति पर हाई टेंशन बिजली का तार टूट कर गिरने से उसकी झुलस कर मौत हो गयी। मृतक की पहचान अब्दुल रजाक के रूप में हुई है। नेल्लोर और कडपा जिलों में भारी बारिश कें काारण कई जल धाराएं, नहरों और नालों में पानी ऊफान पर है जबकि सिंचाई के काम में आने वाले सभी टैंक पानी से भर गये है। चक्रवाती तूफान के मद्देनजर दो जिलों में छह हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। नेल्लोर जिले में वेंकटगिरी-रापूर रोड पर स्थित एक पुल भारी बाढ़ के कारण टूट गया है। अधिकारी पुल से किसी भी वाहन को गजुरने की अनुमति नहीं दे रहे है, अभी तक किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।



नेल्लोर और कडपा दोनों जिलों में तूफान के कारण सैंकड़ों बिजली के खंभे और पेड़ उखड़ गए है जिसके कारण कई गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। दोनों जिलों में भारी बारिश के कारण कई स्थानों में सड़कों और राज्य राजमार्ग पर घुटने तक पानी जमा हो गया है। इससे सामान्य जीवन काफी प्रभावित हुआ है। मंत्री पी अनिल कुमार यादव, एम गौतम रेड्डी और जिला कलेक्टर चक्रधर बाबू ने नेल्लोर जिले में आज बारिश से प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दोनों जिलों में चक्रवाती तूफान के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थानों में सोमवार तक छुट्टी की घोषणा की गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिलों में 1600 से अधिक सिंचाई टैंक पानी से लबालब भरे हुए हैं। कडपा जिले के रेलवे कोडूरु मंडल में बालापल्ली-कुक्कालाडोड्डी के बीच 50 मीटर से अधिक लंबा राजमार्ग बह गया है, जिससे कडप्पा-तिरुपति के बीच सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। जिले में भारी बारिश के कारण गुंजा नदी उफान पर है। कडप्पा जिले में रेलवे के कोडुरु, राजमपेट, रायचोटी के कई रिहायशी इलाके दो-दो फुट से अधिक पानी से डूबे हुए हैं। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कृष्णा, गंटूर और पश्चिम गोदावरी जिलों में पानी भर गया और हजारों एकड़ में खड़ी धान की फसल नष्ट हो गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि लाखों एकड़ में लगी धान की फसल बेमौसम बारिश के कारण खराब हो गई है।

## शिक्षा प्रणाली समग्र, पूर्ण और मूल्य आधारित बने : नायडू

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने गुरूवार को विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा प्रणाली का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए और इसे अधिक मूल्य आधारित, समग्र तथा पूर्ण बनाया जाना चाहिए।

श्री नायडू ने सिक्किम के आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के 13वें ई-दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों को समग्र वैदिक शिक्षा प्रणाली से प्रेरणा लेनी चाहिए और नई शिक्षा नीति की परिकल्पना को समझना चाहिए।

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के कथनों को उद्धृत करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी शिक्षा जो मूल्यों से रहित हो, वह सच्ची शिक्षा नहीं है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों से यह उम्मीद की जाती है कि वे छात्रों का विकास ऐसे मनुष्य के रूप में करें, जो सिर्फ डिग्रीधारक नहीं, बल्कि संवेदनशील हों।' उन्होंने कहा कि अक्सर धन प्राप्त करने की दौड़ में इस पहलू की उपेक्षा कर दी जाती है।

जलवायु परिवर्तन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए जो समग्र समाधान सुझाए जाएं, उनमें मूल्य आधारित शिक्षा और प्रकृति का सम्मान शामिल होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती से निपटने के लिए नये रक्षात्मक और नवाचार युक्त समाधान सुझाने के लिए हमें अपने इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों को बेहतर क्षमताओं से लैस करना होगा। उन्होंने आगाह किया कि हालांकि किसी भी प्राकृतिक विपदा को मानवीय हस्तक्षेप से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, लेकिन हमें उसके प्रभाव को कम से कम करना है।

# व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करना हमारे संविधान का अंतिम लक्ष्य : मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वेबिनार में अपने संदेश में कहा कि व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करना हमारे संविधान का अंतिम लक्ष्य है। हम सबको यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने महान संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। जब तक हमारा संविधान सुरक्षित है तभी तक हमारा देश और यहां रहने वाला हर व्यक्ति और उसका भविष्य सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी और संविधान निर्माताओं को नमन किया। वेबिनार का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक और पालक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नई पीढ़ी के मन में अपने संविधान के प्रति आस्था और गौरव का भाव जगाने के लिए छत्तीसगढ़ के स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना के वाचन और संविधान के महत्वपूर्ण अंशों पर चर्चा की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित समस्त संविधान निर्माताओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे महान नेताओं राष्टपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद और डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे मनिषियों ने यह सुनिश्चित किया कि हमारा देश अपने संविधान पर चलेगा। हमारा संविधान हम सब भारतीय मिलकर बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माण में देश के हर वर्ग, हर समाज और हर क्षेत्र के विचारकों, चिंतकों और विधि विशेषज्ञों की भूमिका रही। गौरवशाली संविधान बनाने का काम पूरा करते हुए 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने इसे अंगीकार कर लिया, इसलिए आज का दिन संविधान दिवस कहलाया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान की रचना उदारता और समग्रता के साथ की गई, उसमें न सिर्फ संविधान निर्माण प्रक्रिया में शामिल सभी लागों को भावनात्मक रूप से जोड़ा गया, बल्कि आने वाली पीढियों और जन-जन को, यह संविधान अपनेपन से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसे हम भारत के लोगों ने स्वयं बनाया और स्वयं समर्पित किया है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का पठन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी अपने संविधान में बताए गए रास्ते पर चलने के लिए संकल्पबद्व हो। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बेबीनार में अपने संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्कूलों में प्रार्थना के दौरान संविधान के विषय में चर्चा की जाए, ताकि लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विद्यालय की व्यवस्था संचालन में बच्चों की भूमिका सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि संविधान महज एक किताब नहीं, वरन वह भारत की आत्मा है। संविधान देश का सर्वोच्च कानून होता है। मंत्री डॉ. टेकाम ने शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना संकट के दौरान और बाद में अपनी पढ़ाई को जारी रखने के लिए अपना नियम, कानून या संविधान बनाए और सभी मिलकर अपने स्कूल या क्षेत्र में इसका पालन करे। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय जितेन्द्र शुक्ला ने बेबीनार को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में शासन के मंत्रियों की तरह बच्चों को मंत्री बनाया जाए तथा उन्हें तदनुरूप भूमिका भी प्रदान की जाए।

# राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना का किया पठन




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन में संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। इस प्रस्तावना में कहा गया है कि 'हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा इसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर 26 नवंबर 1949 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।' इस अवसर पर राज्यपाल के परिसहायद्वय श्री त्रिलोक बंसल एवं मेजर सिद्धार्थ सिंह, राज्यपाल के निज सचिव श्री जितेन्द्र कुमार सोलंकी उपस्थित थे।

## विद्युत कर्मियों ने किया संविधान प्रस्तावना का वाचन

# राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखें अक्षुण्णः कुमार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के विभिन्न कार्यालयों के विभाग प्रमुख सहित संविधान की प्रस्तावना का वाचन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया गया। विद्युत सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार के साथ उनके कार्यालय के विद्युत कर्मियों ने सामूहिक रूप से ''भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाये रखने का संकल्प लिया। गुढ़ियारी स्थित स्काडा/डी.एम.एस. कंटोल सेंटर गुढ़ियारी में कार्यपालन अभियंता एन.बिम्बिसार, ए.एम.आर. सेलके, ए.के. गोपावार के साथ कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन करते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखण्डता, सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक न्याय को बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हुए संविधान को अंगीकृत एवं आत्मार्पित करने की पक्तियों का पठन किया।

## शिक्षिका रीता मंडल का डाक टिकट जारी



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार तथा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के अंतर्गत ज्ञानदीप पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका विकास खंड धरसींवा, रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी रीता मंडल का दीपावली के पावन अवसर पर विश्व शांति दूत डॉ सुधीर तारे ने डाक टिकट मुम्बई से इंडियन पोस्टल सर्विसेज के द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि है विश्व शांति अभियान में हाल ही में रीता मंडल का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार तथा उनकी शाला तथा विकासखंड के समस्त शिक्षक उल्लासित है।

# मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहलः बेन हेमरेज के मरीज के इलाज के लिए मिली एक लाख रूपए की सहायता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर जिले में लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में घायल मरीज के इलाज के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल एक लाख रूपए की सहायता मंजूर की है। मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल के लिए परिवार के लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

बिलासपुर जिले के विकासखंड तखतपुर निवासी भगवती यादव ने बताया कि ढाई वर्ष पूर्व उनके बेटे जय यादव को सड़क दुर्घटना के कारण ब्रेन हेमरेज हो गया। श्रीमती भगवती यादव की पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं है। उनके बेटे की आय से ही परिवार का खर्च चलता था, लेकिन दुर्घटना के बाद परिवार की माली स्थिति और खराब होती गई। भगवती के सामने अब परिवार चलाने के साथ ही बेटे का इलाज करवाना भी एक समस्या थी। उन्होंने जहां से भी संभव हो सकता था वहां आर्थिक मदद के लिए गुहार लगाई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। भगवती यादव को उनके बेटे के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाने की सलाह मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री को इलाज में सहायता के लिए आवेदन किया। आवेदन मिलने के 24 घंटे के भीतर बेटे की इलाज के लिए एक लाख रूपये की सहायता स्वीकृत की गई।

## 5 डॉक्टर्स को मिली नई पोस्टिंग, बदले गये मेडिकल कॉलेजों के डीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में डीन स्तर के चिकित्सकों के प्रमोशन के साथ नयी पोस्टिंग की है। डॉ. पीके निगम को रायपुर मेडिकल कालेज से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद का डीन बनाया गया है। वहीं पीके पात्रा को भी रायपुर से एडिश्नल डायरेक्टर चिकित्सा शिक्षा बनाया गया है। वहीं राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉ. रेणुका गहिने को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज का नया डीन बनाया गया है। अंबेडकर अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. विवेक चौधरी का प्रमोशन तो हुआ है, लेकिन उन्हें नयी पोस्टिंग नहीं दी गयी है। पीके पात्रा के एडिश्नल डायरेक्टर चिकित्सा शिक्षा बनने के बाद डॉ निर्मल वर्मा को अतिरिक्त संचालक के एडिश्नल चार्ज से मुक्त कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री ने छग में हुए कार्यों की प्रशंसा की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री प्रगति पोर्टल के अंतर्गत कोरोना से संबंधित मुद्दे (वित्तीय सहायता, अस्पताल का ढांचा, राशन तथा रोजगार आदि), प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वनिधि योजना, निर्यात के रूप में जिले का विकास तथा आपरेशनाइ एग्रीकल्चर रिफार्म के संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री मोदी को मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल द्वारा बताया गया कि कोरोना संबंधी सीपी ग्राम पोर्टल में कुल 1028 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से शत प्रतिशत (1027) शिकायतों का निराकरण छत्तीसगढ़ में कर दिया गया है। छत्तीसग? श्रम विभाग द्वारा 12.57 करोड़ रूपए का वितरण कुल 18087 श्रमिकों को कोरोना के दौरान किए जाने की जानकारी दी गई। कोरोना के इलाज के लिए सभी निजी अस्पतालों के लिए दिशा-निर्देश का निर्धारण समय पर राज्य सरकार द्वारा किये जाने के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अनाज एवं चने का वितरण कोरोना के दौरान शत प्रतिशत पूरे राज्य में कर दिया गया था।

इस दौरान 29.35 लाख लोगों को मनरेगा के माध्यम से कोरोना के दौरान रोजगार से लाभान्वित किया गया। मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री महोदय को अवगत कराया गया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सीपी ग्राम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण छत्तीसगढ़ में किया गया है। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत स्वनिधी योजना के अंतर्गत छत्तीसग? की रैंकिंग पूरे देश में सातवें स्थान पर रही है तथा कुल 50753 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15076 प्रकरणों में राशि का वितरण सभी हितग्राहियों को डिजिटल माध्यम से किया जा चुका है। इस पर प्रधानमंत्री ने राज्य की प्रशंसा की। मुख्य सचिव ने बताया कि निर्यात हब के रूप में जिले का विकास अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब प्रमोशन कमेटी का गठन कर दिया गया है तथा 31 दिसम्बर, 2020 तक डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान को भी स्वीकार कर लिया जावेगा। आपरेशनाइजेशन एग्रीकल्चर रिफार्म के संबंध में मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जानकारी दी गई कि एआईएफ के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त कर दिया गया है तथा एफपीओ एवं एसएचजी को भी एआईएफ में शामिल करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

# विधानसभा भवन और दो जल परियोजनाओं के निर्माण को कार्य समिति ने किया अनुमोदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-19 में निर्मित किए जाने वाले नए विधानसभा भवन और जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के खारंग-अहिरन जलाशय परियोजना और छपराटोला फीडर जलाशय परियोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नवा रायपुर के सेक्टर-19 में निर्मित किए जाने वाले नए विधानसभा भवन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए विधानसभा भवन के निर्माण की प्रस्तावित लागत लगभग 275 करोड़ 76 लाख 19 हजार रूपए होगी। विधानसभा भवन का निर्माण मुख्य रूप से भूतल-प्रथमतल-द्वितीय तल के रूप में किया जाएगा। भूतल में विधानसभा की कार्यवाही के लिए सदन, विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रियों के कक्ष, विधानसभा उपाध्यक्ष के कार्यालय, नेता प्रतिपक्ष का कार्यालय, समिति बैठक कक्ष और अधिकारियों के कक्ष का निर्माण किया जाएगा। प्रथम तल में विधानसभा सदन की गैलेरी का निर्माण किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से मीडिया, पब्लिक और अति विशिष्ट जनों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रथम तल में ही 200 सीटर कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण किया जाएगा। द्वितीय तल में मुख्य रूप से विधानसभा की लाईब्रेरी और सेन्ट्रल हॉल का निर्माण किया जाएगा। मुख्य सचिव ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवीन विधानसभा भवन में बैठकों के लिए प्रस्तावित कक्षों का निर्माण सही तरीके से किया जाए। ताकि बैठक व्यवस्था में कोई बाधा न हो। उन्होंने सचिव एवं विभागाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों और उनके कार्यालयों के लिए सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। साथ ही महिला अधिकारियों के लिए कामन रूम का निर्माण भी करने के निर्देश दिए है। जल संसाधन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत ने विभाग की दो प्रमुख परियोजनाओं के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 720 करोड़ 52 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर जिले में अहिरन नदी पर खारंग अहिरन लिंक जलाशय का निर्माण किया जाना है। इसके लिए अण्डर ग्राउण्ड तरीके से पाईप के द्वारा नदियों का जल जलाशय तक लाया जाएगा। इस जलाशय में एकत्रित जल का इस्तेमाल बिलासपुर और रतनपुर शहरों में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाएगा। साथ ही नदियों के किनारे बसे 208 गांवों की 56285 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। चम्पावत ने बिलासपुर जिले के अरपा नदी पर प्रस्तावित छपराटोला फीडर जलाशय के विषय में जानकारी दी कि जलाशय के निर्माण से अक्टूबर से मई माह के बीच अरपा नदी के आस-पास के क्षेत्रों में भू-जल में गिरावट के कारण पेयजल आपूर्ति की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विरोध करने वाले भाजपा नेताओं को आइना दिखाया प्रधानमंत्री मोदी ने**

# भूपेश सरकार के जनहितैषी कार्यो की पीएम ने की प्रशंसा, भाजपा में पसरा सन्नाटा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



**पिछले दो सालों से लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार की झूठा विरोध करके राजनीति करने वाले भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेनी चाहिए**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यो की समीक्षा विस्तार से की और संतुष्ट होने के बाद भूपेश सरकार के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना से संबंधित मुद्दे (वित्तीय सहायता, अस्पताल का ढांचा, राशन तथा रोजगार आदि), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वनिधि योजना, निर्यात के रूप में जिले का विकास तथा आपरेशनाइ एग्रीकल्चर रिफार्म के संबंध चर्चा की और भूपेश सरकार के जनहितैषी कार्यो के संपादन एवं क्रियान्वयन पर संतुष्टि जताया।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि 15 सालों से छत्तीसगढ़ राज्य का बेड़ा गर्क करने वाले कमीशनखोर भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए प्रशंसा पर सांप सूंघ गया कोरोना महामारी के समय जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूरी कांग्रेस सरकार जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन और संपादन कर रही थी तब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल अजय चंद्राकर राजेश मूणत सहित तमाम भाजपा के नेता सरकार को कोसने में लगे हुए थे और जनता के बीच भ्रम फैलाने का भी काम लगातार इन भाजपा नेताओं के द्वारा किया जा रहा था अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों की ना केवल प्रशंसा की बल्कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी कार्यों के प्रतिपादन पर संतुष्टि जताई तो भाजपा नेताओं को सांप सूंघ गया और प्रदेश सरकार को बदनाम करने के कुचसित प्रयासों पर विराम भी लग गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी के समय भाजपा नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश सरकार को बदनाम कर रहे थे और सरकार विरोधी दुष्प्रचार कर रहे थे जबकि कोरोना संबंधी सीपी ग्राम पोर्टल में कुल 1028 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से शत प्रतिशत (1027) शिकायतों का निराकरण राज्य सरकार ने कर दिया था। छत्तीसग? श्रम विभाग द्वारा 12.57 करो? रूपए का वितरण कुल 18087 श्रमिकों को कोरोना महामारी के दौरान किया गया इस दौरान 29.35 लाख लोगों को मनरेगा के माध्यम से कोरोना महामारी के दौरान रोजगार से लाभान्वित किया गया।

प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत स्वनिधी योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की रैंकिंग पूरे देश में सातवें स्थान पर रही है तथा कुल 50753 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15076 प्रकरणों में राशि का वितरण सभी हितग्राहियों को डिजिटल माध्यम से किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा किये गये जनहितैषी कार्यो की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुवे धन्यवाद भी दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि 15 सालों से प्रदेश का बेड़ा गर्क करने वाले कमीशनखोर भाजपा नेताओ को झूठी और छल प्रपंच की राजनीति छोड़ जनहित के मुद्दे पर राजनीति करना चाहिये पिछले दो सालों से लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार की झूठा विरोध करके राजनीति करने वाले भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए प्रशंसा और तारीफ को भी सुमिरन करना चाहिये और प्रदेश सरकार को बदनाम करने जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए प्रदेश भाजपा नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिये।

## चैम्बर चुनाव की बढ़ी सरगर्मी, एकता पैनल ने की व्यापारी संघ से मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव मार्च में है, लेकिन चुनाव के पहले ही सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशी जोर शोर के साथ प्रचार में जुटे हैं। इस कड़ी में व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशी योगेश अग्रवाल ने एमजी रोड व्यापारी संघ से मुलाकात की।

इस बैठक में एमजी रोड व्यापारी संघ से एकता पैनल ने समर्थन देने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के आगामी चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पेनल अलग-अलग व्यापारिक संगठनों के संपर्क में है। बुधवार को राजधानी के एमजी रोड में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ एमजी रोड व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की और चेंबर चुनाव में सहयोग मांगा। एमजी रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र तालरेजा एवं पदाधिकारियों के साथ व्यापारी एकता पैनल की टीम ने चर्चा की और व्यापारी हित में उन्हें आगे बढ़कर समर्थन के लिए आग्रह किया।

# विपक्ष जमीन पर बैठ विरोध करता रहा और पास हो गया निगम का बजट

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com




नगर निगम में भारी हंगामे के बीच बजट पारित हुआ। निगम चुनाव के बाद कहा जाए तो यह पहला विधिवत सामान्य सभा थी। जिसमें 2020- 21 का बजट भी पेश होना था। सामान्य सभा को लेकर निगम भवन में तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई थीं जिसमे सदन में प्रवेश करने से पहले सभी के तापमान की जांच की गई और पार्षदों के बैठने के दौरान भी उचित दूरी का ध्यान रखा गया था, पर पत्रकारों के बैठने के स्थान पर दूरी का विशेष ध्यान नहीं रखा गया था। सामान्य सभा की शुरुआत राष्ट्रगान व छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ हुई। महापौर ने जब बजट अभिभाषण पढ़ना शुरू किया तो भाजपा के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया, इतना ही नहीं वे हंगामा करते हुए सामने आकर जमीन पर बैठ गए और विरोध करने लगे। जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस के पार्षदों के बहुमत है और यही वजह रही कि भाजपा पार्षदों के हंगामा करने के बावजूद बहुमत के आधार पर सभापति ने बजट पास कर दिया। बजट पास होने के बाद भी विपक्ष आरोप लगाता रहा कि बजट पूर्व चर्चा नहीं कि और सभापति ने कहा कि विपक्ष को अवसर दिया गया था पर वे हंगामा करते रहे। निगम द्वारा जारी किए गए बजट के अनुमानित प्राक्कलन के अनुसार 2020-21 में प्रारंभिक अवशेष राशि 3 करोड़ 12 लाख लगभग है और निगम की अनुमानित आय 2 अरब 37 करोड़ 99 लाख लगभग होगी जिससे निगम की कुल आय 2 अरब 41 करो? 12 लाख होगी। वहीं खर्च पर नजर डालें तो 2 अरब 41 करोड़ 71 लाख के आसपास होगी जिससे इस बजट में निगम के पास 59 लाख रुपये घाटे में रहेगी। बजट को लेकर विपक्ष ने पहले तो जमकर हंगामा किया और बाद में बजट की कॉपी ही फाड़कर सदन में फेंक दी।

## निगम के बजट की प्रमुख बातें

- जनता पर किसी भी प्रकार का कर बढ़ोतरी नहीं एवं निगम को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा
- जल प्रदाय एवं सफाई व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा
- वार्ड कार्यालय के माध्यम से जनता को सुविधाएं प्रदान करना एवं समस्या का त्वरित निराकरण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा
- दलपत सागर एवं अन्य तालाबों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा
- नगर के मूलभूत अधोसंरचना के विकास हेतु कार्य योजना बनाई जाएगी
- जलभराव से मुक्ति हेतु बड़े नालों एवं निर्माण एवं नियमित नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा
- संजय बाजार टू व्यवस्थापन एवं विकास के लिए योजना
- गरीब जनता को आवास पौनी पसारी योजना एवं बेरोजगारों को दक्षता विस्तार कर रोजगार हेतु प्रयास किया जाएगा।

### सदन की बिगड़ी अव्यवस्था के लिए महापौर और सभापति हैं जिम्मेदार- संजय पांडे



नगर निगम निर्माण के बाद चौथे कार्यकाल में पहली बार पेश किए गए बजट के दौरान निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने निगम सभापति पर लगाये गंभीर आरोप। संजय पांडे ने कहा सभापति का व्यवहार दोनो दलों के लिए अलग अलग है। सभापति की कुर्सी पर बैठने के बावजूद वे कांग्रेसी पार्षदों के लिए अलग व्यवहार कर रही हैं और भाजपा के साथ अलग। महापौर के द्वारा जब बजट अभिभाषण पड़ा जा रहा था तो कांग्रेसी पार्षद जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे पर उन्हें किसी ने रोका नहीं। महापौर ने बजट पढा पर किसी ने सुना ही नहीं ये तो जंगल मे मोर नाचा किसने देखा वाली बात हुई। इस अव्यवस्था के लिए महापौर और सभापति दोनों जिम्मेदार हैं।

# कोंडागांव भाजपा कार्यालय में अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग



पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरे देश मे भाजपा का अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग हो रहा उसी के तहत छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहा है उसी के तहत भाजपा कोन्डागाव जिला के प्रभारी प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति के सदस्य रामु रोहरा ने लिया।

रामु रोहरा ने भाजपा के 10 मंडल से आये सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ का आगामी होने वाले मंडल के प्रशिक्षण कि जानकारी दी, ओर कहा कि सभी मंडलो मे 15 दिसम्बर तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न करे ओर कार्यक्रम कि दिशा निर्देशों का पालन करे । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेन्डी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा का रीति नीती से जुडने ओर आने वाले समय के लिये ली जा रही है। जिससे भाजपा का आत्मनिर्भर भारत के लिये मोदी ने कहा उसके लिये हम सबको आगे बढ़ना है। भाजपा जिला अध्यक्ष दिपेश अरोरा ने कहा कि प्रदेश से जो भी कार्य हमे दिया जा रहा भाजपा कोन्डागाव के द्वारा समय से किया जा रहा ओर आने वाले समय के लिये कोन्डागाव जिले के लिये सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए ऊर्जावान कार्यकर्ता पुरी तैयारी कर रहे हैं ।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि प्रदेश के नेतृत्व में कोविड के नियमो का पालन कर प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न करे ओर कार्यक्रम कि दिशा निर्देशों का पालन करे।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रुप से नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुवर पटेल, गोपाल दीक्षित, सन्तोष कटारिया, हरीशंकर नेताम, जितेन्द्र सुराना, प्रेमसिंह नाग, बालसिंह बघेल, जसकेतु उसेन्डी, झारीराम, बालकुवर, चन्द्न साहु, गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, प्रवीण जैन, इना श्रीवास्तव, सन्गीता, रजीया खान श्याम नेताम रीता शुक्ला रामकुमार मन्गतु नेताम कृष्ण पोयाम, दिपेन्द्र नाग, मीनु राम, रामेश्वर उसेन्डी, सन्जु पोयाम, कुलजोत, सोमा दास, रामलाल, आकाश, मेहता, पुरण पटेल, रीता, सुशीला, दीप्ती, मीना, डालेन्द्र, रामेस्वर, गन्जु राम, प्रशान्त, संतोष मरकाम, भेलकु राम, रोसन टिकेश्वर, गितेश पान्डे, दिलावर, धनराज मालु आदी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी की तैयारी के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने ली वीडियों कांफ्रेसिंग

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी के संबंध में अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) सुब्रत साहू और सचिव खाद्य डॉ. कमलप्रीत सिंह के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा में गिरदावरी एवं किसान पंजीयन, धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में तैयारी, अन्तर्राज्यीय धान परिवहन पर रोक हेतु जांच दल का गठन, बारदाना व्यवस्था, वर्ष 2019-20 के शेष धान का निराकरण, धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण, टोकन व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए जिला कार्यालय में कलेक्टर रजत बंसल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इन्द्रजीत चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा सहित राजस्व, खाद्य एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रमिक यूनियन के सदस्यों ने किया एक दिवसीय हड़ताल

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

गुरुवार को नगरनार स्टील प्लांट के श्रमिक यूनियन के सदस्यों ने स्टील प्लांट के सभी प्रवेश द्वार बंद कर सोलह सूत्रीय राष्ट्रीय माँगों एवं पांच सूत्रीय स्थानीय माँगो को ले कर एक दिवसीय हड़ताल किया जिसमें से नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण पर रोक ,किसान विरोधी कानून को वापस लिए जाने,मजदूर विरोधी चार श्रम कानून वापस लेने ,न्यूनतम वेतन 21 हजार घोषित करने एव मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने एवं पचास वर्ष की आयु पूर्ण करने या 33 वर्ष की सेवा उपरांत रिटायर करने ,आऊट सोर्सिंग,ठेका प्रथा पर रोक लगाने हेतु ,पुरानी पेंशन नीति लागू करने संबंधी राष्ट्रीय व स्थानीय माँगो मे रखा गया है। एक दिन के काम बंद हडताल का असर नगरनार और सेलरी पाईपलाइन जगदलपुर में सफल रहा।

कर्मचारियों ने दिन भर नगरनार और जगदलपुर के मुख्य द्वार को बंद कर कें श्रमिक युनियन ने केन्द्र सरकार और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कहा केन्द्र सरकार का हर फैसला मजदूर और किसानों के खिलाफ है, सरकार इन कानूनों को जबरन ला कर देश के असल मुद्दो से ध्यान भटकाना चाहती है, किसान मंच के लैखन बधेल, धनेश्वर सेठिया, जनपद सदस्य निर्मला दास, संयुक्त इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष संतराम सेठिया, स्टील श्रमिक यूनियन के सचिव जितेन्द्र नाथ, अध्यक्ष प्रभुलाल बधेल ने कहा इस समय देश में बेरोजगारी और महगाई अपने चरम पर है दो करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने और 35 रूपयें में पेट्रोल देने के नाम पर सत्ता में आई सरकार देश की सरकारी कंपनियों को अपने पुजींपति दोस्तों के हाथ सौपने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपना रही है, नगरनार स्टील प्लांट जो अभी बन कर तैयार नहीं हुआ है।

लाभ हानि का पता नहीं है किसानों के साथ किए गये पुनर्वास के काम पूरे नहीं हुए हैं और इसे निजीकरण करना गरीब मजदूर, किसानों के साथ घोर अन्याय है।

इस अवसर पर मजदूर संगठन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों ने आज काम बंद हड़ताल का पूर्ण समर्थन किया और भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दी।

# तानाशाह अधिकारी के खिलाफ तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त विवेक दलेला ने वर्ष 2014 से सीधी भर्ती द्वारा चयनित एक दिव्यांग आदिवासी युवती जयंती मौर्य को बुधवार को शाम 6 बजे के बाद तोकापाल ब्लॉक स्थित कन्याआश्रम रानसरगीपल मे निरीक्षण के दौरान कार्य से पृथक करने का मौखिक आदेश आश्रम अधिक्षिका एवं मण्डल सयोजक को युवती के समक्ष ही दिया गया जिससे जयंती मौर्य का ना केवल मानसिक शोषण हुआ बल्कि मानवता भी शर्मसार हुई है एवं साथ ही आश्रम / छात्रवासों में कार्यरत अन्य कार्मचारीयो में भी रोष व्याप्त है क्योकी सहायक आयुक्त द्वारा लगातार आश्रम / छात्रावासों कें निरीक्षण के दौरान दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों कों कार्य सें पृथक करने के लिए अधिक्षकों / अधिक्षिकाओं एवं मण्डल सयोजको पर दवाब बनाया जा रहा है यह सब मौखिक ही किया जा रहा है।

जिससे स्पष्ट है कि सहायक आयुक्त के पास इस सम्बन्ध मे कोई भी शासनादेश या शासन का दिशा निर्देश नही है ये सभी कर्मचारी शासन के सेटअप के तहत रिक्त पदो मे विधिवत सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित है , तो ऐसे मे सहायक अयुक्त का यह कृत्य न केवल नियम विरूध्द है व तानाशाही रवैया है इस तानाशाही रवैये के विरोध मे तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सहायक आयुक्त के कृत्य का पुरजोर विरोध किया एवं गुरुवार को अपने समस्त कर्मचारी सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुये सहायक आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुये कलेक्टर रजत बंसल को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपे।

# श्रम संगठनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन देते हुए एनएमडीसी परियोजना में किया उत्पादन ठप्प



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

देश के अधिकांश ट्रेड यूनियनों, फेडरेशन, एवं आल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के संयुक्त आव्हान पर आज आयोजित एक दिवसीय राष्ट्व्यापी हड़ताल को समर्थन देते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की दोनों श्रम संघों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की 15 एवं स्थानीय स्तर की 2 मुख्य मांगों को लेकर हड़ताल किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से एनआईएसपी नगरनार के डिमर्जर विनिवेशीकरण एवं सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण का विरोध किया गया है। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए कोरोना से मृत कर्मचारियों के आश्रित सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति देते हुए परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा प्रदानकरने की मांग की गई है साथ ही एनएमडीसी में लंबित भर्ती प्रक्रिया को आरंभ करने की मांग भी की गई है। आज प्रातः 4 बजे से चेक पोस्ट पर दोनों श्रम संघो के पदाधिकारी, सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर एनएमडीसी का काम पूर्णतः ठप्प कर दिया है। सुबह प्रमुख रूप से एसकेएमएस के अध्यक्ष जी वेंकटेश्वर, के. साजी, एमएम डब्ल्यू यूनियन के प्रतिनिधि सदस्य पी एल साहू, ए.के. सिंह सहित बड़ी संख्या में दोनों श्रम संघों के सदस्य उपस्थित थे।

# पेड़ों को कटने से बचाने गो काष्ठ मशीन का किया गया शुभारंभ

**किरंदुल।** पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पेड़ों को कटाई से बचाने बुधवार को मणिकेंद्र में गो कास्ट मशीन का शुभारंभ किया गया।छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गो काष्ठ मशीन का गोबर की लकड़िया बनाने एवं दाहसंस्कार में उपयोग किया जायेगा। नगरपालिक की मणिकंचन केन्द्र गांधीनगर किरंदुल में यह लकड़ी हमेशा उपलब्ध रहेगा।आम नागरिक पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टी से इसका उपयोग कर सकेंगे।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय नगर पालिका सीएमओ हूँगा राम गोंदे पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय, तपन दास, अमृत टण्डन, इला पटेल, डीएस साहू,गौरि शंकर तिवारी मौजूद रहे।

# शाखा प्रभारी की लापरवाही का नतीजा भुगतेंगे शिक्षक : संगठन पदाधिकारी

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई दंतेवाड़ा के पदाधिकारियों द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष खोमेंद्र देवांगन के नेतृत्व में जिला कोषालय अधिकारी महोदय मनोज कुमार लारिया से भेंट कर जल्द से जल्द प्राण शिफ्टिंग की कार्यवाही करने का आग्रह किया व बताया कि दंतेवाड़ा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 24/नवं को 54 शिक्षकों का प्राण शिफ्टिंग हेतु दस्तावेज कोषालय में जमा किया गया है,शिफ्टिंग की कार्यवाही के पश्चात ही वेतन भुगतान संभव है। जिला कोषालय अधिकारी महोदय ने संगठन को आश्वस्त किया कि हमारे कार्यालय की तरफ से लेट लतीफी नहीं की जाएगी व जल्द ही प्राण शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी 2 से 3 दिवस के भीतर जिससे जल्द वेतन भुगतान संभव हो सके। जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला ने आगे बताया कि कटेकल्याण व गीदम ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारियों ने संजीदगी दिखाते हुए 14/नवं को ही पूर्ण दस्तावेज के साथ शिफ्टिंग का फार्म कोषालय में जमा कर दिया था जिसके कारण वहां के शिक्षकों को मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप वेतन का भुगतान संभव हो पा रहा है,लेकिन दंतेवाड़ा ब्लॉक में शाखा प्रभारी के लेट लतीफी व उदासीनता के कारण समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

# संविधान दिवस पर कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**कोण्डागांव।** संविधान निर्माण के 71वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष भवन में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज के पुनरुत्थान एवं संविधान प्रारूप निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। संविधान की प्रस्तावना का पाठ करने के साथ उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि देश के महान लोकतंत्र को सुरक्षित रखने में हमारे महान भारतीय संविधान की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी दिन 1949 को देश के लिए ऐसा सर्वोच्च कानून जिसे संविधान कहते है, लागू किया गया। हम सबको इस संविधान को अंगीकृत एवं आत्मार्पित करना चाहिए। भारत का संविधान को जनता की ओर से संविधान सभा ने अंगीकार किया था।

**बस्तर के रागी, कोदो, कुटकी, महुआ, काजू, इमली आदि से बनाया जा रहा है स्वादिष्ट और स्वास्थवर्धक कुकीज और अन्य उत्पाद**

# कुकीज के रूप में बस्तर के अनाजों के मिली नई पहचान

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com




स्व-सहायता समूह के माध्यम से बस्तर के रागी, कोदों, कुटकी, महुआ, काजू, इमली से स्वादिष्ट और स्वास्थवर्धक खाद्य सामाग्री का निर्माण और विक्रय किया जा रहा है। जगदलपुर जिला मुख्यालय के समीप स्थित कुदाल गांव की जय मां काली स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित आमचो बस्तर बेकरी में रागी, कोदो, कुटकी, महुआ, काजू, इमली आदि से कुकीज और अन्य उत्पाद का निर्माण महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है।

समूह की महिलाओं के द्वारा बाजार में उपलब्ध कुकीज से हटकर बस्तर के रागी, कोदो, कुटकी, महुआ, काजू, इमली आदि से कुकीज का भी निर्माण किया जा रहा है, जो कि स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थवर्धक एवं पोषक तत्वों से भरपूर है। रागी, कोदो, कुटकी, काजू और महुआ में पोषक तत्वों की प्रचूरता होती है, जो शरीर के लिए आवश्यक तत्वों की पूर्ति करते है। ये पोषक तत्व रक्तचाप, खून की कमी, लिवर से संबंधित बीमारियों, मोटापे, हृदय, स्नायु तंत्र, त्वचा, बालों, आंखों, पेट के रोगों में लाभदायक होते है। कोरोना महामारी में उक्त उत्पादों से बने कुकीज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करते है।

इसके अलावा समूह द्वारा कोकोनट, चॉकलेट, जीरा, मिल्क, शुगर फ्री, नमकीन, हनी आदि कुकीज का भी निर्णय किया जा रहा है, साथ ही अनेक तरह के खाखरा, केक, महुआ और इमली चॉकलेट का भी निर्माण करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनआरएलएम के द्वारा महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद के लिए प्रयास किया जा रहा है कि निर्माण प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले कच्चा माल कोदो, कुटकी, रागी, रेड राइस, इमली, महुआ आदि स्थानीय समूहों और बाजार से क्रय किया जाए जिस से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अन्य ग्रामीणों को भी लाभ पहुँच सके।

इन कुकीज को बाजार में अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है, जिस से समूह के हौसले बुलंद है। वर्तमान में 10 प्रकार के कुकीज को लॉन्च किया गया है।

कुदाल गांव, बस्तर की जय माँ काली महिला स्व-सहायता समूह को फूड प्रोसेसिंग एवं बेकरी का प्रशिक्षण दिया गया है। जिस में कुकीज के अलावा खाकरा, केक, चॉकलेट एवं अन्य उत्पाद बनाने का भी प्रशिक्षण दी जा रही है।

कोरोना काल में महिलाओं के आजीविका के लिए जिला प्रशासन के इस प्रयास से महिलाओं के आमदनी में वृद्धि हो रही है।

# लौहनगरी किरंदुल में धूमधाम से मना तुलसी विवाह



**किरंदुल।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को तुलसी विवाह मनाई जाती है। इसे छोटी दीवाली तथा जेठोनी भी कहा जाता है। किरंदुल में यह पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया गया। इस दिन माता तुलसी की सालिग्राम जी से विवाह की जाती है। मान्यता है कि घर मे तुलसी विवाह करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। ऐसी मान्यता है कि जिनके विवाह में देरी हो रही है या जो योग्य वर और वधू चाहते हैं इस दिन विधि विधान से पूजा करने पर समस्या का समाधान होता है। हिन्दू धर्म में तुलसी का बड़ा ही महत्व है। इसे बड़ा पूजनीय माना जाता है साथ ही साथ इसके औषधीय गुण भी विश्वविख्यात है। यह भी मान्यता है कि जिस घर के आंगन में तुलसी होती हैं वहां कभी कोई कष्ट नहीं आता है। इस एकादशी को देव उठनी एकादशी भी कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि रथ यात्रा से वापस आने के पश्चात जगत के नाथ जब शयन में चले जाते हैं तो वे आज के दिन उठते हैं।

## क्विक न्यूज

### चाचा ने भतीजे के साथ की मारपीट मामला दर्ज

**सरायपाली।** वनांचल ग्राम कस्तूरा बहाल मैं उधार के पैसे मांगने पर चाचा ने भतीजे के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की जिसकी शिकायत सिंघाड़ा थाने में दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है ग्राम कस्तुराबाहल निवासी चित्रसेन चेर किया ने पुलिस को बताया कि हजारू चेरकिया रिश्ते में उसका सगा चाचा है जो दीपा पारा में अपने परिवार सहित रहता है चित्रसेन ने बताया कि लगभग 5-6 माह पूर्व उसकी पत्नी गीतांजलि चेरकिया के नाम के 3 ग्रुप से ?80000 रुपये को घरेलू खर्च के लिए चाचा हजारू चेरकिया लिया था रुपयों को 2 महीने में वापस करने का वादा किया था लेकिन वापस नहीं करने एवं रुपए की जरूरत पड़ने पर वह अपनी मां संतरा बाई चेरकिया एवं पत्नी गीतांजलि के साथ 24 अक्टूबर को हजारू के घर रुपए मांगने गया तो हजारू एवं उसका पुत्र वीरेंद्र पैसा वापस मांगने की बात पर गाली गलौज कर मारपीट की मामले में जुर्म दर्ज किया गया है।

# जिले में अब तक 79 हजार 460 क्विंटल गोबर की खरीदी

- 2 हजार 551 गौपालकों को 1 करोड़ 58 लाख 92 हजार 82 रुपये का भुगतान

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना से जिले के किसान एवं गौपालक को अतिरिक्त आय का अर्जन हो रहा है। इस योजना के तहत जिले में अब तक 79 हजार 460 क्विंटल गोबर की खरीदी किया गया है। इनसे 2 हजार 551 गौपालकों को 1करोड़ 58 लाख 92 हजार 82 रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिस सकारात्मक सोच से यह योजना प्रारंभ किया गया था। उसके परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखने लगे है।गोधन न्याय योजना से आम व्यक्तियों, किसानों एवं गो पालको को अतिरिक्त आय का अर्जन हो रहा है। इससे पूरा परिवार भी बहुत खुश है। लोग इस राशि का उपयोग किसानी कार्य सहित अन्य कामों में किया जा



रहा हैं। गौरतलब है की 20 जुलाई हरेली त्यौहार के दिन तक गोधन न्याय योजना को आरंभ किया गया था। अब तक इसके तहत 8 चक्रों में गोबर खरीदी कर भुगतान किया गया है। पहले चक्र 20 से 30 जुलाई तक 2444 क्विंटल, दूसरे चक्र में 1 से 15 अगस्त तक 7504 क्विंटल, तीसरे चक्र 16 से 31 अगस्त तक 9323 क्विंटल,चौथा चक्र 1 से 15 सितंबर तक 12 हजार 867 क्विंटल,पाँचवे चक्र 16 से 30 सितंबर तक 5888 क्विंटल, छठवाँ च्रक 1 से 15 अक्टूबर तक 16 हजार 853 क्विंटल,सातवां चक्र 16 से 31 अक्टूबर तक 14 हजार 430 क्विंटल एवं आठवां चक्र 1 से 15 नवम्बर तक 10 हजार 347 क्विंटल गोबर की खरीदी किया गया है। इसी तरह जिले में कुल 96 गोठान है। जिसमें 87 ग्रामीण एवं 9 शहरी गोठान शामिल है। इनमें से 83 गोठान में खरीदी की जा रही है। विकासखण्ड बलौदाबाजार में 15,पलारी 27,बिलाईगढ़ 13,कसडोल 16,भाटापारा 14,सिमगा 26 गोठान बनायें गये है। जिसमें से बलौदाबाजार में 15,पलारी 15 बिलाईगढ़ 12,कसडोल 15,भाटापारा 13,सिमगा 13 गोठान सक्रिय है। जहाँ पर नियमित रूप से गोबर खरीदी की जा रही है। इन गौठानों में कुल 5 हजार 969 कुल गोबर बेचने के लिए पंजीकृत है। जिसमें से विकासखंड बालौदाबाजार में 1128, पलारी 664,बिलाईग? 1543, कसडोल 414,भाटापारा 605, सिमगा 1087 शामिल है। इनमें से बालौदाबाजार में 278, पलारी 573,बिलाईग? 206, कसडोल 337,भाटापारा 401 एवं सिमगा 563 गोपालक सक्रिय है। इस तरह जिले में 2 हजार 551 गोपालकों ने गोठान में जाकर गोबर बेचे है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- दुष्कर्म करने वाला आरोपी को भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार । प्यार भरी बातें कर लगातार करता रहा शारीरिक शोषण । शादी से इन्कार कर पीड़िता से करता था गाली गुप्तार । घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी । दुष्कर्म करने वाला आरोपी को भेजा जेल।

सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र का है जहां की प्रार्थिया ने 20 नवम्बर 2020 को अपने माता पिता के साथ सिटी कोतवाली में आकर थाना प्रभारी विकास बघेल को लिखित शिकायत आवेदन देकर बताया कि आरोपी हरीश सुर्यवंशी द्वारा प्रेम प्रसंग का हवाला देकर प्यार भरी बातों में फंसाकर लगातार शारीरिक सम्बंध बनाता रहा जिसे शादी करने कहने पर इन्कार कर अपने पिता के साथ मिलकर गाली गलौच कर मारपीट किया की रिपोर्ट पर तत्काल अपराध क्रमांक 248/2020 धारा 376(2), 294, 34, 324 भादवि दर्ज किया गया। प्रथम सूचना दर्ज होने के बाद



घटना के सम्बंध में वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया जिसके बाद पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक नवीन राजपूत द्वारा टीम बनाकर आरोपी की पता तलाश में जुट गये। कोतवाली टीम द्वारा आरोपी के घर जाकर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर आज गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक नवीन राजपूत, प्रधान आरक्षक डिगेश्वर साहू, मनीष वर्मा, आरक्षक शिवलाल तिर्की, सुनील नेताम, आशीष सपहा, रविशंकर सोनवानी, दिलीप तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत सुन्दरावन को मिली नई कृषि साख सहकारी समिति की सौगात

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल शकुंतला साहू के प्रयासों से पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुन्दरावन को नई कृषि साख सहकारी समिति की सौगात मिली है जिस पर लाभान्वित किसानों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक शकुंतला साहू के निज निवास में मुलाकात कर आभार जताया। नई समिति खुलने से आसपास के बड़ी संख्या मे किसानों को लाभ मिलेगा। धान खरीदी के दौरान लंबी दूरी तय करने से किसानों को राहत मिलेगी।

संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने भी नवीन कृषि साख सहकारी समिति स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अमरजीत भगत जी के प्रति आभार ब्यक्त किया है। शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसानों को मिले इसके लिए विधायक जी निरंतर विभागीय मंत्रीगणों एवं अधिकारियों को पत्र ब्यवहार कर मुलाकात कर रही हैं। इस अवसर पर रूपेंद्र चतुर्वेदी सरपंच सुन्दरावन, मेघा



रेखचन्द भतपहरी, समारू पुरैना, कालीचरण चतुर्वेदी, हीरा सिंह आजाद, सुरेश सोनवानी, प्रकाशचंद चतुर्वेदी, बसंत कन्नौजे, परसराम आजाद बैंक अध्यक्ष, गिरीजाबाई ओगरे उपाध्यक्ष, ईश्वरी चतुर्वेदी, हीराराम बघेल, सियालाल बंजारे, सत्यवान साहू, गजानंद फेकर एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कसडोल में सर्व आदिवासी समाज ने 70 वीं संविधान दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ✓ कसडोल
www.dailypioneer.com

कोरोनावायरस संक्रमण को देखते हुए कम संख्या में सोसियल डिस्टेंसिंग, समाजिक दूरी ,फेस कवर का पालन करते हुए आज कसडोल के कंवर आदिवासी भवन में शहीद वीर नारायण सिंह जी के वंशज राजेन्द्र दीवान जी की अध्यक्षता एवम् विशिष्ट अतिथि डॉ सी एस पैकरा की उपस्थिति में मनाया गया ।

जिसमें प्रमुख रूप से खैरा दतान क्षेत्र के अध्यक्ष बृजलाल पैकरा जी, आदिवासी सेना के जिलाध्यक्ष श्री सतीश नेताम जी,जिला आदिवासी युवा संगठन के अध्यक्ष शेर सिंह नाग ,पुटपुरा परिक्षेत्र के सचिव जयलाल पैकरा ,पौंडी से कन्हैयालाल पैकरा ,सुकसिंह पैकरा संडी, पारधी समाज के तहसील अध्यक्ष श्यामलाल पारधी झालपानी फुरफुंदी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता लगनू राम पैकरा ध्रुव समाज गोंड के तरफ से रामकुमार ध्रुव, ए बी सी सोसायटी के क्षेत्रीय अध्यक्ष नील सिंह जगत गोरधा, युवा पीढ़ी की ओर से दुर्गा पैकरा अनिता पैकरा कृषि विभाग से धनेश्वर साय लगनू पैकरा शिक्षक और भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर सुनील कुमार पैकरा उपस्थित रहे तथा ।

असनींद परिक्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर पैकरा जी , कंवर समाज साबर परिक्षेत्र के भूषण पैकरा जी,अमृत दीवान जी सोनाखान, खम्हारडीह से विजय पैकरा ,अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ इकाई कसडोल के सचिव मोहनलाल पैकरा शहीद स्मृति संस्थान सोनाखान कुरूपाठ के पदाधिकारी राजेन्द्र पैकरा गौकरण पैकरा चन्द्र भानू पैकरा कोषाध्यक्ष व इंजीनियर सुरेश पैकरा (अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ इकाई कसडोल के अध्यक्ष ), तथा शासकीय सेवक संघ इकाई कसडोल के पदाधिकारी गण शंकर लाल पैकरा जी प्रधान पाठक, भंजन सिंह पैकरा डोमार सिंह पैकरा पद्मभूषण पैकरा सभी वक्ताओं ने संविधान के अनुसार काम करने और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप पैकरा कसडोल ने किया।

## ग्राम पंचायत झोंका में मनाया गया देवउठनी पर्व



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत झोंका वि.खं. बलौदाबाजार में राकेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में देवउठनी पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री वर्मा द्वारा ग्राम वासियों के साथ गौरी-गौरा का जा अर्चना कर समस्त ग्राम वासियों को देवउठनी पर्व की बधाई दिये गए। उक्त कार्यक्रम में भावगत बन्दे, रामप्रसाद ठाकुर, जना राम ध्रुव, रघुनाथ सिंह ठाकुर, गरूड सिंह ठाकुर, बुधराम सिंह वर्मा, अशोक ठाकुर, संतोष धुव, हरि ध्रुव, पार्ववती वर्मा, हरिया बाई ध्रुव एवं अन्य ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

## निधन

### हसन उल्ला खान

**सरायपाली।** स्थानीय पदमपुर रोड स्थित सुपर फोटो स्टूडियो के संचालक व ठेकेदार हसन उल्ला खान का निधन हो गया है वह विगत कुछ समय से अस्वस्थ थे स्थानीय मुस्लिम कब्रिस्तान में सामाजिक रीति रिवाज के साथ उन्हें सुपुर दे खाक किया गया वह रफीक उल्ला खान वसीम खान एवं नसीम उल्ला खान के बड़े भाई थे।

### जुबेदा बेगम

**सरायपाली।** शहर के पतरापाली निवासी जुबेदा बेगम पति मरहूम हाजी निसार हुसैन 80 वर्ष का निधन हो गया वह हाजी अयूब हुसैन एवं फारुख हुसैन की माता थी एवं विगत कुछ समय से अस्वस्थ थी वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## ठंड बढ़ने के साथ ही बढ़ रहे कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए नगर पालिका ने लगायी वार्डों में जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मौसम बदलने एवं ठंड का मौसम प्रारंभ होने के साथ ही बढ़ने वाले कोविड-19 (कोरोना संक्रमण) को निष्प्रभावी करने के उद्देश्य के साथ ही लोगो को सावधानी बरतने की हिदायत देते हुये नगर पालिका द्वारा वार्डो में शिविर का अयोजन कर कोविड-19 की जांच प्रारंभ कराई गई है।

सुनील कुमार जैन, कलेक्टर, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वार दिये गये निर्देशों के अनुरूप नगर के 01 से 21 वार्डो में कोरोना जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के साथ ही मुह में मास्क लगाये जाने को अनिवार्य बताते हुए नगरवासियों से अपील करते हुए सावधानी बरतने व



निरंतर हाथ धोने की बात कहते हुए कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल के द्वारा आयोजित शिविरों में कोरोना संक्रमण के बढ़ने की संभावनाओं के पूर्व ही वार्डवार शिविर का अयोजन 23.नव से दिनांक 02.दिसं तक प्रातः 10:30 बजे से 05:30 बजे तक जिला चिकित्सालय टीम द्वारा परीक्षण किया जा रहा है, वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 में 23.नवं को लगाये गये कोविड-19 की जांच में 188 लोगो को पंजीकृत कर जांच किया गया, जिसमें 04 कोरोना संक्रमित पाये गये व वार्ड क्रमांक 03 एवं 04 में दिनांक 24.11.2020 को कोविड-19 की जांच में 109 पंजीकृत व 107 का परीक्षण किया गया, जिसमें 01 व्यक्ति संक्रमित पाया गया है, आगामी दिवसों में वार्डवार कोरोना जांच हेतु शिविर की जानकारी निम्नानुसार है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27.नवं | वार्ड | . 10 एवं 11 | स्थान - आंगनबाड़ी केन्द्र, भैसा पसरा |
| 28.नवं | वार्ड | . 12 एवं 13 | स्थान - सामुदायिक भवन, रिसदा रोड |
| 29.नवं | वार्ड | . 14 एवं 15 | स्थान - बालक शाला भवन |
| 30.नवं | वार्ड | . 16,17 एवं 18 | स्थान - सामुदायिक भवन, रानी सागर तालाब के पास |
| 01.नवं | वार्ड | . 19 एवं 20 | स्थान - आंगनबाड़ी भवन, बजरंग चौक |
| 02.नवं | वार्ड | . 21 | स्थान - शास. हाई स्कूल, भवन बलौदाबाजार |

कोरोना जांच हेतु वार्ड में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है, जिसमें नोडल अधिकारी कृष्णकांत कुर्रे, सहायक ग्रेड 02, सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र सोना व मुकेश लहरे (पी.एम.ए.वाय.) सामुदायिक संगठक प्रिती ठाकुर, दीपिका डहरिया, गेंद कुमार द्वारा वार्डो में भ्रमण कर प्रत्येक घर को पंजीकृत करते हुए जांच हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही टीम द्वारा बाजार या सार्वजनिक स्थानों पर जाने के दौरान मास्क लगाना अनिवार्य होने की जानकारी देते हुए लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# शिवसेना इकाई महिला सेना व कामगार सेना का गठन



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा रेस्ट हाउस में संदीप मसिह के नेतृत्व में बैठक रखी गई जिसमें जिला महासचिव भीखम यदु व भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष जीके सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए और महिला सेना व कामगार सेना का गठन करते हुए जिला महासचिव भीखम यदु ने मजदूरों को समान काम समान वेतन दिलाने सदस्यता अभियान शुरू करने एकजुट करने निर्देश दिए हैं साथ ही संत कंवरराम वार्ड में महिला सेना टीम नियुक्त किया। बैठक में ब्लॉक कोषाध्यक्ष राजेश यदु, पूर्व पार्षद प्रत्याशी बंधु, किशन रजक, ग्राम कोषाध्यक्ष संत कुमार बारले, राजेश कुमारी जोगी, मिनसा मशीह, ललिता यदु, शिवकुमारी बंजारे, कीर्तन बघेल, टिकेश्वर यदु, सोनू ध्रुव, चेतन बघेल, राहुल मसिह, ओम प्रकाश यादव, कोमल ध्रुव, फागु यादव, राकेश साहू, शामिल हुए।

**मजदूरों के साथ हो रही नाइंसाफी को मूकबधिर हो कर देख रही है श्रम विभाग**

# प्रभारी मंत्री से किया गुमाश्ता एक्ट पालन नहीं होने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बिते दिनों प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू से गुमाश्ता एक्ट के नियमों का पालन व्यपारियों द्वारा नहीं किए जाने की शिकायत हेमंत तीरपुड़े द्वारा किया गया जिसमे प्रभारी मंत्री ने आश्वाशन दिया था जल्द गुमास्ता एक्ट का पालन करवाया जाएगा किंतु शिकायत उपरांत आज दिवस तक किसी भी प्रकार से संतुष्ट जनक कार्यवाही श्रम विभाग द्वारा नहीं किया गया ना ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा किया गया बस यही कह कर टाल दिया जा रहा कि व्यपारियों के साथ बैठक रख कर गुमास्ता एक्ट का पालन करवाया जाएगा पर कब यह बताना मुश्किल है । ज्ञात हो कि गुमास्ता एक्ट नियमों के तहत् मजदूरों को एक दिवस की छुट्टी देने का प्रावधान है जिसे सभी व्यापारी जानते हैं पर



इस नियम का पालन करना अपने शान के खिलाफ समझते हैं बिते दिनों दैनिक पायनियर समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद भी जिला प्रशासन अपने सज्ञान में नहीं ले रहा और मुखब्धिर हो कर मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को मौन हो कर देख रही है । ऐसा नहीं है कि गुमास्ता एक्ट का पालन नहीं हो रहा वैसे तो जिले के राजिम, फिंगेश्वर और छुरा के व्यापारी बकायदा गुमास्ता एक्ट का पालन कर सप्ताह में एक दिन दुकाने बंद रखते है और मजदूरों को एक दिन की छुट्टी देते है किंतु जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां के व्यापारी गुमास्ता एक्ट का पालन करते नजर नहीं आते सप्ताह में रविवार को गरियाबंद की दुकानें तीन बजे के बाद बंद होती है । मतलब मजदूरों से पूरी काम लेने के बाद दुकानें बंद होती है यहां व्यपारियों से चर्चा करने पर गुमास्ता एक्ट के नियम को मानने की बात स्वीकारते हैं पर यहां नियम का पालन नहीं हो रहा है । जिला मुख्यालय में श्रम अधिकारी बैठने के बावजूद अब तक किसी भी दुकान पर किसी प्रकार से गुमास्ता एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं हुई अगर ऐसा होता तो शायद श्रमिकों को एक दिन आराम करने का मौका मिल जाता बाकी जगहों पर श्रमिकों को एक दिन छुट्टी देते है लेकिन यहां जिला मुख्यालय गरियाबंद में गुमास्ता एक्ट को व्यापारी लागू करने मे आना कानी करते नजर आ रहे है । यहां के व्यापारी जब गुमास्ता लिए है उसमे साफ अनुबंध है कि हम सप्ताह में एक दिन दुकाने बंद कर हमारे यहां काम करने वाले श्रमिकों को छुट्टी देंगे लेकिन ऐसा नही हो रहा है पुरा सप्ताह दुकाने खुल रही है।

## गाड़ा समाज के यदु लाल जगत तोरेसिहा परिक्षेत्र के बने अध्यक्ष

**सरायपाली।** राजीव गांधी भवन तोरेसिहा मैं गाड़ा समाज के जिलाध्यक्ष केआर मुखर्जी के मुख्य अतिथि तथा जिला सचिव बंसीलाल ताड़ी सह सचिव कृपासिंधु कुम्हार जिला सदस्य गुलजारी दास के विशेष अतिथि में तोरेसिहा परी क्षेत्र के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ परी क्षेत्र अध्यक्ष हेतु 3 उम्मीदवार चुनाव लड़े। जिसमें 36 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया यदु लाल जगत तोरेसिहा को 16, किरण कुमार दीप तोरेसिहा को 15 तथा उद्योव नंद भूतिया को 5 वोट मिले एक वोट निरस्त किया गया इस तरह 2 मतों से य दुलाल जगत की जीत हुई।

नरोत्तम दास सचिव युवराज विभाग सह सचिव नरहरी कुम्हार कोषाध्यक्ष टंकाधर भवसागर संरक्षक रोहित भवसागर मीडिया प्रभारी पवित्र ताड़ी, शंकर प्रसाद नाग दशरथ विभार बलभद्र बाघ, अभिमन्यु टांडी, रघु मणि दास घसिया विभार, किशोर नाथ को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है जिलाध्यक्ष केआर मुखर्जी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं।

## ड्रीम योगा मोटरसाइकिल की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**सरायपाली।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 से एक मोटरसाइकिल की चोरी हो गई जिसकी रिपोर्ट आरक्षी केंद्र में दर्ज कराई गई है। थाना से मिली जानकारी अनुसार ग्राम मोहदा निवासी कर्मू जयसवाल ने आरक्षी केंद्र में शिकायत दर्ज करा है कि वे राजमिस्त्री का काम करते हैं और लगभग 15 20 दिन पूर्व से वार्ड क्रमांक 7 में एक मकान निर्माण का कार्य कर रहा है प्रतिदिन की तरह 22 नवंबर को सुबह 9.00 बजे मकान के सामने आम गली मैं उनके मोटरसाइकिल होंडा ड्रीम योगा क्रमांक सीजी 12 एजी 3381 को खड़ी कर घर अंदर काम करने गए थे शाम करीब 4.30 बजे मोटरसाइकिल को देखा था लेकिन उसके बाद से शाम 5.00 बजे छुट्टी होने पर बाहर निकल कर देखे तो मोटरसाइकिल खड़ी किए जगह पर नहीं थी आसपास पता तलाश किए परंतु पता नहीं चला पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है ।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें : किरणमयी नायक

## महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी ने की कोरिया जिले में महिला उत्पीड़न संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कोरिया जिले के महिलाओं के उत्पीड़न संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में की। सुनवाई के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग व फिजीकल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाईजर का प्रयोग करते हुए कार्यवाही प्रारंभ की गई। उन्होंनें सुनवाई के लिए उपस्थित सभी पक्षकारों से चर्चा कर संबंधित प्रकरणों के स्थिति के संबंध में पूछताछ की। निर्धारित 20 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए 13 प्रकरण निराकृत कर नस्तीबद्ध किया गया तथा 7 प्रकरण आगामी सुनवाई हेतु रखा गया। उक्त 20 प्रकरणों में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, दहेज, मारपीट एवं संपत्ति विवाद के प्रकरण शामिल थे।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक के द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्धारित प्रकरणों पर सुनवाई की गई जिसमें एक प्रकरण में मृतिका की ओर से समाज सेवी संस्था से उपस्थित आवेदक जिसकी शिकायत आवेदिका डॉक्टर महिला चिकित्सक के विरुद्ध लापरवाही से मृत्यु कारित करने की थी, को अध्यक्ष डॉ. नायक ने गंभीरता से संज्ञान लिया।

मामले की जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि आवेदन मृतिका के निकट परिजनों के द्वारा ना की जाकर समाजसेवी संस्था के द्वारा की गई थी जिसका उक्त शिकायत से सीधा संबंध नहीं है और यह पाया गया कि शिकायत आपसी रंजिश वश की गई है। महिला चिकित्सक की ओर से अपने पक्ष समर्थन में दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आयोग ने शिकायत का अवलोकन कर आवेदक की शिकायत को नस्तीबद्ध किया। दूसरे प्रकरण में आवेदिका द्वारा कार्यस्थल में प्रताड़ना संबंधित शिकायत की गई थी।

जिसे गंभीरता से संज्ञान लिया जाकर संबंधित विभाग को आंतरिक परिवाद समिति का गठन किए जाने का तत्काल निर्देश दिया गया। साथ ही तहसीलदार की अध्यक्षता में संपूर्ण शिकायत की जांच कर आयोग को उसकी सूचना शीघ्र दिए जाने का निर्देश दिया गया।

इसी तरह अन्य प्रमुख प्रकरण में तत्काल संज्ञान लिया जाकर अनावेदक के विरुद्ध तत्काल एफ आई आर दर्ज किए जाने का निर्देश दिया गया। उक्त प्रकरण में आवेदिका के पुत्री के साथ छेड़छाड़ तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने संबंधित शिकायत आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

इसी तरह आयोग के समक्ष आये मानसिक प्रताड़ना के प्रकरण में वृद्धा मां को बेटे द्वारा प्रतिमाह भरण पोषण राशि 3500 रुपये दिए जाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त माता से लिए हुए नगद राशि 1 लाख 35 हजार रुपये भी वापस किए जाने का निर्देश दिया गया। जिस पर आयोग के निर्देश का पालन करने अनावेदक पुत्र और बहू ने सहमति दी। अन्य उल्लेखनीय प्रकरणों में प्रमुख एक प्रकरण में आवेदिका की शिकायत पर अनावेदक पति के द्वारा पुत्री सहित 4000 रुपये प्रति माह भरण पोषण राशि का निर्देश दिया गया जिसके त्वरित पालन में अनावेदक द्वारा आयोग की समझाइश पर 2000 रुपये नगद अपने पत्नी और पुत्री को दिया गया। इसके अतिरिक्त आर्थिक अपराध संबंधित शिकायत पर आवेदिका को अध्यक्ष डॉ किरणमयी ने समझाइश दी। पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि शिकायत पर जांच कर अपराधी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करें तथा आर्थिक लेनदेन संबंधी कार्यवाही किया जाकर आवेदिका को राहत दे।

सुनवाई के दौरान संसदीय सचिव व विधायक बैकुंठपुर अम्बिका सिंह देव, सविप्रा उपाध्यक्ष व भरतपुर- सोनहत विधायक गुलाब कमरो, कलेक्टर एसएन राठौर, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के साथ पुलिस प्रशासन भी उपस्थित थे।

# स्लम क्षेत्रों में मेडिकल सुविधाएं पहुंचाने मेडिकल यूनिट रवाना किया



**कोरिया।** मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, महापौर कंचन जायसवाल, कलेक्टर एसएन राठौर, एसडीएम पी.व्ही खेस्स एवं नगर निगम आयुक्त सुमन राज के द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर निगम चिरमिरी पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट को स्लम क्षेत्रों में मेडिकल सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से रवाना किया गया।

यहां पहली यूनिट के पहुचते ही चिन्हांकित स्लम एरिया में मेडिकल यूनिट द्वारा इलाज भी प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्लम क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य का जांच, उपचार, दवा वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श सुविधा निःशुल्क दिया जा रहा है। यूनिट में ओपीडी, प्रयोगशाला जांच के साथ दवा वितरण और लैब में 41 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम चिरमिरी में कुल 40 स्लम एरिया हैं जिनमें लिंक स्लम 09, नोटिफाइड स्लम 15 और गैर नोटिफाइड स्लम 16 हैं। इन स्लम एरिया में रहने वाले परिवारों की संख्या 6766 है।

जिसकी कुल जनसंख्या 33830 है। प्रदेश में मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम के माध्यम से झुग्गी बस्तियों के लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज होने से छोटी-छोटी बीमारी से जूझने वाले असंख्य परिवारों को राहत मिलेगी। यह योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया की सोच का ही परिणाम है। जिससे स्लम एरिया में रहने वाले परिवारों को उनके ही घरों के आसपास इलाज की सुविधा मिल रही है और प्रदेश में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट हर गली, हर द्वार पहुचने लगी है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 30 नगरीय निकायों के स्लम इलाकों में नागरिकों एवं श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हॉस्पिटल सह लैबोटरी बस (मोबाइल मेडिकल यूनिट) का शुभारंभ किया गया है।

# नवनिर्मित सहकारी समिति नेवसा के संचालक मंडल की हुई उपेक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ सेवा सहकारी समिति के संचालक जितेन्द्र भुवाल ने शिकायत में बताया कि नवागढ़ सेवा सहकारी समिति से पृथक होकर सेवा सहकारी समिति नेवसा के उद्घाटन समारोह में संचालक बोर्ड का उपेक्षा कर लुकाछिपी कर संसदीय सचिव गुरु दयाल सिंह बंजारे के हाथों फीता कटवाई गए उद्घाटन समारोह का खर्च नवागढ सेवा सहकारी समिति उठाएगी लेकिन समिति के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की



घोर उपेक्षा कर किसानों का अपमान किया गया गैर राजनीति संस्था में राजनीति करण किया गया संचालक बोर्ड सम्मान न देना बेहद ही शर्मनाक हरकत है जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री राज्य पाल से किया जाएगा भुवाल ने बताया कि नाम पट्टी में संचालक सदस्यों के नाम अंकित करने के बजाय कांग्रेस पार्टी के सदस्यों का नाम लिखा गया है शर्म की बात है कि जनता व्दारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर किसानों के सहकारी समितियों को पंजाकरण किया जा रहा है तलचट्टे लोगों के कारण ही लोकतंत्र की धज्जियां उड रहीं हैं।

# घर-घर हुआ तुलसी और शालिग्राम का विवाह

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर सहित जिले के गांव गांव में प्रबोधिनी जेठवानी एकादशी पर्व श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया शाम को लोगों के द्वारा आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर किया बुधवार को सुबह से ही घर आंगन की सफाई कर रंगोली की विभिन्न कलात्मक आकृति बनाया गए थे।

शाम होते ही घर के सभी कमरे में मिट्टी की दिए से घर को रोशनी किया गया इस के साथ ही घर के गौठान में दीपक जला कर रखा गया इसके बाद घर के आंगन मे तुलसी चौरा में शालिग्राम भगवान की मूर्ति को रखें और वह पर गन्ने का मंडप बनाया गया तदुपरांत विधि विधान के साथ श्रद्धालु के द्वारा पूजा किया गया जिसमें अक्षत जल अक्षत कुमकुम सिंदूर कुमकुम लगाकर पूजा आराधना किया गया और विभिन्न सामग्री सहित अन्य वस्तु भी चढ़ाये गये इसके अलावा अमरुद कच्चा कांदा बेर चना भाजी सीताफल कच्चे सिंघाड़ा आंवला का भोग लगाया गया इस अवसर श्रीफल भेंट किया वहीं कुछ लोगों ने घर में बने विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भी भोग लगाया गया तदोपरांत अंत में धूप अगरबत्ती से आरती कर आशीर्वाद लिया गया है एकादशी के अवसर पर कई लोगों ने उपवास रखें जिन्होंने पूजा अर्चना के बाद अपना उपवास तोड़ा इस दिन कुछ स्थानों पर गौरा ग़ौरी का विवाह संपन्न कराया कुछ लोगों ने गुरुवार को भी देव उठनी एकादशी व्रत एवं पर्व रखे।



### गाय को बांधे सोहाई

प्रबोधिनी एकादशी पर्व पर यादव समाज के द्वारा घर-घर जाकर गौठांन में गायों को रंग बिरंगी मोर पंख एवं कौड़ियों को रस्सी के माध्यम से आर्कषक रुप से बनाए गए सोहाई को दोहा गाते हुए बांधा गया इसके बदले घर के प्रमुखों की द्वारा धान के साथ एवं विभिन्न प्रकार की अन्य सामग्री सहित नगद राशि भेंट किया देर महिलाएं घर के सभी कार्य निष्पादन करने के उपरांत छितका दिया जिसमें घर के पुराने लकड़ी से बने टोकनी आदि को जलाया गया और उसके बाद घर के सभी सदस्यों ने चावल उसमें डालें और जलते हुए आग का आंच लिया गया इसके बारे में लोगों में यह धारणा है कि छितका का आंच लेने से साल भर किसी तरह की कोई गंभीर बीमारी नहीं होता।

### जो मनाया जाता है प्रबोधिनी एकादशी पर्व

प्रबोधिनी एकादशी मनाने के पीछे मुख्य रुप से एक कथा प्रमुख माना जाता है इसके संबंध बताया जाता है कि एक समय की बात है कि राजा जालंधर की पत्नी का भगवान विष्णु ने परीक्षा लिया राजा जालंधर भले ही राक्षसी प्रवृत्ति के थे किंतु उनकी पत्नी पतिव्रता नारी थी भगवान विष्णु ने एक दिन जालंधर का वेश धारण करके जालंधर की पत्नी के पास पहुंचे जिन्हें रानी पहचान नहीं पाई इससे उन का सतीत्व भंग हो गई बाद में जब असलियत की जानकारी हुई तो रानी ने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया जिसके के कारण विष्णु भगवान पत्थर के हो गए बाद में विष्णु भगवान को श्राप से मुक्ति के लिए अगले जन्म में तुलसी से विवाह करने का वरदान दिया गया इसलिए प्रबोधिनी एकादशी के दिन मां तुलसी का विवाह भगवान विष्णु के साथ हुआ इसलिए इस पर्व को तुलसी विवाह भी कहा जाता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 164/2020-2021
वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती वार्ड-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड-50 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **EWS-221 न्यू राजेन्द्र नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सुशीला देवी त्रिवेदी W/o श्याम बिहारी त्रिवेदी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती कृष्ण रिजवानी W/o दीलिप रिजवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 166/2020-2021
वार्ड का नाम - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड-56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविन्द दीक्षित वार्ड-56म वार्ड में स्थित भवन / भूमि **B-03 मैथिलीशरण गुप्त परिसर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजकुमार सलुजा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मंजू चतुरमोहता W/o सुधीर कुमार चतुरमोहता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 167/2020-2021
वार्ड का नाम - मे. अरविंद दीक्षित वार्ड-56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मे. अरविन्द दीक्षित वार्ड-56 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **C-78 शैलेन्द्र नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मांगी लाल जी जैन S/o पुखराज जैन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मंजू देवी चतुरमोहता W/o सुधीर कुमार चतुरमोहता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**IndusInd Bank**
IndusInd Bank LTD. 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jai Stambh Chowk, Raipur (C.G.)

**AUCTION NOTICE**

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **03.12.2020,** else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them

| Sl. No. | Deal No. | Borrower Name/Branch | Vehicle Details | Yard Name & Address | Contact No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FRA00272G | SANTOSH SARTHI **RAIGARH** | **BAJAJ RE** 4S CNG, CG13AB4274, **Model**-2018 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH, CG | Jeetendra Singh-7448808792 |
| 2 | FRW00046G | DINESH ISAI **KAWARDHA** | **ATUL GEM PREMIUM, CHAS**-MCG27 P3DKL1786514, **ENG**-A7K1143206 **MODEL**-2018 | CHANDRAVANSHI FULES, KAWARDHA, CG | Hemant Yadav-9713500181 |
| 3 | FRO00688G | RAJNIKAT TEHARVANSH **RAIPUR** | **APE PIAGGIO PASSENGER DLX** BS IV, CG04MT6530, **Model**-2019 | TAJ PARKING YARD, RAIPUR-CG | |
| 4 | FRB00735G | KUSUMKALI MANIKPURI **BILASPUR** | **PIAGGIO A/R**-501 DIESEL, CG10 AQ4408, **MODEL**-2018 | JAIN CAMPUS, BILASPUR-CG | |
| 5 | FRB00749G | GANGA RAM KUSRO **BILASPUR** | **PIAGGIO APE XTRA PASSENGER,** CG10AS3543, **Model**-2019 | JAIN CAMPUS, BILASPUR-CG | |
| 6 | FRG00071G | GAJADHAR LOHARA **RAJNANDGAON** | **Veh mod-PIAGGIO APE XTRA LD** | GAGAN ENGINEERING WORK, RAJNANDGAON-CG | |

**Chhattisgarh Rajya Sahakari Bank Mydt.**
**(Apex Bank)**
Head office, "Sahakar Bhavan" Plot No.74, Sector-24 Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) 492002
C.G./HO./Atal Nagar/No.2777 Dt. 26/11/2020

**Request for Proposal (RFP)**

Proposal are invited from eligible consultancy agencies for **:-Providing of Skilled man power for the Chhattisgarh rajya Sahkari Bank Mydt.(Apex Bank) Rfp Document can be obtained from head office, Plot no 74 Sector 24 nawa Raipur Atal Nagar, Required Document shell be sent to office of the undersigned by speed post/registered post only**
Modification/ Amendments/ corrigendum, if any shall not be advertised in the news paper. shall be published on website **www.cgapexbank.com** .The undersigned reserves the right to change the terms and conditions select / reject any application without assigning any reason thereof. Cost of Tender Document is Rs 5000 (Non Refundable)
Date of obtaining RFP Document Start from **27.11.2020**
Last Date of Submission of Offer is **07.12.2020 (3.00 pm)**

**Managing Director**
Rajesh

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 165/2020-2021
वार्ड का नाम - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **कमल विहार योजना 4 सेक्टर 8A भू.क्र. A-104** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती भारती केवलानी W/o मुरलीधर केवलानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती संतोषी साहू W/o झबलेश कुमार साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 121/2020-2021
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्रमांक-37

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड-37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/17/5/692 डी-00317** जो कि निगम अभिलेख में **श्री गोविंद राम सोनी पिता मुरलीधर सोनी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती रूपेश साहु पिता हरिचंद साहु** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 118/2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामीआत्मानंद वार्ड क्रमांक-39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड-39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/969 15/ई-00152** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रूप कुमार महोबिया एण्ड सन्स कर्ता :- रूप कुमार महोबिया पिता सुरजमल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. अनिल कुमार अग्रवाल पिता गोविंद लाल अग्रवाल 2. अलका अग्रवाल पति अनिल कुमार अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 48/2020-2021
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड-01

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड-01 वार्ड स्थित भवन / भूमि **जनता 1256** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मनोज प्रसाद S/o श्री रामेश्वर प्रसाद** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती प्रवीण गुप्ता S/o स्व. दिलीप कुमार गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 49/2020-2021
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड-01

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड-01 वार्ड स्थित भवन / भूमि **जनता 1255** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती दिलीप कुमार गुप्ता S/o श्री स्व. गणेश गुप्ता** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती जनक बाई गुप्ता W/o स्व. दिलीप कुमार गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 50/2020-2021
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड-01

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड-01 वार्ड स्थित भवन / भूमि **जनता 1254** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती दिलीप कुमार गुप्ता S/o श्री स्व. श्री गणेश गुप्ता** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती जनक बाई गुप्ता W/o स्व. दिलीप कुमार गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि./यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, सिहावा भवन परिसर सिविल लाईन जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक 01/कार्य/2020-21/रायपुर, दिनांक 25.11.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर के कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार स्नातक मेकेनिकल/इलेक्ट्रिकल अभियंताओं से निविदा प्रपत्र ए-ए (From 'A'-a) में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 08.12.2020 (कार्यालयीन समय) तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | कार्य का नाम/विवरण | कार्य की लागत राशि (रुपये लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 4 |
| 1. | Protective Coating by Painting of Hoist Bridge structure and motor winch cover (1 to 22) and stair case of spill way gates of Sikasar project. | 6.66 | 2 माह |

कार्यपालन अभियंता, वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग रायपुर के कार्यालय में दिनांक 02.12.2020 से दिनांक 08.12.2020 (कार्यालयीन समय) तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 14.12.2020 (कार्यालयीन समय) तक केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे। निविदा के लिफाफों का चपड़े से सीलयुक्त होना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 15.12.2020 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जावेगी।

निविदा से संबधित सभी आवश्यक शर्तें एवं मापदण्ड निविदा प्रपत्र में दी गई है।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**जी-85191/3**

## संपादकीय

# लव जिहाद, उच्च न्यायालय की राय


**हालांकि**, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में लव जिहाद का आरोप खारिज करते हुए परिपक्व वयस्कों द्वारा पसंद के अधिकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे पर अध्यादेश लाने की घोषणा की है। कुछ अन्य राज्य सरकारों ने भी अंतर-धार्मिक विवाहों को प्रेम के बहाने धर्मान्तरण रोकने का साधन माना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पहले निर्णय दिया था कि केवल विवाह के लिए धर्मान्तरण अस्वीकार्य है। लेकिन अब उसने कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा है कि यह फैसला 'कानून की नजर में बुरा' है क्योंकि यह वयस्कों के जीवन के अधिकार व व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा डालता है। एक मुस्लिम पुरुष से विवाह करने के लिए एक हिंदू लड़की द्वारा स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकारने तथा उसके माता-पिता द्वारा मामला दर्ज कराने पर लड़की के अधिकारों के पक्ष में फैसला देते हुए पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि दो वयस्कों को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पसंद का अधिकार है। इस प्रकार अदालत ने हर अंतर-धार्मिक संबंध पर संदेह करने से इनकार किया है। अदालत ने यह चेतावनी भी दी है कि अंतर-धार्मिक विवाहों पर ऐसे बाध्यकारी मानक 'विविधता में एकता' को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही कहा गया है, 'यदि कानून दो समलिंगियों को भी शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है तो किसी व्यक्ति या परिवार और यहां तक कि राज्य को दो वयस्कों के ऐसे संबंध पर आपत्ति का अधिकार नहीं होना चाहिए जो अपनी स्वतंत्र इच्छा से साथ रह रहे हैं।'महिलायें विवाह संबंधों में स्वतंत्रता के लिए लगातार संघर्ष करती रही हैं और अनेक मामलों में उनकी परिवार या समाज की इज्जत के नाम पर हत्या तक कर दी जाती है। यदि वयस्क के रूप में उसे पसंद के अधिकार से वंचित कर दिया जाए तो उसके सशक्तीकरण पर भी सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश का अध्यादेश तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पास धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2020 कुछ परिस्थितियों में अंतर-धार्मिक विवाह को गैर-जमानती प्रकृति का अपराध परिभाषित करते हैं जिसमें पांच साल तक कठोर दंड का प्राविधान है। सर्वोच्च न्यायालय ने केरल में एक लव जिहाद के मामले में पसंद के अधिकार को सम्मान देते हुए 24 वर्षीय लड़की को उसके परिवार और पति से अलग किया था। केरल उच्च न्यायालय ने हदिया का संरक्षकत्व उसके माता-पिता को सौंपा था जिन्होंने उसे 11 महीने बंद रख कर सलेम कालेज में उसकी पढ़ाई बंद करा दी थी क्योंकि उनको उसके पति शाफीन द्वारा बहकाने का खतरा था। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने परिवार तथा पति से अलग कर पता लगाया था कि हदिया का संबंध वास्तविक था। इससे सिद्ध हुआ था कि दो वयस्कों के साथ रहने के अधिकार को सामाजिक पूर्वाग्रहों के आधार पर कुचला नहीं जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई विवाह के बाद स्वेच्छा से धर्मान्तरण करना चाहता है तो उसे दो महीने पहले जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देना होगा, जबकि मध्य प्रदेश में इसके लिए कलेक्टर से अनुमति लेनी होगी। लेकिन इज्जत के नाम पर हत्या जैसे प्रकरणों वाले समाज में सार्वजनिक रूप से प्रेम या धर्मान्तरण की घोषणा शायद कठिन होगी। हाल ही में अंतर-धार्मिक विवाह की पैरवी करने वाले एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को विरोध का सामना करना पड़ा था, जहां दोनों पक्षों ने अपना धर्म नहीं बदला था। इसके अलावा जबरन धर्मान्तरण के खिलाफकानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 366 में जबरन विवाह के लिए किसी महिला के अपहरण पर दस साल जेल की सजा का प्राविधान है। वैसे भी भारतीय मानव विकास सर्वेक्षण के अनुसार सभी विवाहों में केवल लगभग पांच प्रतिशत ही अंतर-जातीय विवाह होते हैं तथा अंतर-धार्मिक विवाहों की संख्या और भी कम है। 2016 में सोशल एटीट्यूड्स रिसर्च फार इंडिया-सारी के सर्वे में पता चला था कि बहुसंख्य लोग अंतर-जातीय व अंतर-धार्मिक विवाहों के विरोध में हैं।

# राष्ट्र जीवन की गति का दिक्सूचक संविधान

## संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है।



**हृदयनारायण दीक्षित**
(लेखक उप्र विधानसभा अध्यक्ष हैं)




भारत ने 26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस मनाया। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवम्बर 1949) में डॉ. आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राष्ट्र राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत ने संविधान को ही सर्वोत्तम सत्ता माना। भारत के प्रत्येक जन को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार मिले। इसके पहले 1947 तक भारत में ब्रिटिश सत्ता थी। भारत परतंत्र था। 26 नवम्बर के दिन से अपना संविधान प्रवर्तन हुआ था। सो जनगणमन ने समता, समरसता और सम्पन्नता के सपने देखे। अब न कोई राजा था, न कोई शासक। जनगणमन का भाग्य विधाता अब संविधान था। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु रहा है। संविधान के कार्यकरण पर चर्चा का अवसर है। आज 26 नवम्बर का दिन सभी संवैधानिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों और देशभक्तों के लिए गहन आत्म विश्लेषण का उत्सव हैं।

संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नही बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है। भारतीय संविधान निर्माता सनातन सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग3- मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4- राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग-5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा -अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान मार्गदर्शी है लेकिन राष्ट्र की समृद्धि संवैधानिक संस्थाओं पर आसीन महानुभावों पर निर्भर है। डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा - संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। अपने आखिरी भाषण में डॉ. अम्बेडकर ने भी प्राचीन भारतीय परम्परा की याद दिलाते हुए कहा था '' एक समय था जब भारत गण राज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था।'' भारत संसदीय प्रक्रिया से पहले भी सुपरिचित था। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे।

प्राचीनतम ज्ञान अभिलेख ऋग्वेद में ''गणांना त्वां गणपति'' आया है। मार्क्सवादी चिंतक डा0 रामविलास शर्मा ने लिखा है ''गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं।'' महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र के सूत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपर्वः 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गणतंत्र के लिए बाहरी की तुलना में आंतरिक संकट बड़ा होता है - 'आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्' बाह्य उतना बड़ा नहीं। संविधान राष्ट्र का कारक है। संविधान निर्माताओं ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। उन्होंने अनेक संवैधानिक संस्थाओं का प्राविधान किया है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण का सिद्धांत लागू है। निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं सारी दुनिया में प्रतिष्ठित हैं। संसद विधायी और संविधायी अधिकारों से लैस है। संवैधानिक संस्थाएं आदरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोकसभा प्रवेश के पहले दिन संसद भवन की सीढ़ियों पर साष्टांग प्रणाम किया था। यह प्रेरक और ऐतिहासिक है। वे सभी संवैधानिक संस्थाओं का आदर करते हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद को सविधान संशोधन का भी अधिकार दिया है। श्री मोदी की सरकार ने संविधान के अनुच्छेद-370 को हटाने की कार्यवाही पूरी कर ली है। इसे हटाना संविधान निर्माताओं का ही स्वप्न था। उन्होंने इसके शीर्षक में 'अस्थायी उपबंध' शब्द छोड़े थे। जम्मू कश्मीर की आम जनता इससे प्रसन्न है, लेकिन अलगाववादी शक्तियां अभी भी सक्रिय हैं। यही स्थिति सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की है। कुछ ताकतें खुल्लमखुल्ला इसका विरोध कर रही हैं। इसी तरह संसद द्वारा किसानों के हित के लिए पारित कानूनों को लेकर भी कुछ सरकारें संसद द्वारा पारित कानून को भी चुनौती दे रही हैं। कुछ अलगाववादी और देश तोड़ ताकतें बार-बार सिर उठाती है। ऐसी ताकतें संविधान की सर्वोपरिता का सिद्धांत नहीं मानती हैं। भारतीय गणतंत्र लगातार विकसित हो रहा है। न्यायपालिका संविधान की जिम्मेदार संरक्षक है। हिन्दुत्व की व्याख्या व नवीं अनुसूची के दुरूपयोग को रोकने सहित अनेक मसलों पर न्यायपीठ ने प्रशंसनीय फैसले किये हैं। मौलिक अधिकार सुरक्षित है। कृषि, विकास, गोवंश संवर्द्धन राज्य के नीति निर्देशक संवैधानिक तत्व हैं। महाभारतकार ने गणतंत्र की सभा समिति (संसदीय व्यवस्था) के सदस्य की अनिवार्य योग्यता बतायी थी -न नः स समितिं गच्छेत यश्च नो निर्वपेत्कृषिम- जो खेती नहीं करता वह सभा में प्रवेश न करे। ऋग्वैदिक काल में ऋषि भी कृषि करते थे। कामन सिविल कोड नीति निर्देशक तत्व है। हिदुत्व इस देश का प्राण तत्व है, लेकिन साम्प्रदायिक कहा जाता है। अलगाववाद देशतोड़क है तो भी सेकुलर है। अल्पसंख्यकवाद की आंधी है, लेकिन संविधान और कानून में 'अल्पसंख्यक' शब्द की परिभाषा नहीं है। गहन आत्मचिन्तन ही एकमेव विकल्प है।

संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों की प्रतिभूति है। लेकिन इसी के साथ संविधान के अनुच्छेद-51क में मूल कर्तव्यों की भी सूची है। इस सूची में कहा गया है कि ''प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है कि वह संविधान के पालन के साथ उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर करें। स्वाधीनता के राष्ट्रीय आन्दोलन के आदर्शों को हृदय में संजोये और उनका पालन करें। राष्ट्र की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे। किसी भी तरह के भेदभाव से परे भारत के सभी लोगों में समरसता और भाईचारा की भावना का विकास करे। पर्यावरण की रक्षा करे, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे। हिंसा से दूर रहें।'' मूल कर्तव्यों की यह सूची भारत के लोक जीवन को आनन्दित करने का दस्तावेज है। संविधान दिवस के अवसर पर इसका पाठ और पुनर्पाठ बहुत जरूरी है।

संविधान की उद्देशिका स्मणीय है। उद्देशिका में 'हम भारत के लोग' शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। भारत की जनता के लिए किसी जाति सम्प्रदाय या वर्ग शब्द का प्रयोग नहीं है। हम सबकी पहचान भारत है।' हम सब भारत के लोग' हैं। उद्देशिका में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त कराने के लिए संकल्प है। इनमें प्रतिष्ठा और अवसर की समता है। उद्देशिका एक तरह से हमारी राजव्यवस्था का स्वप्न है। यह बारम्बार विचारणीय और माननीय है। संविधान भारत का राजधर्म है।

# नगरोटा कांड के पीछे पाकिस्तान



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

जम्मू शहर के बाहर स्थित नगरोटा कस्बा एक समय दुनिया के सबसे बड़े सैनिक कार्पर्स के आवासस्थल के रूप में जाना जाता था जहां नाइट्स कार्पर्स या 16वीं कार्पर्स रहती थी। यहां घाटी से भाग कर आए कश्मीरी पंडितों को भी बसाया गया था। यह छोटा गैरिज़न कस्बा जम्मू-कश्मीर राजमार्ग की जीवनरेखा के निकट है। यह राजमार्ग जम्मू के मैदानों को कश्मीर घाटी से जोड़ता है तथा पीर पंजाल व त्रिकुटा पर्वतों के बीच से निकलता है। एक पहाड़ की चोटी पर वैष्णो देवी मंदिर है तथा तलहटी में नगरोटा बस्ती है। इसी सड़क पर 54 किलोमीटर आगे भारतीय सेना के उत्तरी कमांड का मुख्यालय उधमपुर में है। इस कस्बे में भारतीय सेना की अच्छी उपस्थिति है क्योंकि यह निकटतम पाकिस्तानी सीमा से केवल 40 किलोमीटर दूर है तथा यहां ऐसे अनेक रणनीतिक आपरेशन 'लाइव' देखने में आए हैं जिनका संबंध पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा-एलएसी से रहा है। इस कारण इस कस्बे पर आतंक व हिंसा फैलाने वालों ने भी बहुत ध्यान दिया है जो एलएसी के पार अपने आकाओं से संचालित होते हैं। चार साल पहले नगरोटा में आतंकी हमला हुआ था जब भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सीमा पार कर 116 मीडियम रेजीमेंट के आवास की रक्षा करने वाले सैनिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। यहां सैनिकों को बंधक बनाने का प्रयास हुआ था तथा स्थिति सामान्य होने तक सात भारतीय सैनिक शहीद हुए थे व तीन आतंकी मारे गए थे। नगरोटा मुठभेड़ स्थल से मिले सारे प्रमाण आतंकी संगठन जैशे मुहम्मद की ओर इशारा करते हैं। मृत आतंकियों से मिले दस्तावेजों से तथाकथित 'अफ्जल गुरु स्क्वाड' की संलिप्तता सामने आई है। इस कथित समूह ने पहले पठानकोट, बारामूला, उड़ी व अन्य स्थानों पर ऐसे आतंकी हमले किए हैं। पिछले साल इसी समूह ने पुलवामा



में घातक हमला किया था जिसमें कम से कम 350 किलो विस्फोटकों का प्रयोग हुआ था तथा भारतीय सुरक्षा बलों के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने बालाकोट पर जवाबी हवाई हमला किया था। पिछले सप्ताह जैशे मुहम्मद फिर सामने आया जब उसके चार आंतकी भयानक मुठभेड़ में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के निकट नगरोटा में मारे गए। हालिया मुठभेड़ में पाकिस्तान का हाथ असंदिग्ध रूप से दिखाई देता है क्योंकि बहावलपुर स्थित जिहादी समूह जैशे मुहम्मद का जन्म पाकिस्तानी अवस्थापना या इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस-आईएसआई से हुआ है और वही उसे पालती पोसती है। यह कश्मीर घाटी में विद्रोही समूहों के बीच प्रतियोगिता का युद्ध भी है जहां पहले स्थानीय 'स्वतंत्रता-समर्थक' समूहों का वर्चस्व था। लेकिन उनको हाशिए पर धकेल दिया गया है और अब एलओसी के पार से राज्य-समर्थन पाने वाले 'पाकिस्तान-समर्थक' या ज्यादा उग्र स्तर पर सारी दुनिया में इस्लामी खलीफा राज्य स्थापित करने के समर्थक समूहों का अस्तित्व बचा हुआ है। जैशे मुहम्मद को उसके कुख्यात नेता व विचारक मसूद अजहर के नाम से जाना जाता है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया है। उसे कुख्यात व निन्दनीय रूप से चीन का समर्थन भी प्राप्त है जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी की प्रतिबंध समिति में उस पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ 'तकनीकी आधार' पर वीटो लगाया था तथा 'प्रमाणों की कमी' का झूठा बहाना बनाया था। पाकिस्तान और चीन द्वारा जैशे मुहम्मद के समर्थन के पीछे असली राजनीति का संबंध इस तथ्य से है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उनके लिए नैतिकता या निरंतरता का कोई स्थान नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसी एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद प्रायोजित करने के कारण 'काली सूची' में डालने से बचने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। जैशे मुहम्मद पर संरा. तथा लगभग सभी पश्चिमी देशों और यहां तक कि यूएई जैसे इस्लामी देशों ने भी प्रतिबंध लगाया है। वैश्विक दबाव के कारण पाकिस्तान ने भी इस पर प्रतिबंध लगाने का ढोंग किया है, जबकि यही समूह बाद में तहरीकुल फुरकान, खुद्दामुल इस्लाम, अल रहमत ट्रस्ट, आदि नामों से सामने आता रहा। सारे दबावों के बावजूद मसूद अजहर पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' के प्रति स्वामिभक्त है और इससे समूह को कश्मीर में कार्रवाइयों की आजादी मिल गई है। अजहर पर समय-समय पर अस्थाई 'संरक्षक हिरासत' लगा दी जाती है, लेकिन जम्मू कश्मीर में उसकी कार्रवाई की क्षमताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि इनके पीछे पूरी तरह व संपूर्ण रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना का हाथ है। हालिया नगरोटा हमला अपने आयाम, संवेदनशीलता व आक्रामकता के दृष्टिकोण से पूरी तरह पाकिस्तानी संलिप्तता स्पष्ट करता है। आतंकियों के पास से 11 एके 47 राइफलें, तीन पिस्तौल, 29 ग्रेनेड, 6 यूबीजीएल, मोबाइल उपकरण आदि बरामद हुए। इसके अलावा निकटवर्ती सांबा क्षेत्र में 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगा जो सीमा पार से घुसपैठ के लिए बनाई गई थी। ये सारी गतिविधियां बिना पाकिस्तान सरकार की सहायता के असंभव हैं। इस सुरंग के निर्माण में इंजीनियरिंग जटिलता प्रदर्शित होती है जो कम से कम 25-30 मीटर गहरी तथा 2.5 मीटर चौड़ी है। यह सुविधा निकटवर्ती पाकिस्तानी फौजी चौकियों रजब साहिब व आसिफसाहिब के सहयोग के बिना नहीं बनाई जा सकती थी।

## फरमाया



**भाजपा** लगातार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है। क्या कभी आपने भाजपा से जुड़े लोगों पर सीबीआई छापेमारी की बात सुनी है।

– **बाला साहब थोराट**
महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री



**पहले** भाजपा ने शरद पवार को फिर राजस्थान व अन्य राज्यों में अन्य विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया। यह द्वेषपूर्ण राजनीतिक है।

– **छगल भुजबल**
राकांपा नेता



**प्रताप** सरनाइक कोई संत नहीं हैं और क्रियान्वयन निदेशालय की कार्रवाई कानून के मुताबिक चल रही है।

– **नारायण राणे**
भाजपा नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## संविधान की 71वीं वर्षगांठ

**देश** के केवडिया में, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर भारतीय संविधान की 71वी वर्षगांठ मना रहा है। आज विश्व के सबसे बड़े आबादी वाले लोकतांत्रिक देश में अनेकता में एकता का संचार लिए हुए, सम्पूर्ण विश्व में शांति, सौहार्द और समरसता का भाव उज्जवालित कर रहा।देश की आजादी के बाद, वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ।26 जनवरी, 1950 को भारत गणतंत्र और स्वतंत्र हो गया।हमारे संविधान ने सभी धर्म, जाति, मजहब, भाषा, पंथ को खुले हांथो से अपना लिया।जिस प्रकार से हिन्दू के लिए गीता पवित्र है, मुस्लिम के लिए कुरान, सिख के लिए गुरुग्रंथ साहिब और ईसाई के लिए बाइबल, उसी प्रकार एक देश और उसके देशवासियों के लिए संविधान। ये संविधान न सिर्फ एक धरोहर है बल्कि देश को विकास और एकजुटता में बांधे रखने का अमूल्य एवं पवित्र बंधन भी।प्रधानमंत्री मोदी भी केवाडिया के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।भारत हमेशा अपनी संप्रभुता, अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए शांति के पथ पर अग्रसर हो रहा।आत्मनिर्भर भारत की उड़ान से एक बार फिर भारत नई मिशाल कायम कर रहा है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

## संक्रमण की रोकथाम

**एक** जानकारी के मुताबिक अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं कोरोना रोगियों पर नज़र रखने का नया तरीका ईजाद किया है। अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं डाक टिकट के आकार का सेंसर युक्त उपकरण तैयार किया जो बेहद मुलायम और लचीला है। इसे गले के निचले हिस्से पर लगाया जा सकता है। त्वचा पर होने वाले बेहद मामूली कंपन ,श्वसन तंत्र पर नज़र खांसी की गणना आदि कर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने वाले उपकरण से कोरोना रोगियों पर नजर रखने में आसानी होगी। ऐसे उपकरण की सुविधा बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने हेतु मंगवाए जाना चाहिए ताकि ये चिकित्सा के क्षेत्र में मददगार साबित हो। इसके साथ ही अतिमहत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों छोड़ कर शेष पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। महामारी से सब देश जूझ ही रहे है। जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक की पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प संक्रमणता तो काफी कम कर सकता है। साथ ही इस बात की ट्रेंनिग भी है। यदि कभी युद्ध की स्थिति बनती तो इसप्रकार के हालातों से निपटने हेतु आत्मनिर्भर बन कठिनाइयों का सामना आसानी से कर लेंगे।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

## चीन को करारा जवाब

**विगत** कुछ समय से चीन भारत के रिश्तों में कड़वाहट का जवाब भारत ने हमेशा ही मुहतोड़ दिया है। और चीन का ये अतिविश्वास भी खत्म किया है कि वो भारत को हल्के में न ले। भारत की संस्कृति सभ्यता और सहजता को कमजोरी समझने की भूल ना करे। और भारत के कारगर कदमो में फिर भारत ने स्नेक वीडियो समेत 43 और मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर चीन को करारा तमाचा जड़ा है। निश्चित ही चीन को झटका लगना है। केंद्र सरकार ने 43 मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगाया।जिसमे ज्यादातर डेटिंग एप्स है। सरकार ने आई टी एक्ट 69-ए के तहत इन एप्स को ब्लॉक किया है। यानी अब भारत के यूजर्स इन एप्स का इस्तेमाल नही कर पाएंगे। भारत ने इससे पहले चीन को जून ,जुलाई, और सितम्बर में भी चीनी मोबाईल एप्स प्रतिबन्धित किये थे। टिक टाक पर पाबंदी के बाद स्नेक वीडियो तेजी से उसके विकल्प के तौर पर उभरा था। ये भी चीनी एप है। देश की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को खतरा बताते हुये 43 मोबाईल एप्स पर कार्रवाई की गई।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

# गोविंदा ने गोबर बेचकर कमाए 84 हजार रूपए, दीवाली पर खरीदी मोटर साइकिल

### गोधन न्याय योजना से गोविंदा के सपने हुए पूरे

### गोधन न्याय योजना से वर्षो पूराना सपना हुआ पूरा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पायनियर सफलता की कहानी





छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना ग्रामीणों, किसानों, गौपालकों के साथ-साथ गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आमदनी में इजाफा हो रही है। इस योजना के तहत गौठानों में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों और पशुपालकों, चरवाहों को हर पखवाड़े में अच्छी खासी आमदनी हो रही है, जिसके चलते उनकी दैनिक जीवन की जरूरतें सहजता से पूरी होने लगी है। कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड निवासी गोविंदा यादव के परिवार ने गोधन न्याय योजना के तहत 420.4 क्विंटल गोबर बेचकर इसके एवज में 84 हजार 80 रूपए की अतिरिक्त आमदनी की है। गोविंदा ने इस राशि से एक डिलक्स गाड़ी खरीदा है।

ग्राम नवागांव, ग्राम पंचायत सोनपुरी गुड़ा विकासखण्ड कवर्धा निवासी गोविंदा यादव पिता चैन सिंह गोधन न्याय योजना से मिले खुशियों को साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष की दिपावली यादगार साबित हुई है। दिपावली लक्ष्मी पूजा के दिन ही हमने अपने घर के लिए पहला मोटर सायकल खरीदा। उन्होंने बताया कि हमारे छः सदस्यों का परिवार जिसमें माता जी मैं, मेरी पत्नी दो बच्चे और मेरा भाई रहते है। बरसो से मेरा काम गौ चराना ही रहा है। एक एकड़ भर्री जमीन तो है, जिसमें थोड़ा बहुत फसल लेकर अपना गुजर-बसर करते थे लेकिन तीज त्यौहारों के साथ कभी-कभी जरूरत में कर्जा भी हो जाया करता था। यह पहली मर्तबा है जब पिछले पांच महीने से कोई कर्जा लेने की नौबत नहीं आई और सोने पे सुहागा गाड़ी खरीदनें का बरसों पूराना सपना भी पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि मेरी मां सुन्दरिया एवं भाई संजय भी गोधन न्याय योजना से जुड़े हुए है और हम तीनों मिल कर अलग-अलग गोबर बेचते है जिसके कारण हमे यह आमदनी हुई है। इस दिवाली, हिरो का सी.डी. डिलक्स गाड़ी जिसकी किमत 62 हजार रूपये है उसे मैने 40 हजार रूपये देकर खरीदा है। बाकी बची राशि आगामी माह में पूरा कर दुंगा और यह 40 हजार रूपए की राशि मुझे गोधन न्याय योजना में गोबर बेचकर प्राप्त हुई है और बचा पैसा भी हमारे खाते में आने वाला है जिससे अपने परिवार के अन्य जरूरतों को पूरा करेंगे। सचिव ग्राम गौठान प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत सोनपूरी गुड़ा के रमेश शर्मा ने बताया कि गोविंदा और उसके परिवार ने मिल कर 420.4 क्विंटल गोबर योजना प्रारंभ से अब-तक विक्रय किया है। जिसके एवज में इन्हे 84 हजार 80 रूपये का लाभ हुआ उन्होंने बताया कि गोविंदा उनकी मां और उनका भाई तीनों अलग-अलग गोबर विक्रय करते है। इनकी माता जी का भुगतान बैंक ऑफ इंडिया से होता है और दोनो भाईयों का भुगतान ग्रामीण बैक शाखा दशरंगपुर से होता है।

# ठंड से बचने आवश्यक सावधानियां एवं दिशा-निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में सामान्यतः दिसम्बर से जनवरी माह के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी शीतलहर का रूप ले लेती है। इस वर्ष दिसम्बर माह के प्रारंभ से ही कड़ी ठंड पड़ रही है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने ठंड के दौरान लोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बसे निःसहाय, आवासहीन, गरीब, वृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी इत्यादि के ठंड से प्रभावित होने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा शीतलहर से बचने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। शीतलहर की परिस्थितयां-वर्तमान में कुछ क्षेत्रों में सामान्य तापमान 10 डिग्री सेन्टीग्रेट से कम पाया जा रहा है, ऐसी स्थिति में शीतलहर उत्पन्न होती है। राज्य में किसी जिले को शीतलहर एवं पाला से प्रभावित मानने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा निर्धारित तापमान आंकड़ो के आधार पर प्रभावित माना जाएगा। राज्य में शीतलहर एवं पाला की स्थिति में निःसहाय एवं आवासहीन जनसमुदाय को शीतलहर एवं पाला से बचाव के लिए रैन बसेरा, अस्थायी शरण स्थलों में ठहराने हेतु समुचित व्यवस्था की जा रही है। कंबल व्यवस्था-रात्रि रैन बसेरा, अस्थायी शरण स्थलों में पर्याप्त संख्या में कंबल रखने के निर्देश दिए गए हैं। कंबल को किसी व्यक्ति विशेष को आबंटित न करते हुए अन्य हितग्राहियों को भी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। अलाव की व्यवस्था-राज्य के किसी जिले में शीतलहर की स्थिति में शीत प्रकोप से बचाने हेतु आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अलाव की व्यवस्था करते समय ये विशेष ध्यान रखने कहा गया है कि अलाव ऐसे स्थान पर जलाया जाये, जिससे आगजनी की घटना न हो। आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं-शीत प्रकोप से बचाव हेतु आवश्यक दवाओं का भंडारण एवं चिकित्सा सेवायें हेतु समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जिले में चिकित्सा दल गठित कर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया गया है। रबी फसल-शीत प्रकोप से रबी फसलों के बचाव हेतु कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक समुचित व्यवस्था करने कहा गया है। स्कूलों का समय परिवर्तन-तापमान सामान्य से कम होने की स्थिति में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा संस्थाओं के समय में परिवर्तन किया जाना है। मृतकों की सूचना-शीतलहर के कारण किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने एवं अस्थायी रैनबसेरा में रखे गये व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में प्रतिदिन पूर्वान्ह 11 बजे तक जिला कार्यालय के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को दूरभाष क्रमांक 07771-2510823 एवं ईमेल आईडी सीजीरिलिफ/जीमेल.कॉम पर उपलब्ध करावें।

**शीतलहर के के दौरान आवश्यक उपाय**

शीतलहर से बचने के लिए जितना संभव हो घर के भीतर रहकर आवश्यक उपाय करने की समझाईश दी गई है। घर से बाहर निकलने पर गर्म कपड़ों का उपयोग करने कहा गया है। मौसम से संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुनने तथा उसके अनुसार आवश्यक उपाये करने कहा गया है। आपातकाल में भी पॉवर सप्लाई जारी रहने वाले आवासों का उपयोग करने कहा गया है। पॉवर कट होने पर फ्रीज में रखे गये समानों का उपयोग 48 घंटे के बाद नहीं करने की समझाईश दी गई है। शीत लहर से बचाव हेतु टोपी और मफलर का भी उपयोग करने कहा गया है। यदि केरोसिन व कोल के हीटर का उपयोग करते है।

### यादव समाज की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी

# 28.50 लाख की लागत से सेक्टर 6 में बनेगा डोमशेड, मेयर देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



यादव समाज की मांग पर महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से सेक्टर 6 में 28.50 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। यादव समाज के पास कोई भवन नहीं है। इसलिए महापौर ने यादव समाज के लिए इस डोमशेड के निर्माण कार्य करावा रहे हैं। यहां विविध सामाजिक व धार्मिक आयोजन किए जा सकेंगे। भिलाई यादव समाज हर साल धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन करती है। लेकिन समाज के पास आयोजन करने के लिए खुद का भवन नहीं है। ऐसे में समाज की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। जिस पर पहल करते हुए भिलाई नगर विधायक व महापौर यादव ने 28.50 लाख की लागत से सेक्टर 6 पेट्रोल पंप के पास डोम शेड बनाने की घोषणा करने के साथ ही भूमिपूजन किया। बुधवार की सुबह भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। जहां मुख्य अतिथि के रूप में महापौर यादव शामिल हुए। महापौर यादव ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज की पुरानी मांग थी। जब भी हम कहीं कार्यक्रम में मिलते तो इस विषय को लेकर जरूर चर्चा होती। लेकिन अब जल्द ही समाज को खुद का डोम शेड मिलेगा। जिससे समाज के लोगों में बहुत ही हर्ष का माहौल है।

# किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने निर्वाणी



**बेमेतरा।** युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ सौरभ निर्वाणी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने पी एच ई मंत्री गुरु रुद्र कुमार एवम प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की है, इस अवसर पर असंगठित मजदूर कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय राजनादगांव के पूर्व युंका जिला अध्यक्ष मेहुल मारू, नितिन तिवारी,बजरंगी यादव,उपस्थित थे। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टी एस सिंग देव, संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि बेमेतरा जिले सहित पूरे प्रदेश के किसानों के लिए संघर्ष रत रहेंगे। संगठन में जो भी जिम्मेदारी दी गयी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन को मजबूत बनाने काम करते रहूँगा,उनकी नियुक्ति से ग्रामीण अंचल के युवाओ और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त है.. निर्वाणी इससे पहले अविभाजित दुर्ग ग्रामीण के जिला अध्यक्ष थे,राष्ट्रीय स्तर पर इंटुक के सचिव का दायित्व भी सम्हाल चुके है। इनकी माता प्रभा निर्वाणी बेमेतरा नगर पालिका की प्रथम महिला अध्यक्ष रह चुकी हैं इनकी धर्मपत्नी प्रज्ञा निर्वाणी वर्तमान में जिला पंचायत बेमेतरा की सदस्य है।

### पिग कास्टिंग मशीन की बाधा हुई दूर-उत्पादन हुआ भरपूर

# ब्लास्ट फर्नेस-8 बिरादरी के सृजनात्मक कार्य से

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 में पिग कास्टिंग मशीन-1 (पीसीएम-1) की ड्रेन लाइन में पानी के प्रवाह को सामान्य करने तथा पिग कास्टिंग मशीन के प्रचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए रिपेयर कार्य संपादित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण हो जाने से ब्लास्ट फर्नेस के उत्पादन स्तर को बढ़ाने में मदद मिली।

उल्लेखनीय है कि मशीन के मोल्ड्स में हॉट मेटल पोरिंग द्वारा पिग कास्टिंग मशीन काम्प्लेक्स में पिग्स की कास्टिंग की जाती है। सेल-बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-8 में पिग कास्टिंग मशीन में दो बेल्ट हैं, जिस पर मोल्ड लगे हुए हैं। मोल्ड लाइम कोटिंग से पिग्स की आसानी से छंटाई कार्य को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रयोजन के लिए बेल्ट के दोनों ओर चूने का छींटा दिया जाता है। मोल्ड में डाली गई पिघली हुई हॉट मेटल को प्रारंभ में पानी से अलग करके और फिर पानी के स्प्रे से ठंडा किया जाता है। उपयोग किए गए पानी और अतिरिक्त चूने के पानी को सेटलिंग टैंक में एकत्र किया जाता है। सेटलिंग से पानी को हटा दिया जाता है और ड्रेन लाइनों के माध्यम से पम्प हाउस तक पहुँचा दिया जाता है। ड्रेन लाइनों में चोकिंग होने के कारण सेटलिंग का जल स्तर घट नहीं रहा था और मेटल पोरिंग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा था। ज्ञात हो कि तीन सबमर्सिबल पम्पों का उपयोग उसी के लिए किया गया था और सेटलिंग टैंक में जल स्तर उत्पादन प्रक्रिया की दृष्टिकोण से अत्यधिक खतरनाक था। ब्लास्ट फर्नेस-8 की टीम ने ड्रेन लाइन के परम्परागत सफाई विधि के कारगर न होने के कारण इसे साफ करने के लिए सृजनात्मक सोच के साथ पानी के हाई प्रेशर जेट मारने का निर्णय लिया। पानी के प्रवाह को सामान्य करने के लिए पम्प हाउस से डेऊन सम्प तक 28 मीटर की ड्रेन लाइन को 1000 बार्स के हाई प्रेशर वाटर-जेट का उपयोग करके साफ किया गया।

# संसदीय सचिव गुरुदयाल ने किया 34 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◂ नवागढ़
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत खड़ा व बेवरा में 34 लाख की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण संसदीय सचिव व विधयाक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने किया। इस अवसर पर श्री बंजारे ने कहा कि काँग्रेस सरकार किसानों की सरकार है। विकास के लिए पैसों की कमी नही होगी। सभी ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के साथ मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यो के लिए कार्य किया जा रहा है। 15 साल से जो विकास कार्य रुका व पिछड़ा था उसे गति देने का काम कांग्रेस सरकार कर रही है। कोरोना महामारी के इस दौर में भी सरकार आम लोगो के साथ है। इस दौरान बंजारे ने ग्राम पंचायत बेवरा में 3 लाख के रंग मंच एवं सभी ग्रामवासियों के मांग पर अतिशीघ्र हाईस्कूल खोलने की सहमति प्रदान की।

कार्यक्रम को सुरेंद्र तिवारी,ईश्वर लोधी, सुशील साहू, ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रनबन सिंह, राजकुमार यादव, देवेंद्र साहू, लखन कुर्रे, रामबिहारी वर्मा, माधो सिंह, खेड़ा सरपंच संतोषी वर्मा, बेवरा सरपंच नंदनी घृतलहरे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बिना मास्क पहनने वालों के खिलाफ लगाया गया जुर्माना

**बेमेतरा।** नगर मे चौक चौराहे में सोशल डिस्टेंस व मास्क ना पहनकर इधर उधर घूमने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए 26.नव को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल व सी एम ओ होरी सिंह ठाकुर के द्वारा निरंतर कार्रवाई करने निर्देश किया गया निर्देशों के परिपालन पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी व अशोक ठाकुर यातायात प्रभारी संतोष धुर्व के साथ मिलकर मास्क नहीं पहनने वालों से अर्थदंड शुल्क लिया गया। लोगों से 1400 रुपए का अर्थदंड लिया जा चुका है स्वच्छता निरीक्षक द्विवेदी द्वारा आम जनता नागरिक एवं व्यापारिक गणों से अपील कर रहे हैं की अपने घर से जब निकले तो मास्क पहनकर निकले और दूसरों को भी सलाह दें कि मास्क पहन कर ही घर से निकले और अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखकर किसी भी प्रकार के महामारी जैसे बीमारी को दूर भगाएं और अपने बेमेतरा नगर को सुंदर बनाने जागरूकता फैला कर सहयोग प्रदान करने अपील किया कार्यवाही के दौरान यातायात पुलिस टंडन के साथ अशोक ठाकुर उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने को लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया जिसमें बताया गय जिसमें छत्तीसगढ़ जुझारू कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के जिलाध्यक्ष विद्या जैन के द्वारा बताया गया है कि कोविड-19 संक्रमण तेजी से फैल रहा है इस संबंध में डब्ल्यूएचओ के द्वारा भी कहा गया है कि देश मे 10 साल से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं को को घर से बाहर निकलने में मनाही की गई है वहीं हमारे आंगनबाड़ी कुछ केंद्र के भवन किराया किरायरार में संचालित जहां हो रही है जहां पर स्थान जगह की कमी के कारण कई आंगनबाड़ी के केंद्र के सहायक एवं संचालित कार्यकर्ता संक्रमित हो रही है क्योंकि वहां पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र को प्रारंभ करने पर बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं को र्व भोजन देना है जिसके लिए उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र आना पड़ेगा जिससे जगह की कमी के कारण कोविड-19 संक्रमित होने की संभावना बनी रहती है ऐसी स्थिति में संघ संगठन राज्य सरकार के आदेश का पालन करना चाहती है इसके लिए अभी तक जिस तरह टीएच आर के रूप में रेडी टू ईट का वितरण किया जा रहा है उसी तरह गर्म भोजन के स्थान पर सुखी भोजन के सामग्री को वितरण किया जा सकता है कोविड-19 की महामारी के समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका काा इस काम पर लगी हुई है।

यदि सूखा राशन वितरण किया जाएगा तो किसी को भी संक्रमण होने की संभावना नहीं रहेगी वैसे भी प्रदेश की कैबिनेट मंत्री एवं प्रवक्ता रवि चौबे जी के द्वारा अभी स्कूल प्रारंभ करने से इंकार कर दिया गया है ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी खोलना क्या उचित होगा ज्ञापन में आगे बताया गया है कि कोविड-19 में काम करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं कार्यकर्ताओं एवं ई के लिए 5000000 रुपए बीमा की राशि की बीमा सुविधा के देने के रूप में अनुशंसा करती है इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकड़ी केंद्र के कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के स्ट्स् सेवानिवृत्त होने पर क्रमशाह 500000 एवं 300000 प्रदान किया जाए कज्योयो ज्ञा ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर ज्योति सिंह , सयुक्त कलेक्टर मेडम को अपनी 5सूत्रीय मांग और बेमेतरा जिला की समस्त आगन बाडी केन्द्रों को नही खोलने को लेकर जिला अध्यक्ष विद्या जैन , सावित्री ,सीता,दुलेस्वरी,लता दुक्लहीन,जागेस्वरी दुलोरिन निषाद द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन

# रेल दुर्घटना के समय होने वाली आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य का अभ्यास

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



आपातकालीन स्थिति में लोगों की सहायता कर रेल प्रशासन को

रेलवे प्रशासन द्वारा अपने फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिकों को गाड़ियों में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उस आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिए जाने की नियमित परम्परा है। ताकि वे दुर्घटना के समय किए जाने वाले बचाव कार्य के तरीकों को अपनाकर कुशलता पूर्वक राहत कार्य कर सके।

यद्यपि आपदा के समय फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिक ही बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की बटालियन मुंडाली (कटक) उडीसा, रायपुर मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम की आपदा राहत टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से भिलाई डिपार्चर यार्ड/बी.एम.वाई. में किया गया। उक्त संयुक्त मॉक ड्रिल में एन.डी.आर.एफ. की तरफ से 35 लोग, सिविल डिफेंस से 23 लोग, स्काउट एवं गाइड से 12 लोग, टीम से लगभग 25 लोग एवं रेलवे मेडिकल टीम सहित लगभग 200 लोग मौजूद थे, जिनके द्वारा कोविड-19 से संबंधित केंद्र सरकार की सभी गाइडलाइन का पूरा ध्यान दिया गया।

उक्त आयोजन में अग्निशामक वाहन, एंबुलेंस एवं लोकल पुलिस की उचित व्यवस्था थी। इस प्रदर्शन में सवारी गाडी के डिब्बे में बम-विस्फोट कर आग लगने की स्थिति को दर्शाते हुए यह बताया गया कि इस दौरान कैसे पीडितों को सुरक्षित बाहर निकाला जाय एवं उनकी सहायता की जाय। साथ ही आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को भी जीवंत रूप में दिखाया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु राहत एवं बचाव कार्यो की गतिविधियों को भी दिखाया गया। अभ्यास के दौरान लगाए गए पूछताछ केन्द्र, सहायता केन्द्र व सभी राहत स्टालों एवं मौजूद साधन संसाधनों का अवलोकन मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने किया । इस अवसर पर श्याम सुंदर गुप्ता ने स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए मॉक ड्रिल के आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए रेलवे द्वारा नागरिकों को आपदा के समय की जाने वाली बेहतर कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही अपील भी किया गया कि वे आपात स्थिति में लोगों की सहायता कर रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# पीजी कॉलेज बेमेतरा के विद्यार्थी दर-दर भटकने को मजबूर

### लगा रहे यूनिवर्सिटी कॉलेज के चक्कर

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पिछले दिनों हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की परीक्षाओं का रिजल्ट आना प्रारंभ हो गया है जिसमें पीजी कॉलेज बेमेतरा के जिन जिन विद्यार्थी का रिजल्ट में डब्बूल एच व अप्सेन्ट लगा हुआ है उसके लिए विद्यार्थी कॉलेज में संपर्क करते हैं तो कॉलेज विभाग यूनिवर्सिटी विद्यार्थी को भेज देते हैं वही विद्यार्थी यूनिवर्सिटी में संपर्क करते हैं तो यूनिवर्सिटी द्वारा वापस कॉलेज भेज दिया जाता है जिससे विद्यार्थी में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कॉलेज द्वारा सही गाइडलाइन व कार्यालयीन कार्य नहीं कर पाने पर विद्यार्थी इधर उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं वही पीजी कॉलेज बेमेतरा के प्राचार्य 3.00 बजे के बाद कॉलेज में पहुंचते हैं।

जिसके कारण विद्यार्थी सीधे प्राचार्य से भी नहीं मिल पाते व कॉलेज के सभी स्टाफ द्वारा स्पष्ट व सही जवाब विद्यार्थी को नहीं मिल पाता जिसके कारण विद्यार्थी कॉलेज व यूनिवर्सिटी के बीच चक्कर लगा रहे हैं, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि विश्वविद्यालय सें स्पष्ट आदेश हैं की छात्र-छात्राओं की समस्या का निदान कॉलेज स्तर पर किया जाए फिर भी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय भेजना समझ सें परे हैं हमारे द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए कॉलेज प्रशासन की मनमानी की शिकायत की गई हैं।

## क्विक न्यूज

### आल इंडिया डांस कांटेस्ट में तब्बू परवीन को मिला बेस्ट कोरियोग्राफर का अवार्ड



**रायगढ़।** अखिल नटराजम अंतरराष्ट्रीय संस्कृतिक संघ नागपुर द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सोशल डिस्टेन्स ऑनलाइन डांस कांटेस्ट 2020 सीजन 4 में सांस्कृतिक नगरी रायगढ़ की तब्बू परवीन को नृत्याविष्कर अवार्ड यानी नृत्य के क्षेत्र में बेस्ट कोरियोग्राफर के अवार्ड से समान्नित किया गया। दरअसल कोविड 19 के दौर में जहां सारे सांस्कृतिक गतिविधियों पर मनाही है, तब यह कार्यक्रम पूरी तरह से ऑनलाइन ही आयोजित की गई थी। जिसमे तब्बू परवीन सहित उनके अन्य तीन शिष्यों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया था। उनके शिष्यों में आद्या अग्रवाल जिनको बॉलीवुड नृत्य के माइनर केटेगरी में जूरी अवार्ड मिला। वहीं उनकी दूसरी शिष्य अनुजा बाजपेयी को बॉलीवुड/जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और उनकी तीसरी शिष्य विभूति शर्मा को सेमि क्लासिकल नृत्य के जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### किशोर न्याय बोर्ड में संविधान स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम



**सक्ती।** किशोर न्याय बोर्ड जिला जांजगीर चांपा द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस पर हेल्प एंड हेल्पस बालगृह जांजगीर में संविधान स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए, इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार जायसवाल,डॉ. इंदू साधवानी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेंद्र जायसवाल, किशोर न्याय बोर्ड के विधिक सहपरिवीक्षा अधिकारी सम्मे सिंह कंवर, हेल्प एंड हेल्पस के बालगृह अधीक्षक मनीष लाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अब तो सुधार जाओ, नियमित पहनो मास्क, खतरा अभी टला नहीं

- **निगम की 13 टीम ने बिना मास्क वालों से वसुला जुर्माना**

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण का खतरा अब भी टला नहीं है। ऐसे में प्रशासन के द्वारा लोगों को मास्क पहनने, सोशल डिस्टेसिंग मेंटेन करने सहित हाथ को बार बार धोने के लिए लगातार लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन इसके बाद भी अब भी कई ऐसे लोग हैं जो बेपरवाह होकर शहर की सड़कों में घूम रहे हैं। ऐसे लोगों पर अब निगम ने पिछले कुछ दिनों से जुर्माना की कार्रवाई शुरू कर दी है। जहां गुरूवार को भी शहर की मुख्य चौक चौराहों पर ऐसे लोगों का जुर्माना काटा गया, जो बिना मास्क के घूम रहे थे। निगम के 13 दरोगा की टीम शहर के अलग अलग चौराहों व मुख्य मार्गों पर बिना मास्क वालों से हजारों रुपए का जुर्माना वसूल किया।

विदित हो कि जिला कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा स्वच्छता सफाई एवं कोरोना बचाव के निर्देश पर लगातार जुर्माना कार्य किया जा रहा है। जहां पिछले कुछ दिनों से निगम के 13 दरोगा की अलग अलग टीम शहर की सड़कों पर बिना मास्क वालों पर जुर्माना की कार्रवाई कर रही है। गुरूवार को भी स्टेशन चौक रोड, सुभाष चौक मार्ग, चक्रधर नगर क्षेत्र सहित शहर की अन्य सड़कों पर बिना मास्क पहनने वालों का चालान काटा गया। बताया जा रहा है कि निगम की टीम ने हर उस आदमी को रोककर मास्क पहनने की समझाईश दी जो बेफ्रिक होकर बिना मास्क के शहर की सड़कों पर निकल पड़े थे। निगम की टीम ने दोपहर तक लगभग छह से सात हजार रुपए का जुर्माना उन लोगों से वसूल किया जो बिना मास्क के घूम रहे थे और कई दुकानों में भी जाकर निगम की टीम ने जांच की और जिन दुकानों में बिना मास्क वाले दुकान व उनके कर्मचारी मिले। उनका भी जुर्माना काटा गया।

**लगातार कर रही निगम की टीम कार्रवाई-** निगम की टीम के द्वारा लगातार बिना मास्क वालों पर चालान की कार्रवाई करते हुए उनका फोटो लिया गया।

जहां 23 नवबंर को छह सफाई दरोगा में अरविंद द्विवेदी ने 5320 रुपए, घनश्याम ठाकुर 7500 रुपए, कविता बेहरा 3450 रुपए, किशन ने 3000 रुपए, राकेश मिश्रा ने 4000 रुपए, रामनारायण टिवरिने 4500 रुपए जुर्माना वसूल किया। वहीं 24 नवबंर को सफाई दरोगाओं द्वारा कुल 31500 राशि जिसमे राजेश मिश्रा 4000 रुपए, घनश्याम ठाकुर 7800 रुपए, अरविंद द्विवेदी 7750 रुपए, कविता बेहरा 5100 रुपए, रामनारायण तिवारी 2250 रुपए का जुर्माना वसूल किया।

> निगम के 13 सफाई दरोगा की टीम लगातार बिना मास्क वालों पर जुर्माना की कार्रवाई कर रही है। दो सौ रुपए बिना मास्क वालों से जुर्माना लिया जा रहा है। गुरूवार को सात से आठ चौराहों पर यह कार्रवाई की गई। दोपहर तक लगभग छह से सात हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। लोगों को अभी भी काफी सावधान रहने की जरूरत है। मास्क अनिवार्य रूप से सभी पहने, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करे व हाथ को बार बार धोए।
>
> **आशुतोष पांडेय**
> आयुक्त , नगर पालिक निगम, रायगढ़

## एक महीने पूरा हो जाने पर भी नहीं कर रहे काम

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2008 संशोधित अधिनियम 2012 के तहत ग्राम मिलूपारा के ग्रामीणों ने अपना दावा आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर वन विभाग तमनार के द्वारा गलत तरीके से मौका जांच कर पंचनामा में गांव के सरपंच, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष का हस्ताक्षर लेने पश्चात टिप्पणी में यह लिखकर उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया था कि सामूहिक जांच के दौरान आवेदक के पास कब्जा का साक्ष्य प्रमाण का अभाव है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसडीएम को फिर से ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अडानी का लीज क्षेत्र है। जबकि ग्रामीण उस वन भूमि पर कई वर्षो से कब्जा कर कमाते खाते हुए आ रहे हैं। इस बात की शिकायत वन अधिकार समिति के अध्यक्ष गांव के सरपंच एवं आवेदकों के द्वारा 16 अक्टूबर को एसडीएम (घरघोड़ा) के पास लिखित शिकायत आवेदन किया गया था। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए एसडीएम घरघोड़ा ने एक सप्ताह के अंदर पुनः मौका जांच कर पंचनामा बनाने का तहसीलदार, वन परीक्षेत्र अधिकारी, एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तमनार को आदेश दिया गया था। उस आदेश के तहत वन विभाग तमनार, एवं हल्का पटवारी के द्वारा पुनःमौका जांच किया, लेकिन एक महीना हो जाने पश्चात भी मौका जांच का पंचनामा वन अधिकार समिति, उपखंड स्तरीय समिति एवं आवेदकों को नहीं दिया गया है। ग्रामीणों को गांव आकर पंचनामा बनाने की बात कहकर वन विभाग तमनार एवं हल्का पटवारी के द्वारा कार्यालय में अन्य कोई जरूरी काम आने की बात कहते हुए टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीण अपना सारा काम छोड़ कर विहित अधिकारियों का इंतजार करते रह जाते हैं।

## 33 में 10 की जांच पूरी, चार उद्योगों में प्रदूषण मिला मानक से ज्यादा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में प्रदूषण के स्तर को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। पर्यावरण संरक्षण मंडल ने दो टीमें बनाई हैं। कलेक्टर ने 33 प्लांटों की जांच करने के लिए कहा है। टीमों ने 10 प्लांट्स की जांच पूरी कर ली है। इसमें चार में प्रदूषण मानक से %यादा पाया गया है। टीम जांच पूरी होने के बाद कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद कार्रवाई होगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हमीरपुर रोड स्थित दो प्लांट शिवशक्ति और मां मंगला स्पंज, तराईमाल में श्याम इस्पात में प्रदूषण मानक से अधिक मिला। सोमवार को हुई जांच में तराईमाल के ही एनआरवीएस प्लांट प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ मिला। पर्यावरण विभाग को श्याम इस्पात में इंडक्शन फर्नेस का पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस सेक्शन हुड नहीं मिला। सोमवार को तराईमाल स्थित एनआरवीएस इस्पात में भी टरबाइन में लीकेज की वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ था। पिछले हफ्ते एमएसपी और इंड सिनर्जी का निरीक्षण भी किया गया था यहां अफसरों को सब कुछ ठीक मिला।

### जांच चल रही है

हमने पावर और स्पंज आयरन प्लांटों में प्रदूषण की जांच के लिए दो टीम बनाई हैं। चार उद्योगों में प्रदूषण स्तर से ज्यादा मिला। रिपोर्ट कलेक्टर को दी जाएगी।

**-शैलेष पिस्दा,** असिस्टेंट इंजीनियर, प्रदूषण नियंत्रण मंडल

## केवट निषाद समाज के चुनाव में विश्राम अध्यक्ष निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति की चुनाव में विश्राम कैवर्त्य अध्यक्ष निर्वाचित हुए । छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण की चुनाव हुआ सम्पन्न ,केवट निषाद समाज की चुनाव हेतु 11 मार्च 2020 को आचार संहिता लगा था । 25 मार्च से लाकडाउन होने के कारण विलंब हुआ, परन्तु सरकार की नई गाइडलाइन और नियमों में शिथिल होने पर और शासन की दिशा निर्देषों के अनुरूप 22 नवम्बर 2020 को 6 अलग अलग केंद्रों में सम्पन हुआ।कोरोना महामारी के चलते चुनाव को अलग-अलग जगह मतदान कराकर शासन प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार कोविड-19 नियम का पालन करते हुए चुनाव कराया गया अध्यक्ष के रूप में विश्राम कैवर्त्य महासचिव के रूप में नारायण केवट कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ सनत कुमार केवट निर्वाचित हुए और सभी को श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान श्री केवट मंदिर शिवनारायण में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया चुनावी कार्यक्रम को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपाल सिंह विनायक ,सहायक निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र जलतारे के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ और केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के सभी पदाधिकारियों का सहयोग मिला चुनाव संपन्न हुआ विशेष रुप से प्रांतीय समिति रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आनंद निषाद उपाध्यक्ष दिलीप निषाद की टीम मतदान सेंटरों का निरीक्षण करते रहें ताकि व्यवस्था मै किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो इस तरह से यह चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया ।

मुख्य चुनाव अधिकारी जयपालसिंह विनायक ने स्वजाति बंधुओं, प्रत्याशियों व चुनाव कार्य मे लगे हुए कर्मियों के प्रति आभार ब्यक्त किये हैं। एवं 22 नवम्बर 2020 को चुनाव परिणाम सभी मतदान केंद्रों की परिणामो को संकलन कर प्रमाण पत्र विजयी प्रत्याशियों को दिया गया।

## विभिन्न कलाकृतियों से सुसज्जित होगा गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड बाउंड्रीवाल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड बाउंड्रीवाल विभिन्न कलाकृतियों से सुसज्जित होगी। निगम आयुक्त अशुतोष पाण्डेय ने निरीक्षण कर जल्द ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। बुधवार की सुबह आयुक्त आशुतोष पांडेय ने शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही शहर को सुसज्जित करने जैसी बातों पर चर्चा की गई। इसमें गर्ल्स कॉलेज बाउंड्रीवाल पर वाल पेंटिंग करने के निर्देश आयुक्त पांडेय ने दिए। नगर निगम द्वारा डॉ रूपेंद्र पटेल के घर के सामने से लेकर बीजेपी कार्यालय तक व्हाइट वाल पेंटिंग किया जाएगा। जिस पर लायंस क्लब द्वारा बच्चों की स्पर्धा कराकर दीवार में विभिन्न कलाकृतियां बनवाई जाएगी। इससे शहर सुसज्जित होने के साथ यह क्षेत्र आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस दौरान बाउंड्रीवाल से लग कर दुकान लगाने वालों को मरीन ड्राइव शिफ्ट होने के निर्देश दिए गए और आगे से सड़क किनारे दुकान लगाने पर जुर्माना, जब्ती के साथ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश आयुक्त ने दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अजित तिग्गा, सहायक अभियंता अखिलेश शर्मा, उप अभियंता गषि राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सविधान का पालन करना हम सबका कर्तव्य : राजेश्वरी सूर्यवंशी

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



आज से 71 वर्ष पहले 26 नवंबर 1949 को संविधान का अंगीकृत किया गया था उक्त विचार संविधान दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद शक्ति के सभागार में आयोजित विधिक एवं साक्षरता शिविर के अवसर पर सुश्री राजेश्वरी सूर्यवंशी ने कही सुश्री सूर्यवंशी ने कहा कि जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव एवं तालुका विधिक सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष संतोष कुमार आदित्य के निर्देशन पर तालुका भी शक्ति सेवा द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया गया है राजेश्वरी सूर्यवंशी ने कहा कि संविधान में लिखी बातें हम सब उसका पालन करते हैं अभी कोरोना काल में लोगों को आने जाने के लिए रोक लगाई गई थी तथा कहीं भी जाने आने के लिए जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए थे यह बात भी संविधान के अनुरूप है जब मानव पर संकट आए तो उसे ऐसे नियमों का पालन करने के लिए बाध्य किया जा सकता है ऐसा संविधान में है हमारे देश का संविधान विश्व के अन्य देशों को सुविधाओं से बहुत ही सुगठित ढंग से बनाया गया है कई देशों देशों के कानून को मिलाकर संविधान का निर्माण किया गया है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनुभवी अधिकारी राजस्व भास्कर सिंह नेताम ने संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया तथा अनु कार्यपालिक दंडाधिकारी शिवकुमार डनसेना ने संविधान पर प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों का आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका परिषद शक्ति के अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने की कार्यक्रम का समापन नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना के द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सहायक यंत्री एम एल पटेल उप अभियंता धरमलाल सिदार इब्राहिम खान शयन शुक्ला देवेश शर्मा रोशन देवांगन वासु चौबे रामभरोस यादव रुकसार खान रियाजुद्दीन खान प्रमिला सिदार विजय सोनवानी दिल बाई डेंसिल सरोज सिंह इंदल सिंह हरी सिदार रुकमणी अग्रवाल केसरी द्विवेदी बिल्किस बेगम आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## 1.45 करोड़ की सड़क निर्माण का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कढ़ारी से गतवा तक एक करोड़ 45 लाख से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह मुख्य अतिथि तथा अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कढ़ारी रोशन साहु, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल,अधिवक्ता गिरधर जायसवाल,फागुलाल पटेल, छोटेलाल चंद्रा उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस मालखरौदा की उपस्थिति में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर गैती चलाकर भूमि पूजन किया गया, कार्यक्रम में कन्हाई लाल साहू,माखन साहू, रमेश साहू, नान दाऊ साहु, रंगी साहू, केशव साहु, फुल सिंह कंवर, राजु मन्नेवार, पूनऊ कौशिक, राजकुमार बरेठ, ईश्वर चौहान,संजू साहू, राधेश्याम केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे,इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुलजार सिंह के द्वारा बताया गया कि कई दशकों से क्षेत्र के ग्राम वासियों द्वारा सड़क की मांग की जा रही थी परंतु इनकी मांग पूर्ण नहीं हो पाई जैसे ही शक्ति विधानसभा क्षेत्र से डॉ चरणदास महंत विधायक चुने गए उनके द्वारा हर प्रत्येक छोटे से छोटे गांव कस्बों में सड़क पहुंच मार्ग सहित अनेकों प्रकार की ग्राम वासियों को सुविधा दिलाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों का अपने प्रतिनिधियों के द्वारा दौरा कार्यक्रम कर जानकारी ली जाती है।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर चौलेश्वर चन्द्राकर ने ली बैठक

- **मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर कांग्रेसी नेता कर रहे शिवरीनारायण का दौरा**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



आगामी 29 नवम्बर 2020 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का आगमन जिला जांजगीर-चाम्पा के टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में गौशेवा आयोग के अध्यक्ष श्री श्री 1108 श्री महा मंडलेश्वर महंत राम सुंदर दास के अगुवाई में महंत लाल दास महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित राम कथा कार्य म में होना है जिसकी तैयारियों को लेकर 25 नवम्बर को जिला कांग्रेस संगठन व कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर तैयारियों का जायजा लिया साथ ही उक्त कार्य म में कांग्रेस पदाधिकारियो की जवाबदारी व जिम्मेदारी भी तय किया व कार्यकर्ताओ से उनके विचार जानकार उनसे मिले सुझावों को भी अमल में लाने की बात कही।अंत मे उन्होंने कार्य म को सफल व भव्य बनाने की अपील सभी कार्यकर्तों से की उक्त बैठक में निम्नांकित लोग उपस्थित रहे। छाया शांसद लोकसभा प्रत्याशी-रविशेखर भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष-प्रेमचंद जायसी महिला जिलाध्यक्ष-गीता देवांगन,वरिष्ठ कांग्रेसी पूरेन्द्र तिवारी,नंद कुमार चन्द्रा,नारायण खंडेलिया,राइस किंग खूंटे,देवेश सिंग ठाकुर ऋषिकेश उपाध्याय, मनोज अंजनी तिवारी, राम लाल यादव, कुंवर धर्मेंद्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष, सुरेंद्र भार्गव, भागवत कश्यप, हर प्रसाद साहू,नवल सिंग, जिला प्रवक्त ा शिशिर द्विवेदी, विक्क् केशरवानी, पिंटू भट्ट, जगत कुर्रे, कुशल कश्यप, राम राज पाण्डे, गुलाबुद्दीन खान, अभिषेक स्वर्णकार, मुकेश केडिया, दीनू सोनी, शिवशंकर सोनी, ओम प्रकाश बंजारे,रेशम लाल बर्मन,कमल साव,खगेन्द्र साव,राम चरन श्रवण कुमार, धन्नजय कुमार कर्ष,इज. पुरुषोत्तम साहू,गोपाल दास मानिकपुरी, आकाश यादव, रामेश्वर यादव, किरण भारती, शत्रुघन बंजारे, खगेन्द्र कश्यप, ऋषि कुमार कश्यप, हिर्दय अनंत,खेदु कंवर,राम चरन, संदीप अग्रवाल, लक्ष्मण चौहान, भुनेश्वर लाल साहू, स्याम साहू, निरंजन कश्यप, योगेश कश्यप,पुनिता प्रजापति, राधे श्याम, संजय, योगेश्वर सिंह, ललित नायक, रामायण पटेल, सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन व युवा संवाद को लोगों ने दी नई ऊर्जा

### प्रत्येक कार्यकर्ता का सरकार में होगी भागीदारी

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



जिला युवक कांग्रेस सूरजपुर द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन व युवा संवाद स्थानीय मंगल भवन सूरजपुर में आयोजित की गई जिसमें युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी,सरगुजा के युवराज व जिला पंचायत सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंह देव,युंका राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी संतोष कोलकुण्डा के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जफर हैदर के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्ग. अहमद पटेल व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्ग. तरुण गोगोई को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वैसे तो कार्यक्रम का प्रारंभ कलुआ चौक से नगर से होते हुए मंगल भवन सूरजपुर तक बाइक रैली का आयोजन किया गया था लेकिन वरिष्ठ नेताओं के मृत्यु के बाद बाइक रैली के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया सीधे कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धांजलि देने के बाद युवा संवाद प्रारम्भ किया गया कॉंग्रेस नेताओ ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया कार्यकर्ताओं की समस्या को सुना व जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन भी दिया संवाद कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के सुझाव भी सामने आए व बूथ स्तर पर टीम बनाने की सलाह भी दी गयी संवाद के माध्यम से कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथियों व वरिष्ठ नेताओं से सीधे सवाल-जवाब किया गया युवा संवाद के पश्चात कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा सम्बोधित किया गया इस दौरान युवक कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी ने बताया कि युवक कांग्रेस का संगठन कॉंग्रेस की रीढ़ की हड्डी है छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार लाने में युवक कॉंग्रेस की विशेष भूमिका है युवक कांग्रेस के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के समस्त विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर युवा टीम बनाकर युवाओं द्वारा कॉंग्रेस के पक्ष में कार्य किया गया तब ही कॉंग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में आयी है संगठन को बढ़ाने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर एक टीम बनाया जाए ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय रहे व अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक लीड दिल सके इसके लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय टीम बनाई जाए युवराज आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉंग्रेस की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में युवाओ के रोजगार के अवसर बड़े है युवाओ को बेरोजगारी से दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के लिए कई सारी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में लागू किया है कॉंग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया था उस पर राज्य सरकार कार्य कर रही है युवाओ के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारंभ करने जा रही है राज्य सरकार ने घोषणा पत्र के सारे वायदों को भी पूरा किया चाहे वो धान खरीदी के मूल्य की बात हो या फिर बेरोजगारी दूर करने की बात हो राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के हित में कार्य कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

**क्र./6094/प्र.2/तह./2020**

**रा.प्र.कृ. क्र.-अ-74 वर्ष 2020-21**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक/संस्था सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं बेमेतरा छ.ग. द्वारा ग्राम कोबिया, प.ह.नं. 35 तहसील व जिला बेमेतरा छ.ग. में जिला सहकारी संघ बेमेतरा के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण-भवन एवं प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना हेतु 5 डिसमील जमीन की मांग की गयी है जिसके लिये ग्राम कोबिया प.ह.नं. 35 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 2087/1 का टुकड़ा रकबा 0.020 हे. का चयन किया गया है।

उक्त भूमि के आबंटन संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 11.12.2020 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

मुहर

**तहसीलदार**
**बेमेतरा**

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रमुख**
**संचालनासय भौमिकी तथा खनिकर्म**
**क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)**
**टेलीफेक्स 0771-2225493, Email : rhraipur.dgm-cg@gov.in**

क्र. 1479/भण्डार/न.क्र.10/2013 रायपुर, दिनांक 25.11.2020

**"निविदा सूचना"**

क्षेत्रीय प्रमुख संचालनालय, भौतिकी तथा खनिकर्म, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) की ओर से जी.एस.टी. पंजीबद्ध निर्माताओं से निम्न वर्णित मानक अनुसार जी.आी. (स्टील) फोर बाक्स क्रय करने हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को कार्यालय द्वारा गठित समिति के साथ समक्ष निविदाकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जावेगा। निविदा प्रपत्र संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, क्षेत्रीय कार्यालय सोनाखान भवन रिंग रोड नं.1, रविग्राम रायपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

| स.क्र. | सामग्री का नाम | कोर बाक्स का साईज | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | जमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जी.आई. (स्टील) कोर बाक्स (22 गेज जी.आई. सीट ) | लम्बाई 42" चौड़ाई 15" उँचाई 03" (spacing of partition 2.5") | 4,00,000/- | 12,000/- |

निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रुपये 500.00 (रुपये पाँच सौ मात्र)
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- 26.11.2020 प्रातः 10.30 बजे से 11.12.2020 अपरान्ह 02.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 11.12.2020 03.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि एवं समय :- 11.12.2020 अपरान्ह 04.00 बजे
निविदा जमानत राशि :- रु. 12000/- (रु. बारह हजार मात्र)


निविदाकर्ताओं को निविदा तथा उसकी जमानत राशि सिर्फ राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्रॉफ्ट के माध्यम से क्षेत्रीय प्रमुख, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम से जो बैंक ऑफ इंडिया तेलीबांधा ब्रांच रायपुर में देय हो, मुहरबंद लिफाफे में पृथक-पृथक प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। शर्तानुसार जमानत राशि के अभाव में 'निविदा' अस्वीकार की जावेगी।

निविदा की अन्य नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर पृथक से देखी जा सकती है।

**क्षेत्रीय प्रमुख**
**संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म**
**क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

जी-85205/2

**डॉ. जतिन चड्ढा का कहना है कि तकनीक पेशेवर व व्यक्तिगत परिदृश्य को उलट-पुलट व रूपांतरित कर रही है। इसीलिए, छात्रों के लिए जरूरी है कि वे इन बदलावों से निपटने के उपकरणों से लैस रहें**



# बनें गहन चिंतक

आज का दौर गला काट प्रतियोगिता तथा हर कोने से झांकती चुनौतियों वाला है। ऐसे चुनौतीपूर्ण वातावरण में, रटंत शिक्षण का पुराना स्कूली मॉडल, जिसके कारण ज्ञान को लागू की योग्यता नजरंदाज होती है, जटिल उलझनों वाली 21वीं सदी के लिए छात्रों को तैयार करने में व्यापक स्तर पर नाकाफी बन रहा है।

जब एक ऐसी पीढ़ी को बनाने का सवाल उठता है, जो नवोन्मेषी, ढलने में सक्षम व भविष्य के लिए तैयार हो, तो उसके लिए शिक्षा प्रमुख चालक है। तकनीक अप्रत्याशित गति से पेशेवर व व्यक्तिगत परिदृश्य को उलट-पुलट व रूपांतरित कर रही है। ऐसे में, छात्रों को इन बदलावों से निपटने के औजारों से लैस करने की जिम्मेदारी समूचे शैक्षणिक जगत के गुरूओं के कंधे पर आ जाती है।

प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण (पीबीएल) क्या है ? पढ़ाने के पारंपरिक तरीकों के विपरीत, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण एक साझीदारीपूर्ण तथा उपयोग आधारित नजरिया है। यह समूचे पाठ्यक्रम के अकादमिक विषयों को आपस में जोड़ते हुए, जिज्ञासा की भावना तथा पढ़ाई को उन्नत बनाने में सहायता के माध्यमों के बतौर वास्तविक स्थितियों का उपयोग करता है।

ये प्रोजेक्ट नियमित, अल्पकालिक प्रोजेक्ट से भिन्न होते हैं, जो कोर्स के समाप्त होने पर कराए जाते हैं, उदाहरण के लिए, जिन्हें कोर्स के हिस्सों को दोहराने के उपकरण के बतौर कराया जाता है। इसके विपरीत, ये प्रोजेक्ट कोर्स निर्देश तथा केरीकुलम के प्रमुख ढांचे को आगे बढ़ाते हैं। पीबीएल के तहत, जैसा कि इस नजरिये का अक्सर उल्लेख किया जाता है, तो छात्र अपने शोध के लिए उपयोगी किसी भी माध्यम का आगे उपयोग कर सकते हैं - मसलन कार्यक्षेत्र की यात्राएं करना, प्रस्तुतियां, विभिन्न सामग्रियों का पता लगाना, थ्रीडी माडल्स बनाना, प्रयोग करना व कई अन्य।

एक विस्तारित अवधि के लिए ऐसे प्रोजेक्ट में छात्र अपने कोर्सवर्क - समूचे सेमेस्टर के स्तर पर - के आधार पर शामिल होते हैं जिसमें वास्तविक जीवन की समस्या से जुड़े जटिल प्रश्न के नवीन समाधान तलाशने पर काम किया जाता है। अंततोगत्वा, वे रिपोर्ट, प्रस्तुति या प्रोजेक्ट अवधि के समापन पर वास्तविक उत्पाद के जरिए शिक्षण कौशल का प्रदर्शन करते हैं।

न केवल यह मॉडल छात्रों में विषय संबंधी गहन जानकारी पैदा करता है, बल्कि यह उनमें संप्रेषण, टीम बिल्डिंग, साझा कार्य एवं रचनात्मकता जैसे व्यवहारिक गुण भी उजागर करता है।

शिक्षण परिणामों, छात्र एवं शिक्षक प्रोत्साहन, पढ़ाई के प्रति सामान्य नजरिए एवं कौशल निर्माण पर प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के प्रभाव पर इन सालों में बेशुमार शोध किए गए हैं। (स्ट्रोबेल एंड वान बार्नेवेल्ड, 2009)।

प्रोजेक्ट आधारित पढ़ाई छात्रों को आत्मनिर्भर कर्मचारी, गहन चिंतक एवं समस्या निवारक बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह छात्रों को अपने स्तर पर सवाल खड़े करने, अपनी शिक्षण प्रक्रिया एवं परिणाम के प्रति जवाबदेही की भावना विकसित करने का भाव जगाती है।

> **बाजार को ब्लेक बोर्ड शिक्षण के पुराने मॉडल से आगे बढ़ने के लिए अपरिहार्य कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण यही काम करता है। प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा के बीच खाई को पाटती है, विषय की बेहतर समझदारी, एवं पहलकदमी एवं सच्चे ज्ञान को प्रोत्साहित करती है।**

इस वातावरण में शिक्षक, गुरू, अत्यधिक 'चाक और चर्चा' वाली पद्धति से दूर रहकर, बनने के बजाय एक सहयोगी का काम करते हैं जैसा कि विगत 2000 में बैरन एंड डार्लिंग- हेमण्ड द्वारा किए गए शोध में दिखाया भी गया था। छात्र में कर्ता एवं योग्यता का भाव जगाना प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण नजरिये का एक अंतर्निहित परिणाम है, जो निगरानी के नियम की आवश्यकता को समाप्त भी करता है।

वास्तविक जीवन स्थितियों को अकादमिक जीवन के साथ जोड़ना शायद प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण का सबसे बड़ा लाभ है, जो छात्रों को प्रयोग से सीखने तथा अपनी व्याख्याओं व तार्किक नतीजों पर आधारित सफलता की ओर ले जाता है। यह उन्हें पेशेवर जगत के लिए तैयार करता है चूंकि ये तकनीकें वहीं हैं जो बाद में उनके द्वारा अपने कार्यस्थलों पर इस्तेमाल की जाएंगी। इसके अलावा, चूंकि ऐसी प्रोजेक्ट अक्सर बड़े और जटिल होते हैं, ऐसे में छात्र समूह में काम करने के लिए बाध्य होते हैं, अत्यंत खामोश व्यक्ति को भी काफी कुछ बोलने तथा परस्पर सहमति बनाने के लिए विरोधी व्यक्तित्वों को सामूहिक स्तर पर काम करने, बहुआयामी टी में तनाव को खत्म कैसे करें, इस गुण को सीखने का प्रोत्साहन मिलता है। इसका न केवल उनकी अंतवैयक्तिक योग्यताओं पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि इससे वे विशेषज्ञता, संसाधन व प्रतिनिधित्व के उन्नत आवंटन, भौतिक जगत में प्रचलित अवधारणाओं से परिचित होते हैं।

बाजार को ब्लेक बोर्ड शिक्षण के पुराने मॉडल से आगे बढ़ने के लिए अपरिहार्य कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है, और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण यही काम करता है- छात्रों को व्यक्ति के साथ साथ टीम सदस्य के रूप में, संतुलित व विविधतापूर्ण दृष्टिकोण विकसित करते हुए प्रगति के लिए तैयार करने के लिए वास्तविक जगत की समस्याओं की नकल प्रस्तुत करते हुए।

प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा के बीच खाई को पाटती है, विषय की बेहतर समझदारी, एवं पहलकदमी एवं सच्चे ज्ञान को प्रोत्साहित करती है। तकनीक की उन्नति तथा जीवन के सभी पक्षों में इसकी संलिप्तता से, तकनीकी स्तर पर अधिक समावेशी व उपयोग -केन्द्रित शिक्षा की पहल न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि यह समय की आवश्यकता है और इसे सभी स्तरों पर शिक्षाविदों द्वारा व्यापक स्तर पर अपनाया जाना चाहिए। मॉडल को पहले से स्नातक स्तर पर शामिल किया जा रहा है, जहां, अधिकांश विश्वविद्यालय छात्रों से सफलतापूर्वक स्नातक कोर्स पूरा करने पर कैपस्टोन प्रोजेक्अ पर काम करने के लिए कहते हैं।

# कलात्मक और तकनीकी सूझबूझ को करें विकसित

**श्वेता तंवर मुखर्जी का कहना है कि यदि आप स्पष्ट हैं, लाइटिंग और तमाम बातों पर गहरी नजर है, रचनात्मक रुझान, धैर्य और पत्रिकाओं में काम करना पसंद करते हैं तो कार्पोरेट या फ्रीलांसर बनने के लिए फोटोग्राफी एक अग्रगामी कदम है**

**फोटोग्राफी** का क्षेत्र बीत कुछ सालों में जबरदस्त ढंग से विकसित हुआ है। फोटोग्राफी पारंपरिकत रूप से, कार्यक्रमों, विवाहों, व फिल्मों तक सीमित रही थी, लेकिन ईकामर्स मंचों, विज्ञापन, मास मीडिया के उभार से डिजीटल संबंधी क्षेत्रों ने पेशेवर फोटोग्राफरों की भारी मांग पैदा की है।



Shweta Tanwar Mukherjee
Photographer & Blogger

## कोर्स के चयन से सीखें

डिजीटल फोटोग्राफी जगत में करियर बनाने के लिए, आपको नयी तकनीकों व उपकरणों से जानकारी से अपडेट रहने की जरूरत है। दौर के बदलने से, जब नए फोटोग्राफर अपने स्तर पर फोटोग्राफी तकनीकों की शुरूआती जानकारी हासिल किया करते थे, मगर आज देश भर के संस्थान रचनात्मक क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए कोर्स प्रस्तावित करते हैं। आप फोटोग्राफी में डिग्री (स्नातक या मास्टर डिग्री) पा सकते हैं या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं, जिसकी अवधि तीन माह से एक साल के बीच हो सकती है।

संस्थानों से फोटोग्राफी में विशेषज्ञता हासिल करने से आपको अपनी मौजूदा योग्यताओं को निखारने तथा खामियों को दूर करने में सहायता मिलेगी। जानकारी की उन्नति आपको करियर को गढ़ने में सहायता करेगी।

## मूल बातों की ओर वापसी

कोर्स में अपना पंजीकरण कराने आपको फोटोग्राफी की मूल बातोंः फ्रेमिंग, रूल आफ थर्ड्स, शटर स्पीड व एडिटिंग- को समझने में सहायता होगी। इन बुनियादी बातों की समझदारी से संतुलित व दिलचस्प चित्र लेने में आपको सहायता मिलेगी।

## अभ्यास करें और सीखें

जैसे ही आप शिल्प सीख लेते हैं, अगला चरण है उसका अभ्यास करना और उसमें दक्षता हासिल करना। प्रतिस्पर्धा व कार्यक्रम में भागीदारी करना आपको आगे बढ़ने का, अपनी खूबियों को जानने तथा अपनी योग्यताएं विकसित करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धाएं आपको अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और जजों के पैनल द्वारा आपके काम का मूल्यांकन व आंकलन करने का महान मंच भी प्रदान करती हैं।

## अपना कार्यक्षेत्र चुनें

पेशेवर फोटोग्राफर बनने के लिए, विभिन्न विधाओं के साथ प्रयोग करना जरूरी है जिससे कि आपको फोटोग्राफी के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी हासिल करने का अवसर मिले। विभिन्न कार्यक्षेत्रों के साथ मिलकर काम करने से आपको सशक्त क्षेत्रों को समझने में सहायता मिलेगी तथा अपने पसंदीदा क्षेत्रों में विशेषज्ञता पाने में सहायता मिलेगी। दूरगामी स्तर पर, आप फोटोग्राफी के विशेष दायरे में अपनी जगह स्थापित करने में सक्षम होंगे।

## अपना ब्लाग/वेबसाइट बनाएं

अपनी योग्यताएं प्रदर्शित करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अच्छे काम करना। प्रोफाइल, ब्लॉग, सोशल एकाऊंट या बेवसाइट आसानी से आपके मार्केटिंग ब्रोशर में रूपांतरित हो सकते हैं। पोर्टफोलियो बनाना अपने विचारों, योग्यताओं आदि को संप्रेषित करना होता है और आपको एक पेशेवर व्यक्तित्व प्रदान करता है। जब आपका अपना ब्लॉग/वेबसाइट होते हैं तो आप लोगों का ध्यानाकर्षण पाने की अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने काम को वहां प्रदर्शित कर सकते हैं।

## उचित गियर हासिल करें

जिस प्रकार डाक्टर्स अपने सर्जिकल उपकरणों के बिना अधूरे होते हैं, फोटोग्राफर अपने उपकरण के बिना अधूरे हैं। अच्छे उपकरण महत्व रखते हैं। लैंस भी महत्वपूर्ण उपकरण है क्योंकि यह विविध प्रकार के शॉट विकल्प प्रदान कर सकता है।

यदि आपने अभी पेशेवर छलांग नहीं लगाई है तो आपको महंगा कैमरा खरीदने का खर्च वहन करने की आवश्यकता नहीं है। प्वाइंट एंड शूट या मोबाइल कैमरा से शुरूआत करें और बाद में डीएसएलआर की ओर बढ़ जाएं, जब आपको अपनी योग्यताओं तथा क्षेत्र के प्रति अपने जुनून पर भरोसा बन जाता है।

# बेमेतरा जिले की 102 समितियों के 113 उपार्जन केंद्रों में खरीदी

**बेमेतरा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की सभी आवश्यक तैयारियाँ अंतिम चरण में है। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धान उपार्जन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। इस वर्ष जिले की 102 समितियों के 113 उपार्जन केंद्रों के द्वारा धान खरीदी की जायेगी, सभी धान खरीदी केन्द्रों की साफ-सफाई, फेंसिंग की व्यवस्था, विद्युत, जनरेटर, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इन्टरनेट कनेक्शन, बारदानों की व्यवस्था, आर्द्रतामापी यंत्र, उपार्जन केन्द्र मे तौल बाट का व्यवस्था एवं उनका सत्यापन कर लिया गया है, बेमौसम बारिश से बचने के लिए तारपोलिन की व्यवस्था, डेनेज की व्यवस्था भी रहेगी। महात्मा गांधी नरेगा के अन्तर्गत खरीदी केन्द्रों में चबूतरा का निर्माण भी कराया गया है। 01 दिसंबर 2020 से खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषकों का पंजीयन 17 अगस्त 2020 से प्रारंभ कर 17 नवंबर 2020 तक पूर्ण किया गया, जिलें में विगत खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में 116834 कृषकों के द्वारा 152956.38 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराकर 526315 मी.टन धान की खरीदी की गई थी, वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 128799 कृषकों के 161799 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन करवाया गया, विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 11965 किसानों में वृद्धि/नवीन पंजीयन किया गया है, तथा पंजीकृत धान के रकबे में 5.78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिले में विगत वर्ष 54 समितियों के 91 उपार्जन केंद्रो के द्वारा धान खरीदी की गई थी जो इस वर्ष बढ़कर 102 समितियों के 113 उपार्जन केंद्रों के द्वारा धान खरीदी की जायेगी।

# माउथ डिजॉल्विंग टेबलेट्स की क्यू डी रेंज लांच

**बिलासपुर।** शीघ्र राहत के लिए ऑन-द-गो टेबलेट्स जो 180 सेकंड के अंदर घुल जाती है, भारत के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक, हिमालया ड्रग कंपनी ने क्यू डी माउथ डिजॉल्विंग टेबलेट्स क्यू डी इम्युनिटी और क्यू डी क्रैम्प्स लॉन्च करने की घोषणा की क्यू डी इम्युनिटी टेबलेट फ्लू एवं जुकाम के आम लक्षण जैसे की गला खराब, खांसी, छींक एवं बंद नाक में आराम देती हैं। यह टेबलेट हमारी इम्युनिटी को मजबूत करने में भी मदद करती है ।

क्यू डी क्रैम्प्स महिलाओं में माहवारी के दौरान परेशानी को कम करती है और इसके चलते पेट में होने वाले दर्द में आराम देती है।

# निरंतर सीखना तथा योग्यता निखारना अति आवश्यक

**भारत की** आईपी- आधारित इनक्यूबेशन लैब, ब्रिजलेब्ज, ने हाल में अपने 1000 से अधिक पूर्व छात्रों का सर्वे किया। आनलाइन सर्वे का विषयवस्तु - कर्मचारियों के कामकाजी अनुभव तथा अनेक समस्याओं के बीच संबंध को समझने के उद्देश्य से घर से काम करने वाले इंजीनियरों द्वारा झेली गयी चुनौतियां थीं।

> **योग्यता की खाई भी बढ़ने वाली है जब आप अपनी पेशेवर क्षमता में विकसित होते हैं। एक हालिया सर्वेक्षण इंजीनियरों की योग्यता खाई को पाटने के लिए ब्रांड प्रतिबद्धता के साथ जुड़ता है जिससे कि उनके रोजगारयुक्त भंडार में वृद्धि हो सके।**



सर्वे में उत्तरदाता विभिन्न स्तरों के कार्यअनुभव वाली श्रेणी के थे, जिसमें एक साल से कम अनुभव से लेकर, एक से दो साल के बीच का अनुभव रखने वाले तथा पांच साल से अधिक कार्यानुभव वाले उत्तरदाता थे। इन कर्मचारी -श्रेणियों के सैंपल समूह का प्रतिशत क्रमानुसार 47 प्रतिशत, 49 प्रतिशत तथा 4 प्रतिशत था।

सर्वे में पूछा गया कि क्या कर्मचारियों को घर से काम करना आफिस में जाकर काम करने से अधिक चुनौतीपूर्ण लगता है। अपने पेशेवर अनुभव से परे जाकर, सभी समूहों के अधिकांश उत्तरदाता टेलीवर्किंग के साथ ज्यादा सहज होने पर सहमत होते हैं। हालांकि 64 प्रतिशत को सुदूर रहकर काम करना अधिक आसान लगता है, जबकि 36 प्रतिशत उत्तरदाता की राय इसके विपरीत है।

घर पर काम का संतुलन बनाने का प्रयास करना सबसे लोकप्रिय उत्तर बनकर सामने आया जब उनसे पूछा गया कि वे किस प्रकार घर से काम करने में खुद को ढालने का प्रयास कर रहे हैं। कुल उत्तरदाताओं में से, 58 प्रतिशत कर्मचारी साथ ही साथ घरेलू कामों में भी भागीदारी कर रहे हैं ताकि मौजूदा सुदूर कार्य के साथ असरकारी ढंग से निपटने के लिए स्वस्थ कार्यजीवन संतुलन प्रोत्साहित हो। 22 प्रतिशत उत्तरदाता अपने सहकर्मियों के साथ संपर्क रखते हैं, जबकि शेष 20 फीसदी आराम के लिए नियमित अवकाश लेते हैं।

**माइंड इट**

सर्वे ने यह भी बताया कि टेलीवर्किंग के दौरान 47 फीसदी कार्यशक्ति के लिए लंबे कामकाजी घंटे सबसे बड़ी बाधा हैं। इसमें निरंतर तकनीकी खामियां व अवरोधक (29 प्रतिशत) आते रहते हैं।

यह ध्यान देना उचित है कि पांच साल से अधिक का कार्य अनुभव रखने वाले कर्मचारियों ने आम तौर पर अपने समकक्षों की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा तकनीकी समस्याओं का सामना किया। यह बीते सालों में योग्यता निखार की कमी या अप्रासंगिक योग्यताओं की वजह से हो सकता है जिन्होंने उन रोजगार भूमिकाओं के लिए योग्यता खाई का गहरा कर दिया हो। सहकर्मियों (20 प्रतिशत) तथा एकाग्रता की कमी (13 प्रतिशत) आदि कुछ अन्य चुनौतियां रहीं जिन्हें कर्मचारियों द्वारा बताया गया।

सर्वे की जानकारियों पर चर्चा करते हुए, ब्रिजलेब्ज, के संस्थापक नारायण महादेवन ने कहाकि सर्वे आज वैश्विक श्रमशक्ति द्वारा झेली गयी समस्याओं की स्पष्ट और मुखर शब्दों में चर्चा करता है। जो चीज सर्वे को ज्यादा दिलचस्प बनाती है, वो यह कि आधे दशक का कार्याअनुभव रखने वाले कोडर प्रासंगिक योग्यता एवं योग्यता निखार अवसरों की अनुपस्थिति में तकनीक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

यह इस आम मान्यता के विपरीत है कि गैरतकनीक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति ही हैं जो डिजीटल इकोसिस्टम या तकनीक संबंधी चुनौतियों का सामना करते हैं। यह दिखाता है कि योग्यता खाई भी बढ़ने वाली है जब आप अपनी पेशेवर क्षमता में विकसित होते हैं। इसलिए निःसंदेह, निरंतर सीखना व योग्यता निखारना सभी के लिए समय की आवश्यकता है, भले ही आप किसी भी इंडस्ट्री या कार्यक्षेत्र से संबंध रखते हों।

हालिया सर्वे इंजीनियरों की योग्यता खाई को पाटने के लिए ब्रांड प्रतिबद्धता के साथ जुड़ता है जिससे कि उनकी रोजगारयुक्त भंडार में वृद्धि हो सके। ब्रिजलेब्ज अपने मंच पर समयानुरूप सर्वे कराता है ताकि इंजीनियरिंग पेशे से जुड़ी कार्यशक्ति के मन की तथा उनके द्वारा झेली जा रही सर्वाधिक बड़ी चुनौतियों का पता लगा सके।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं की कमी, कांग्रेस में नेताओं की, संस्कारधानी की सरकारी मशीनरी में लगा जंग

## शहरनामा...

शहर की बातों को खबरों के माध्यम से सामने नहीं रख पाने की वजह से शुरू किये गए इस कालम की आज बारहवीं कड़ी है। हम बार बार हजार बार चाहते हैं कि शहर की बातें , शहर की परेशानियां खत्म हो जाएँ और शहरनामा लिखने की जरुरत ना पड़े लेकिन सामाजिक , राजनीतिक और मानवीय मुद्दे न तो खत्म होने का नाम ले रहे और ना ही शहरनामा की कड़ियाँ रुक रहीं। संस्कारधानी कहे जाने वाले इस शहर में लगातार संस्कारों में कमियां देखने को मिल रही हैं जो मन को विचलित करती हैं । नियम मानने के लिए लोगों पर दबाव डालना पड़ रहा है , कलेक्टर साहब की कोई सुनने को तैयार नहीं है, ट्रेफिक विभाग के आला अधिकारी गजेंद्र सिंह अपने वातानुकूलित चेंबर में आराम फरमाते हुए ही सब कुछ तय करने में जुटे रहते हैं , मेडिकल कालेज कोविड अस्पताल में लापरवाही से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है और तमाम सरकारी मशीनरी एक दूसरे को बचाने की जुगत में लग जाती है।

### ये कैसा कन्टेनमेंट जोन? नियमों पर भारी मैडम की दमदारी।

दिवाली के बाद शहर में लगातार बढ़ रहे संक्रमण के बाद अब हांलाकि कहीं लॉकडाउन करने की संभावना तो नहीं है लेकिन कुछ क्षेत्रों को कन्टेनमेंट जोन किया गया है । पिछले दिनों जिलाधीश महोदय के जारी आदेश में शहर के सदर बाजार को भी कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया लेकिन इस क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी अल्पना लूनिया का रूतबा शायद कलेक्टर महोदय से ज्यादा है । कन्टेनमेंट किये इस जोन में गाड़ियों की आवागमन जारी है, लोग भीड़ लगाकर कोरोना पर चर्चा कर रहे हैं, जिस डाक्टर की पत्नी पॉसिटिव पाई गई हैं वो खुद लोगों का इलाज कर रहे हैं, दुकानें सुचारु रूप से चालू हैं, किसी तरह का कोई रोकटोक नहीं है लेकिन फिर भी स्वास्थ्य अधिकारी , जिलाधीश और पुलिस प्रशासन आँख मूंदे बैठा है । खैर हमको क्या सदर बाजार के रहवासी जानें और कलेक्टर महोदय जानें ?

### सत्तावापसी के बाद केवल काम में ध्यान, जनता से कोई सरोकार नहीं

पन्दरह साल के वनवास के बाद कांग्रेस की सत्ता वापसी के दो साल पूरे होने को हैं लेकिन आज दो साल बाद भी शहर की जनता को ऐसा कोई नेता नहीं मिला है जो सीधे तौर पर आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कर सके । पिछले दिनों कांग्रेस के एक युवा नेता से मुलाकात हुई । बातों बातों में उसने बताया कि सभी बड़े कामों पर वरिष्ठों ने कब्जा जमा रखा है और छोटे कार्यकर्ता जिंदाबाद मुर्दाबाद में ही लगे हुए हैं अब तक। जनता की समस्याओं को सुनने की बात पर युवा नेता का कहना है कि जब हमारे बड़े लोग ही जनता की नहीं सुन रहे तो हम लोग तो अभी शुरूआती दौर में हैं।

कांग्रेसी अक्सर भाजपा पर आरोप लगाते हैं स्थाई विधायक व् सांसद के शहर में गैरमौजूदगी का लेकिन वास्तविकता में कांग्रेस के बड़े लीडर भी शहर में अब तक उस तरह का जनता दरबार नहीं लगा पाए हैं जिसमे जाकर आम जनता अपनी समस्याओं को रख सके । दरअसल पंद्रह वर्षों तक सिर्फ विरोध के बाद अब कांग्रेसियों को लगने लगा है कि शायद दोबारा सत्ता प्राप्ति ना हो इसीलिए इन पांच सालों में जितना समेटना है उसे समेत लिया जाए । जनता की समस्याएं तो कल भी थीं और आगे भी रहेंगी ही ।

### भाजपा में कार्यकर्ताओं की कमी और प्रदेशाध्यक्ष का आगमन।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अमित शाहू का कल संस्कारधानी आगमन होने को है । भाजयुमो के नौजवान कार्यकर्ता बड़े जोरशोर से अपने अध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में लगे हैं । और फिर लगें भी क्यों ना ? आखिर आने वाले दिनों में इन्हीं नौजवानों में से किसी एक को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी जो मिलने वाली है ।

हांलाकि उम्र की समय सीमा ने अधिकतर दावेदारों के तोते उड़ा रखे हैं लेकिन जहाँ चाह वहां राह की तर्ज पर युवा नेता लगे हुए हैं । जहाँ एक और नौजवान युवा नेताओं और दावेदारों की भीड़ नजर आती है वहीं भारतीय जनता पार्टी में वरिष्ठ नेताओं का शायद अकाल पड़ चुका है । तभी तो आज एक साल बीत जाने के बाद भी जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा नहीं की है । सत्ता जाने के बाद शायद विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए जिले के वरिष्ठ नेता तैयार नहीं हो रहे या फिर आपसी खींचतान के चलते लिस्ट पर मुहर नहीं लग पा रही ।

भाजयुमो के मौजूदा जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा बहुत जोरशोर से प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में लगे हैं । जानकारी के अनुसार प्रदेश की टीम में महामंत्री बनने के जुगाड़ में लगे हैं । वैसे तो अपने कार्यकाल में बमुश्किल कुछ दफाओं ही उन्होंने संस्कारधानी का रुख किया होगा लेकिन अब प्रदेश की टीम में शामिल होने के लिए अमित शाहू को प्रसन्न रखना उनकी मजबूरी भी है । कुछ सूत्र तो बताते हैं कि भले ही लाख मेहनत कर ली जाए युवाओं द्वारा लेकिन अमित साहू राजनाँदगाँव में अपनी पसंद से एक कार्यकारिणी सदस्य भी नहीं बना पाएंगे फिर जिलाध्यक्ष तो बहुत दूर की कौड़ी है ।

# डीएमई के पास अटकी पड़ी है जांच , इधर जनता ने कहा अधीक्षक सहित अन्य जिम्मेदारों को जेल भेजना चाहिए

- कोविड अस्पताल में मौत के मामले की जांच में फिर से शासकीय लापरवाही
- सप्लायर पर ठीकरा फोड़ने के बाद अस्पताल अधीक्षक व् अन्य को बचाने में जुटा शासकीय अमला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल में खैरागढ़ निवासी 50 वर्षीय वेंकट रंगारी की लापरवाही से हुई मौत के मामले में अब पूरी सरकारी मशीनरी लीपापोती में जुट गई है। आक्सीजन सिलेंडर के सप्लायर पर इस मामले में ठीकरा फोड़ते हुए पिछले दिनों उसका टेंडर निरस्त कर दिया गया था और अस्पताल अधीक्षक प्रदीप बेक सहित अन्य लापरवाह करमचजारियों के खिलाफ विभागीय जांच स्थानीय स्तर पर बैठाई गई थी । हांलाकि इस मामले में वही तीन डाक्टर जांच कर रहे थे जिन पर आरोप था । अब स्थानीय स्तर पर विभागीय जांच करने के बाद उसे डीएमई आर के सिंह रायपुर को सौंप दी गई है लेकिन आर के सिंह के हिसाब से अभी जांच फाइल में कुछ क्वेरी निकाली जा रही है जो आज शाम तक पूरी होगी । उसके बाद ही फाइल को स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा जाएगा और फिर जिम्मेदारों पर मामला तय होगा । इधर स्थानीय स्तर पर कलेक्टर और एसपी ने जांच की बात कही है लेकिन अब तक किसी भी तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है जिससे स्पष्ट होता है कि अप्रत्यक्ष रूप से अस्पताल अधीक्षक व् अन्य को बचाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है ।

पायनियर ने इस मामले को लगातार जनहित में अपने पाठकों के सामने रखा है और संस्कारधानी की जनता ने स्पष्ट रूप ने अपनी बात पायनियर के समक्ष राखी है कि अस्पताल अधीक्षक प्रदीप बेक सहित अन्य लापरवाह कर्मचारियों पर हर हाल में आपराधिक मामला दर्ज कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## जनता का नक्कारा, हर हाल में मिले सजा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह का कहना है कि इस तरह के गंभीर मामलों में अधीक्षक पर



आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए।पहले भी इस तरह के मामले हो चुके हैं और प्रदीप बेक कभी भी फोन लगाने पर उपस्थित नहीं हूँ का ही बहाना बना देते हैं । जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश कन्नौजे ने पायनियर से कहा कि जिम्मेदारी तय होनी



चाहिए।ऑक्सीजन सप्लाई जैसे गंभीर विषय पर लापरवाही हो और सप्लायर को दोषी मनाना समझ से परे है ।सीधे तौर पर सीएमओ अधीक्षक व डीन इसके जिम्मेदार है और सरकार और स्वास्थ्य मंत्री जी भी कटघरे में हैं। प्रशासन का अस्पताल का प्रतिदिन दौरा नहीं करना भी संदेहास्पद है जहा जिले भर से आए मरीज जीवन व मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं।

अव्वल तो आक्सीजन सप्लाई का ठेका सम्पूर्ण रूप से निरस्त किया जाना चाहिए।



त्वरित आपूर्ति कर सकने के योग्य ठेकेदार को ठेका दिया जाना चाहिए और आरोपी ठेकेदार को हमेशा के लिए ब्लेक लिस्टेड कर देना चाहिए। लापरवाह अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जाना चाहिए। चिकित्सा में लापरवाही से मौत बेहद संवेदनशील व गंभीर मामला है। उक्त कथन हैं पेशे से शिक्षक राजेश शर्मा के।

जोगी कांग्रेस के युवा नेता आशीष यादव का कहना है कि इस सम्बन्ध में मामला प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ



302 के तहत बनना चाहिऐ। एक परिवार अपनी सारी उम्मीद इन लोगो से लगाए बैठे थे और इन लोगों ने बस कमाई के लिऐ एक व्यक्ति की जान ले ली। शासन तत्काल कार्यवाही करे।

निश्चित तौर पे कार्रवाई होनी चाहिए।ऐसे कई मामले पहले भी आए हैं, जिन के कारण लोगों की जान गई है, लेकिन प्रशासन द्वारा



कार्यवाही नही होने के कारण इनके हौसले बुलंद हो गए हैं,इस बार निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जिससे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के ऊपर कड़ी कार्यवाही हो सके।भाजयुमो के मंडल मंत्री आशीष श्रीवास्तव ने जिम्मेदारों को जेल भेजने की बात भी कही।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रूबी गरचा ने कहा कि



जिम्मेदार लोगों पर क?ी कार्यवाही होनी चाहिए । जो डाकर निजी नर्सिंग होम में सेवायें दे रहे हैं और सरकारी अस्पताल में जिम्मेदारी से काम नहीं कर रहे उन्हें बस्तर भेज दिया जाना चाहिए ।

वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा जी ने पायनियर से चर्चा के दौरान कहा कि संवेदनशील अधिकारी ,कर्मचारियों को ही



मेडिकल कालेज या हास्पीटल का प्रबंधन देना चाहिए ! लापरवाही हो तो ऐसे लोगों को आजीवन वहां से हटा देना चाहिए फिर चाहे वह कोई भी हो।

छात्र युवा मंच से जुड़े अशोक तिवारी ने कहा कि ऑक्सीजन की कमी घोर लापरवाही वाली बात है और ऊपर से जिम्मेदार लोगों का गैर जिम्मेदार बयान तो और भी लापरवाही पूर्वक



लगता है, मतलब अस्पताल में भी आदमी सुरक्षित नहीं है। अस्पताल प्रबंधन खुद ही भगवान भरोसे बैठा है ऐसा प्रतीत होता है। गलती होती है तो उस गलती की जवाबदेहिता तय होनी चाहिए।

रुपये कमाने का लालच मरीजो की मौत से बढ़कर हो चला है। स्वास्थ्य सेवाओं में इस कदर लोलुपता और भ्रष्टाचार मनुष्यता के



विरुद्ध है, दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता अनुराग शान्ति तुरे ने आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

# कुम्हारी नगर में भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भिलाई प्रवास के क्रम में कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा के समीप ही भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष भैय्या अमित साहू जी का भव्य स्वागत किया गया । संक्षिप्त भेंट में युवा प्रदेश अध्यक्ष ने युवा भाजपाइयों से जनविरोधीनीतियों का निडरता से विरोध कर पार्टी के स्वर को मुखर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी, बैजू राम जी, अश्वनी देशलहरे, गिरीश सोनी, विकास सोनकर, गोविंद बघेल, डिकेश पटेल, सुजीत यादव, मनोज पटेल, विनय देवांगन, फिंगेश्वर साहू, हितेश गौर, नारायण सोनकर, संजय विश्वकर्मा, गौरव पटेल, आलोक दुबे, राहुल वर्मा, मिथलेश यादव, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, रघुनाथ देशमुख एवं अन्य कार्यकर्तागण सहित भारी संख्या में भाजपा समर्थक शामिल थे।

## पोंडी परीक्षेत्रीय साहू समाज युवा मंडल अध्यक्ष बने हरीश साहू

**कवर्धा।** जिला साहू समाज अध्यक्ष शीतल साहू जिला महामंत्री बलराम साहू जिला युवा



प्रकोष्ठ अध्यक्ष चोवा राम साहू साहू व तहसील साहू संघ कवर्धा अध्यक्ष माननीय गिरिवर साहू महामंत्री राम लाल, साहू,महामंत्री जयराम साहू के निर्देशन में तहसील साहू संघ कवर्धा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशवन साहू ,उपाध्यक्ष धनराज साहू तहसील साहू संघ कवर्धा मीडिया प्रभारी वेद साहू और समस्त पदाधिकारियों द्वारा पोंडी परिक्षेत्रीय साहू समाज युवा मंडल का अध्यक्ष हरीश साहू को बनाया गया ।वही हरीश साहू ने जिला साहू संघ कबीरधाम के समस्त गणमान्य पदाधिकारियों व तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों को पोंडी युवा मंडल साहू समाज के का अध्यक्ष बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## विकासखंड स्तरीय त्रि दिवसीय कला महोत्सव में विचक्षण जैन विद्यापीठ के प्रतिभावानों ने किया अभूतपूर्व प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पाटन में आयोजित त्रि दिवसीय विकासखंड स्तरीय कला महोत्सव प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यापीठ के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्रात कर संस्था का गौरव और सम्मान बढ़ाया। अक्षत जैन ने संगीत वादन में शास्त्रीय संगीत वादन किया। राशि जैन ने दृश्य कला त्रिआयामी पेंटिंग प्रतियोगिता में, नंदी का नायर ने शास्त्रीय संगीत गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त आयोजन में नौ विभिन्न प्रतियोगिता में 9 बालक एवं 9 बालिकाएं जिला स्तरीय प्रदर्शन दल के लिए चयनित हुए। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के लगभग140 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष सुरेश कांकरिया, महामंत्री प्रकाश चंद मालू सहित समस्त पदाधिकारियों, संस्था की निदेशक वी एस कल्पना, प्राचार्या नंदिनी चतुर्वेदी, उप प्राचार्या मिनी कुरूप सहित समस्त शिक्षक गण एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## संबलपुर में मितानिन हुईं सम्मानित



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम पंचायत संबलपुर बरबसपुर में सरपंच रूपेश साहू की पहल पर मितानिनों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से मितानिन दिवस पर आहूत सादगीपूर्ण समारोह में ग्राम स्तर में मितानिनों द्वारा किये जाने वाले स्वास्थ्य सेवाओं का उल्लेख करते हुए समस्त मितानिनों की सराहना की गई। इस मौके पर सरपंच ने ग्राम पंचायत की ओर से मितानिनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर सरपंच रूपेश साहू, सचिव मोती सागर, राही बाई, जोहतरिन बाई, जामुन बाई, गोपाल, नरेश, विक्की, राजित, हेमिन बाई, रामबती, गंगा बाई, रीना बाई, रोमिन बाई के अलावा भागीरथी, दयालूराम, लालाराम व कामेश सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मितानीन दिवस पर मितानिनों का सम्मान, रामपुर में 5 गांवों की 19 मितानिन सम्मानित



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत अंतर्गत रामपुर में मितानिन दिवस पर मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। रामपुर में आयोजित सम्मान समारोह में 5 गांवों की लगभग 19 मितानिनों को अतिथियों के द्वारा श्रीफल व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। अतिथियों द्वारा सम्बोधन में जनमानस में मितानिनों की सेवाभाव की सराहना की गई। जनपद सदस्य मनीष साहू के पहल पर मितानीन दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, निगम के पूर्व सभापति शिव वर्मा, जनपद सदस्य मनीष साहू, पार्षद गप्पू सोनकर राजनांदगांव शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में रामपुर, जंगलपुर, बनभेड़ी, चमाराय टोलागांव, मोहभट्ठा की मितानिन बहनों को अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नेऊरगाव में नेहरू युवा केंद्र ने किया कोरोना जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केंद्र कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा समन्वयक नेहरू युवा केंद्र के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड पंडरिया के ग्राम नेऊरगाव में जय महामाया नवयुवक मंडल नेऊरगाव के युवा मंडल के सहयोग से कोरोना जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नेऊरगाव के बाजार परिसर व गांव के बुजुर्गों और नागरिकों एवं युवा साथियों तथा महिलाओं को जागरूक करते हुए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक के द्वारा कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता के विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने आप को सुरक्षित रखने का जानकारी सभी लोगों को दिया। उन्होंने कहा जब तक दवाई नहीं तब तक कोई ढिलाई नहीं हमें 2 गज की दूरी का पालन करना होगा, मास्क का नियमित रूप से उपयोग करना चहिये, समय-समय पर साबुन से हाथ धोना चाहिए, संतुलित भोजन करें और दूसरों को जागरूक करें और स्वयं जागरूक रहें। उन्होंने एक-एक साबुन और होम मेड मास्क गांव के बुजुर्गों को व युवा साथियों को वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन कर रहे पुरुषोत्तम निर्मलकर राष्टीय स्वयंसेवक ब्लॉक पंडरिया ने युवा मंडल के साथियों के द्वारा नेऊरगाव के बाजार परिसर में सभी दुकानदारों को व बाजार परिसर में आए हुए सभी लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग पालन कराते हुए सभी लोगों को निःशुल्क होममेड मास्क का वितरण किया गया।

## क्विक न्यूज

### सेंट्रल जेल में कैदी मिला कोरोना संक्रमित, संपर्क में आये हुए लोगों की होगी जांच

**बिलासपुर।** केंद्रीय जेल में एक और कैदी के कोरोना पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है। इससे पहले भी एक बार ऐसे ही एक संक्रमित कैदी को जेल में रखने के बाद जेल सुरक्षाकर्मी से लेकर बड़ी संख्या में कैदी भी संक्रमित हुए थे।

इस बार बताया जा रहा है कि सीपत थाने में चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी को जेल दाखिल किया गया था। बाद में उसका रिपोर्ट पॉजिटिव आया। जिसके बाद आनन-फानन में उसे संभागीय कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया। इस बीच कैदी जिस जिस से भी संपर्क में आया है अब उन सब की कोरोना जांच की जाएगी ।

जेल में अधिक संख्या में कैदी होने और उनके संपर्क में जेल प्रहरी और अधिकारियों के भी आने से यहां संक्रमण तेजी से फैलने का खतरा रहता है। इससे पहले भी ऐसे ही मामले में दर्जनों लोग संक्रमित हो चुके हैं यही कारण है कि इस घटना के बाद से पूरे जेल में हड़कम्प की स्थिति है।

# श्रम विरोधी काला कानून एवं किसान विरोधी बिल के विरोध में इंटक का धरना

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष दीपक दुबे ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पास किये श्रम कानून,ट्रेड यूनियन कानून एवं किसान बिल जो श्रमिक किसान एवं मजदूर यूनियन के अहित में है जिसके विरोध में कछेरी चौक में विरोध कर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर जांजगीर के माध्यम राष्ट्रपति केंद्रीय श्रममंत्री मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ड्रा चौलेश्वर चंद्राकर ने धरना को संबोधित करते हुवे कहा कि लोकसभा में श्रम कानून संबंधी तीन विधेयक पास किया ये तीनों बिल प्रवासी और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की परिभाषा को बदल सकते हैं, जिसका हम श्रमिक नेता विरोध करते है। लोक सभा मे विपक्ष के नेताओ के विरोध बावजूद सरकार ने देश में श्रम कानून से जुड़े तीन महत्वपूर्ण बिल पास कराए असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए काम करने वालो के लिए यह मजदूर- विरोधी है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता शिशिर द्विवेदी ने कहा कि देश में आजादी से पहले की कानूनों को बदला जा रहा है और इन श्रम कानूनों को बदलकर श्रम संहिताओं में लाया जा रहा है। जिसमें देश में मजदूरों की स्थिति और ज्यादा दयनीय हो जाएगी उद्योगों उपक्रमो में काम के 8 घंटे के अधिकार को अब 12 घंटे में बदल दिया गया है। प्रोविडेंट फंड, ईएसआई और मजदूरों से कल्याण से जुड़े कानूनों को बदल दिया गया है। अब रोजगार के स्थाई प्रारूप को बदलकर सीमित समय के लिए काम दिया जाएगा जिससे नौजवानों का भविष्य बर्बाद होने वाला है वरिष्ठ कांग्रेसी श्री देवेश कुमार सिंह के कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मजदूरों के विरोध करने के अधिकार को भी खत्म कर दिया है यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार पर भी भारी भरकम जुर्माना लगाने और जेल भेजने तक के प्रावधान कर दिए हैं। जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी की तरफ धकेलने का ही काम करता है कांग्रेस जिला महामंत्री शत्रुघन दास महंत ने कहा कि इन विधेयकों के जरिए सरकार का इरादा श्रम सुरक्षा को खत्म करना है 44 श्रम कानून के बदले 4 लेबर कोडों की प्रक्रिया और सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। 50 वर्ष की आयु अथवा30 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले नियमित सरकारी कर्मचारियों की छंटनी व जबरन रिटायरमेंट पर रोक लगाई जाए जिला पंचायत प्रतिनिधि इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष कमल साव ने कहा मोदी सरकार ने रेल बीएसएनएल कोयला सहित 26 कंपनियों को निजीकरण किया जा रहा हैं। इंटक प्रदेश सचिव जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू ने कहा कि बस्तर नगर नार स्टिल प्लांट निजीकरण को रद्द करने की मांग करते हैं इस औद्योगिक इकाई बस्तर क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों रोजगार के अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्र में प्रस्तावित सार्वजनिक क्षेत्र के स्टील प्लांट का निजीकरण किया जाएगा केंद्र के फैसले से लाखों आदिवासियों की उम्मीदों टूट जाएंगी महिला इंटक प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सुनीता दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने एसईसीएल के निजीकरण के विरोध करते हुवे मांग करते हैं एसईसीएल के भुविस्थापित जो आज वर्षो से अपने हक रोजगार के लिए आंदोलन कर रहे हैं उनको अतिशीघ्र रोजगार दिया जाए कोरोना काल मे केंद्र सरकार द्वारा उद्योगों में कार्यरत श्रमिको मजदूरों को बंद के दरमियान वेतन देने की बात कही गई थी उनको आज तक वेतन नही मिला अतिशीघ्र वेतन देना सुनिश्चित की जाए अन्यथा विवस होकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अनिश्चित कालीन धरना आंदोलन करने की चेतावनी दिए धरना में आभार व्यक्त इंटक जिलाध्यक्ष मारुति उपाध्याय युवा इंटक जिलाध्यक्ष जनपद सभापति संजय रत्नाकर असंगठित इंटक जिलाध्यक्ष फडीन्द्र सिंह इंटक जिला उपाध्यक्ष मोहन दास महंत इंटक जिला महामंत्री ललित चौबे ठकेस्वर गभेल,मोरध्वज वैष्णव, तरुण कौशिक,खिलेश्वर कौशिक,संपत चंद्रा,फुलेश्वर चंद्रा,किशोर चन्द्र,रमेश साहू,नवधा लहरे सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन इंटक पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# पुलिस ने स्टाइगर किंग दद्दू सोनी का निकाला जुलूस

- **अपराधियों से खौफ ना खाने का दिया संदेश**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रतनपुर क्षेत्र में स्टाइगर किंग के नाम से कुख्यात दद्दू सोनी के गैंग की दहशत पूरे इलाके में है। खुटाघाट, राम टेकरी, कलमीटार दारु भट्ठी से लेकर मरहीमाता तक इसके लोग स्टाइगर के नाम पर जुआ खिलाते हुए लोगों को ठगते हैं इनके द्वारा मारपीट लूटपाट की घटना आम है,न जाने अब तक दद्दू सोनी के खिलाफ थाने में कितने मामले दर्ज है।

कुछ दिनों पहले हुए लूट के मामले में पुलिस को दद्दू सोनी की तलाश थी। 23 नवंबर को पचपेड़ी में रहने वाले चंद्रशेखर को भी जुए के खेल में फंसा कर दद्दू उर्फ यशवंत सोनी ने उससे ?4000 लूट लिए थे ।दद्दू सोनी का गैंग इसी तरह लोगों को जुआ के खेल में फसा लेता था। फिर हारने की स्थिति में उन से नकद रकम या मोबाइल घड़ी, पर्स, स्केडिट कार्ड आदि सामान लूट लेता था ।

लोग भी इस डर में शिकायत नहीं करते हैं कि वे खुद जुआ खेलने के आरोपी बन जाएंगे , इसी का फायदा यह गैंग उठाता रहा है। हालांकि पुलिस ने यशवंत सोनी को गुंडा लिस्ट में डाल कर कार्यवाही की थी लेकिन फिर भी गैंग की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही। यशवंत सोनी के ही साथी श्याम साथी को भी पुलिस ने एक मामले में 4 दिन पहले ही जेल भेजा है । अब हाई स्कूल के पास बनिया पारा में रहने वाले दद्दू सोनी को गिरफ्तार करने के साथ रतनपुर में मौजूद उसके खौफ को खत्म करने की सोच के साथ रतनपुर पुलिस ने रतनपुर थाने से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जुलूस निकालकर आम लोगों को संदेश दिया कि ऐसे अपराधियों से खौफ खाने की कोई आवश्यकता नहीं है । रतनपुर पुलिस चाहती तो दद्दू सोनी के मेडिकल के लिए उसे किसी वाहन पर भी ले जा सकती थी लेकिन पुलिस ने उसे पैदल अस्पताल तक ले जाकर आम लोगों को यह संदेश भी दिया कि कानून से बढ़कर कोई नहीं और दद्दू सोनी जैसे अपराधियों की हैसियत कानून के आगे कुछ भी नहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सम्मानित किया गया



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री के विकास योजनाओं को जमीन रूप में क्रियानवित करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति वशिउल्ला खान एवं ग्राम पंचायत बरदुली के सरपंच फारूका बेगम के द्वारा मितानिन सम्मान दिवस के अवसर पर समस्त मितानिन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को साड़ी, फ ल, गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया गया, जिसमें मितानिन प्रशिक्षिका सावित्री पटेल अमलीकापा सेकषन अमोरा, प्रषिक्षित श्रीमती लता विष्वकर्मा, सपना यादव, अंकिता चर्तुवेदी , सहिदा बेगम, रेणुका मसिह को भी साड़ी,फल, गुलदस्ता से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ग्राम उपसरपंच तुकलहिन निषाद , पंचगण मोहित माथुर, इंद्र कुमार यादव, अफसाना बेगम, राम सिंह यादव, चैत राम धुव सहित अन्य पंच गण उपस्थित रहे ।

# नेहरू युवा केन्द्र ने पथरिया में मनाया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा 26 नवम्बर को पथरिया ब्लॉक के नेशनल यूथ वालेंटियर अजय यादव ने जिला युवा समन्वयक राहुल सैनी के निर्देशानुसार पथरिया के वार्ड क्रमांक दो में युवाओं के साथ भारतीय संविधान दिवस मनाया जिसमें सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए उनके छायाचित्र में माल्यापर्ण किया गया ततपश्चात गिरिधर तिवारी ने बताया कि भारतीय संसदीय प्रणाली पर आधारित स्वतंत्र गणराज्य है जो उस संविधान के अनुरूप कार्य करता है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर सन 1949 को ग्रहण किया गया था और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ अजय यादव ने कहा कि हमारा भारतीय संविधान दो वर्ष ग्यारह माह अट्ठारह दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा राष्ट्र को समर्पित किया गया विश्व मे भारत का संविधान सबसे बड़ा लिखत संविधान है जो हमारे लिए गौरव की बात है वर्तमान समय मे कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार और जिला प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए सोशल डिस्टसिंग,मास्क का प्रयोग करते हुए भारतीय संविधान की उद्देशिका(प्रस्तावना) को पढ़ा गया शपथ दिलाई गई इस अवसर पर गिरिधर तिवारी,कुशाल यादव, अभिषेक केशरवानी, खुशाल जायसवाल, गुप्तेश्वर साहू, सत्यम यादव, कुबेर साहू, मयंक यादव, हनी यादव सहित अन्य युवा मौजूद रहे ।

# जोन के महप्रबंधकों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई

- **महाप्रबंधक सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संविधान दिवस की शपथ ली**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आज के दिन 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को स्वीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और वर्तमान इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा भारतीय रेलवे के अंतर्गत सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ÷संविधान दिवस÷ की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक, श्री गौतम बनर्जी, प्रमोद कुमार, अपर महाप्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्ष, तीनों रेल मंडलो सहित समस्त विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संविधान दिवस की शपथ ली। संविधान दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक, गौतम बनर्जी के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय में साइकिल रैली, बाइक रैली एवं स्काउट एवं गाइड रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

## निधन

### राजा-सुरेन्द्र पाठक



**मुंगेली।** बिनोवा भावे वार्ड निवासी राजा पाठक उर्फ सुरेन्द्र पाठक उम्र 64 वर्ष का निधन 25 नवम्बर बुधवार को प्रातः 10 बजे हो गया। वे राजकुमार बल्ला, संतोष व गुड्डू संजय पाठक के अग्रज थे। उनका अंतिम संस्कार वार्ड में स्थित मुक्तिधाम में दोपहर में सम्पन्न हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

### विधायक शैलेष पाण्डेय गौरी गौरा पूजा में शामिल हुए

**बिलासपुर।** शहर विधायक शैलेष पाण्डेय ने महाराणा प्रताप नगर नारियलकोठी दयालबंद वार्ड नँबर 40 मे गौरागौरी पूजन महोत्सव समिति द्वारा आयोजित समारोह मे भोलेनाथ, गौरी भैरवबाबा की परँपरागत पूजा अर्चना कर स्थानीय नागरिकों को बधाइयां दी एवँ उनकी स्थानीय समस्याओं के हल किये गये।

# जुए के फड़ में पुलिस की दबिश मौके से 9 जुआरी गिरफ्तार

**इसके अलावा 62 हजार 500 नगदी सहित ताशपत्ती जब्त**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

त्यौहार के दौरान रात 12.30 बजे रतनपुर टाउन में बाबा आटो सेंटर के सामने जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने रेड मारकर पकड़ा है, जिनके कब्जे से नगदी और ताशपत्ती को बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि जुआरियों का मेला लगा हुआ है और हार जीत पर दांव लगाए जा रहे है।

जिस पर थाने की टीम ने घेराबंदी कर जुआरीयों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया जिनके पास से 62500 रुपए और 52 पत्ती ताश, 01 चटाई जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए जुआरियों में राजू कश्यप पिता मनोहर लाल कश्यप 35 साल, सुरेश निर्मलकर पिता सहोरक निर्मलकर उम्र 30 साल, विजय कश्यप पिता रेवा राम कश्यप 35 साल, कमल गुप्ता पिता मुरीत गुप्ता 51 साल, सोनू उर्फ अजय पिता सौखी लाल यादव उम्र 30 साल, उत्तम सिंह पिता जगदेव सिंह उम्र 35 साल, संजय यादव पिता विजय यादव उम्र 28 साल, शुभम अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम अग्रवाल उम्र 22 साल, कपिल उर्फ भुषण कश्यप 28 साल सभी रतनपुर थाना क्षेत्र के निवासी है सभी पर मामले में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# खटाई में छपाई, 80 फीसदी बाजार ध्वस्त

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

सोशल डिस्टेंसिंग। संक्रमण का खतरा। सीमित संख्या में उपस्थिति की शर्तो से एक और बाजार 80 फ़ीसदी खत्म हो चुका है। यह बाजार है प्रिंटिंग प्रेस का, जहां की मशीनें बंद हैं। यह समय शादियों का है लेकिन ना तो ऑर्डर दिए जा रहे हैं ना ही छपाई हो रही है। ऑपरेटर खाली बैठे हैं तो प्रिंटिंग प्रेस मालिक इंतजार कर रहे हैं उस दिन का जब मार्च के पहले वाले दिन फिर से वापस लौटेंगे। शांत हैं वे मशीनें जो कभी नवंबर दिसंबर के महीनों में पूरी गति से चला करती थीं। खाली बैठे हैं वे ऑपरेटर जिन पर, समय पर शादी के कार्ड प्रिंट करके देने का बोझ होता था। इंतजार है प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को उनका, जो इन महीनों में शादी के सेम्पल कार्ड देखने, पसंद करने और प्रिंट कराने के आर्डर देने आने वाले हैं। अब सब कुछ शांत है। शादियों की तारीखें आ रही हैं, जा भी रही हैं लेकिन ना तो कार्ड पसंद किए जा रहे हैं ना प्रिंटिंग का काम हो रहा है। ऐसे में यह कारोबार और इससे जुड़े सभी सहयोगी बाजार पूरी तरह जमीन पर आ चुके हैं।

**80 प्रतिशत बाजार खत्म-** मार्च के बाद के महीनों में शादियों की तारीखें पास आती देख स्वास्थ्य मंत्रालय ने भीड़ से संक्रमण के खतरे की आशंका देख इस आयोजन पर सीमित संख्या में उपस्थिति की शर्त रख दी। पहला झटका यहीं से लगा। अनुमति के बंधन के बाद कार्ड प्रिंट करने वाली मशीनों पर ब्रेक लग गया। इस ब्रेक ने एक साथ कई कारोबार को झटका दिया। तेजी से जमीन पर आता बाजार अब 80 फ़ीसदी खत्म हो चुका है।

**सहायक कारोबार भी खत्म-** शादी कार्ड से जुड़े कारोबार के सभी सहायक कारोबार भी लॉकडाउन के घेरे में आ चुके हैं।



इसमे शादी कार्ड तैयार करने वाले उद्योग, कार्ड डिजाइनर कंपनियां, कार्ड के लिए पेपर बनाने वाली यूनिटें, इंक निर्माता कंपनियां, केमिकल बनाने वाली ईकाईयां और वे ऑपरेटर जो ऑर्डर के बाद शादी के कार्ड तैयार करने का काम करते हैं, इन सभी पर अब कोरोना का शिकंजा कस चुका है।

**करोड़ का बाजार लाख पर-** शहर में क्वालिटी के लिहाज से बेहतरीन कारोबार करने वाले लगभग दर्जन भर प्रिंटिंग प्रेस एक सीजन में औसतन एक करोड़ के आसपास का कारोबार करते रहे हैं। यह अब 20 लाख पर आ चुका है। इस झटके से यह कारोबार अब उबरने की राह तलाश रहा है लेकिन दूर तक यह दिखाई नहीं देती क्योंकि शादियों की तारीखें आ रही है, लेकिन ग्राहक नहीं आ रहे हैं।

**यह भी निकला हाथ से-** कोरोना ने ना केवल शादी कार्ड प्रिंट करने वाले कारोबार पर असर डाला है बल्कि इन्हीं महीनों में परीक्षाओं की तैयारियों पर भी गहरा असर डाला है। त्रैमासिक के बाद अर्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र प्रिंट कराने वाली स्कूलें भी दूर हो चुकी हैं क्योंकि स्कूलों में ताला लगा हुआ है। पढ़ाई और परीक्षाएं ऑनलाइन हो रही है। यह भी इस कारोबार को गति देते हैं लेकिन यह काम भी हाथ से निकल चुका है।

**दौर डिजिटल कार्ड का-** प्रिंटिंग बिजनेस पर कोरोना की छाया के बाद अब यह काम डिजिटल में बदला जा चुका है। इससे प्रिंटिंग का पूरा खर्च बच जा रहा है। शादियों पर होने वाले बेहिसाब खर्च पर रोक की दृष्टि से भले ही यह अच्छी मानी जा रही है लेकिन प्रिंटिंग बिजनेस से जुड़े हजारों परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट आ चुका है। प्रिंटिंग प्रेस संचालक काम तो कर रहे हैं लेकिन भविष्य अंधेरे में है।

> कोरोना संक्रमण के दौर में प्रिंटिंग बिजनेस लगभग खत्म होने की स्थिति में आ चुका है। शादियों पर गाईडलाईन के पालन के बाद शादी कार्ड की छपाई 80 फ़ीसदी खत्म हो चुकी है। जो 20 फ़ीसदी काम हो रहे हैं वह केवल नजदीकी रिश्तेदारों को निमंत्रण देने के लिए ही हैं। इसलिए फिलहाल इस पर ही ध्यान दिया जा रहा है।
>
> **-अनिल अग्रवाल,** संचालक अंकुर प्रिंटिंग प्रेस बिलासपुर

**कुपोषित बच्चों के घर-घर खाना पहुंचाएगी महिला एवं बाल विकास विभाग, समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिया था आदेश**

# एक दिसंबर से कुपोषित बच्चों को घर पर ही मिलेगा गर्म खाने का टिफिन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण काल में आंगनबाड़ी केंद्र बंद है। बच्चों को मिलने वाले भोजन का सूखा राशन उन्हें दिया जा रहा है पर आंगनबाड़ी केंद्रों के भोजन नहीं मिलने के कारण मध्यम स्तर के कुपोषित बच्चों के वजन में कमी आ रही है। वो सुपोषित न होकर कुपोषण की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए ऐसे बच्चों को टारगेट करते हुए जिले में अब एक दिसंबर से महिला एवं बाल विकास विभाग हर दिन गर्म खाने का टिफिन उनके घर तक पहुंचाएगी। जो बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं पहुंच पा रहे हैं उन्हें डिब्बे से भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश पिछले दिनों कलेक्टर भीम सिंह ने दिए थे।

जिले में एक अक्टूबर से आंगनबाड़ी भी खोले गए हैं यह केंद्र ऐसे गांव में खोले गए हैं जहां पर कोरोना संक्रमण नहीं है। हालांकि ज्यादातर परिवार कोरोना के खतरे के कारण बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं भेज रहे हैं। महिला बाल विकास के अधिकारियों का कहना है कि बच्चों को घरों तक कच्चा राशन दिया जा रहा था लेकिन कुपोषित बच्चों को पर्याप्त आहार नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं के जरिए बच्चों के लिए घर तक खाना पहुंचाएं और सुनिश्चित करें कि टिफिन का उपयोग बच्चे ही करें। इन टिफिन को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका बच्चोंके घरों तक पहुंचाएंगे। जिले में कुल 17,649 कुपोषित बच्चे हैं जिनमें मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 15,510 है, गंभीर कुपोषित बच्चे 2,139 हैं। अभी इन्हीं बच्चों को ही टिफिन में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। कुपोषित बच्चों को हफ्ते में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को गुड़ और गेहूं से बनी गर्म मीठा दलिया एवं बुधवार को एक-एक अंडा दिया जाता है। अंडा नहीं लेने वालों को केला दिया जाता है।

# संविधान दिवस के दिन संविधान बचाओ एनपीएस भगाओ का लिया संकल्प : तिवारी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में कार्यरत सभी एन पी एस कर्मचारियों ने दिनांक 26 नवंबर को संविधान दिवस के दिन संविधान बचाओ एन पी एस भगाओ का संकल्प लिया । इसके साथ ही साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया।

छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता सिंह, प्रेमलता शर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी, जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा अजय सिंह सिदार, शशि कला उरांव, इंदु यादव, भोलाशंकर साहू ,जयंत ठाकुर, जयंत क्षत्रीय, उदय सिंह सिदार, अमित पटेल, बिहारी लाल बरेठ,मधुसूदन कांस्यकार, श्याम सिदार, राधेश्याम चंद्रा,अलेख सारथी, भूपेंद्र पटेल, दिनेश गोंड, नवल-किशोर यादव आदि ने इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया । संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि एन पी एस भगाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा । इस अभियान को सभी साथी फेसबुक , ट्वीटर और व्हाट्स अप के माध्यम से शासन प्रशासन तक अपनी बातों को पहुंचा रहे हैं तथा एन पी एस से होने वाले नुक़सान को भी संचार के माध्यम से शासन प्रशासन तक रख रहे हैं।

# अरबों रूपए खर्च होने के बाद भी जोगीमुरिया के पहाड़ी कोरवा बदहाल

## राशन कार्ड और जॉब कार्ड से वंचित, 3 फीट ऊंचा लकड़ी का है मकान





पायनियर ग्राउंड रिपोर्ट

वाहिद खान ‹ जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गीधा से लगे जोगीमुरिया बस्ती में रह रहे कोरवा जनजाति के लोग चारों दिशाओं से घाने जंगल की बीच जिंदगी बसर कर रहे हैं। कोरवा जनजाति के लोग आज भी जंगल में आदिमानव के रूप में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मनोरा के आस्ता इलाके से कोसों दूर रह रहे पहाड़ी कोरवा परिवारों की जानकारी मिलने पर पायनियर की टीम इन परिवारों तक पहुंची और उनका हाल जाना जिसमें कई ऐसे चौंकाने वाले मामले सामने आए जिसमें सरकार के द्वारा पहाड़ी कोरवाओं के उत्थान के लिए खर्च किए गए करोड़ों-अरबों रुपए की पोल खुलती है।

### 3 फीट की गुफा में सहारा

यहां खुले आसमान के नीचे 3 फिट की लकड़ी से बने गुफा में एक दर्जन से अधिक कोरवा परिवार के लोग रह रहे हैं। विशेष रूप से बनाए गए लकड़ी की गुफाओं में तीर धनुष लिए जनजाति समुदाय के लोग 24 घंटे शिकार के लिए तैयार रहते हैं। उन्हें ठंड, व बारिश में बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समुदाय के लोगो का कहना है कि ठंड में शीत गुफाओं में घुस जाता है, बारिश के दिनों में गुफाओं के अन्दर पानी भर जाता है। जोगिमुरिया में रह रहे बच्चे बुजुर्ग पुरूष महिला भी है। कुछ दिनों से जशपुर जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही हैं। शहरी क्षेत्रों में खासकर कच्चे व पक्के मकान में रहने वाले लोगो को कड़ाके की ठंड लग रही है। इससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि लकड़ियों के गुफाओं में रह रहे कोरवा समुदाय के लोगो का हाल क्या होगा।

इसकी जानकारी आपके माध्यम से मिली है। जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। और उन्हें संसाधन मुहैया कराया जाएगा।

**महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

### राशन कार्ड से वंचित पहाड़ी कोरवा

उनसे मिलने के बाद यह पता चला कि 10 परिवार में दो का राशनकार्ड बना है। ग्राम पंचायत से लगे जोगिमुरिया के कोरवा जनजाति के समुदाय के लोगों में से कई सालों से 6 परिवार वालों का राशनकार्ड और जॉब कार्ड तक नही है। शासन प्रशासन को यह पता भी नही कि जोगिमुरिया के लोग कई दिनों तक लॉकडाउन में खाली पेट सोना पड़ा है।

### ये हैं राशन कार्ड से वंचित

जिनका राशनकार्ड नही है उनमें डेमलू कोरवा, रामा कोरवा, कमलेश कोरवा, राजकुमार कोरवा, जमनी कोरवाईन, फुलसाय कोरवा का नाम शामिल है।

## कोरोना मरीज ने की खदकुशी, एम्स अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**रायपुर।** एम्स अस्पताल के तीसरी मंजिल से एक मरीज ने कूदकर जान दे दी है। मृतक कोरोना सं मित था, जिसका उपचार एम्स अस्पताल के कोरोना वार्ड में चल रहा था। फिलहाल मामले की शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। घटना आमानाका थाना के एम्स अस्पताल की है। मृतक कोविड मरीज49 जांजगीर का रहने वाला था। बताया जा रहा हैं कि, कूछ दिनों पहले ही मृतक की तबीयत अचानक खराब हो गयी थी, जिसके बाद उसका कोरोना टेस्ट कराया गया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद मरीज को रायपुर के एम्स में 22 नवंबर को आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। हालांकि मरीज की स्थिती पहले से बेहतर हो गयी थी। साथ ही आज ही उसे ऑक्सीजन वार्ड से निकाला गया था। लेकिन आज अचानक से मरीज ने कोविड वार्ड के तीसरी मंजिल से कूदकर जान देने की कोशिश की। घटना के बाद मरीज को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां पर मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गयी है।




## सविधान दिवस के अवसर न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला न्यायालय, बलौदाबाजार के रिकार्ड रूम में रजनीश श्रीवास्तव, अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार एवं के.के. सूर्यवंशी, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन पर सुबह 11:00 बजे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त आयोजित शिविर में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार, वरिष्ठ अधिवक्त ा गणेश बाघमार, थानेश्वर वर्मा, बी.सी. कैवर्थ्य, नंदनी वर्मा पैलन अधिवक्त ा, कमलेश साहू, प्रतिधारक अधिवक्त ा, एवं पैरालीगल वॉलेटियर्स उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन पर कोविड -19 की गाईड लाईन का पालन करते हुए भारतीय सविधान के सवैधानिक



मूल्यों तथा मूल सिद्धांतो के संबंध में वार्ता/बेबीनार का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा ई-लान्च न्याय बंधु का शुभारंभ किया गया। विधिक जागरूकता शिविर आयोजन किये जाने के पूर्व के के सूर्यवंशी प्रभारी सचिव के द्वारा संविधान के प्रास्तावना का समुह वाचन किया गया तथा संविधान दिवस के अवसर पर मैलिक कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश बाघमार, थानेश्वर वर्मा, बी.सी. कैवर्थ्य, नंदनी वर्मा पैलन अधिवक्ता, कमलेश साहू, प्रतिधारक अधिवक्त ा के द्वारा भारत के संविधान दिवस के अवसर पर जानकारी प्रदाय किया गया। उपस्थित पैनल अधिवक्त ाओं, पैरालीगल वॉलेटियर्स एवं पक्षकारों को भारत के संविधान के खण्डता एवं उपदेश, संविधान के समान अधिकार के संबंध में जानकारी दिये तथा उपस्थित पैरालीगल वॉलेटियर्स, पैनल अधिवक्त ाओं को नालसा/सालसा के द्वारा संचालित योजनाओं को ग्रामीण/शहरी स्तर पर जाकर जानकारी पहूँचाये जाने में सहयोग करने की अपील किया। उक्त शिविर में पैनल अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश बाघमार, थानेश्वर वर्मा, बी.सी. कैवर्थ्य, नंदनी वर्मा पैलन अधिवक्ता, कमलेश साहू, प्रतिधारक अधिवक्ता, पैरालीगल वालिंटयर्स सुकदेव सेन, लखन बंजारे, सूरज बजाज, श्र निधि सोनी एवं तनुजा सेन आयोजित शिविर में सम्मिलित रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403